राष्ट्रीय दैनिक



# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 राजसमंद में गरजे कांग्रेस नेता सीपी जोशी बोले-आज मेरी.........


पूर्व जापानी पीएम की पत्नी से मिल कैमरे पर इमोशनल हुए....... 12

वर्ष : 13 | अंक : 51 | पटना, रविवार, 01 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के खिलाफ सबसे सफल अभियान : मोदी

प्रात :किरण

भोपाल/एजेंसी। ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा और सबसे सफल अभियान बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर बिना किसी का नाम लिए पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चुनौती देते हुए कहा कि अगर तुम गोली चलाओगे तो मान के चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। श्री मोदी यहां देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्मजयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान श्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण को राष्ट्रसुरक्षा से कई बार जोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है। सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक है। रामभक्ति में लगे हनुमान भी सिंदूर को ही धारण किए है। हम शक्ति पूजा में सिंदूर को अर्पण करते हैं। ये ही अब भारत के शौर्य का प्रतीक बन गया है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने भारतीयों का खून



ही नहीं बहाया, संस्कृति पर भी प्रहार किया। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की, सबसे बड़ी बात, आतंकवादियों ने नारीशक्ति को चुनौती दी, लेकिन यही चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल ऑपरेशन है, जहां पाक सेना ने सोचा भी नहीं था, वहां तक आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सैकड़ों किलोमीटर तक घुस कर उन्हें मिट्टी में मिलाया। ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कहा है कि आतंकवादियों के जरिए प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगा। घर में घुस कर मारेंगे और आतंकियों के मददगारों को भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत का एक-एक नागरिक और 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे तो मान के चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारीशक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है। सीमा सुरक्षा बल की इस पूरे अभियान में बड़ी भूमिका रही है। जम्मू से लेकर राजस्थान और गुजरात तक की सीमा पर बड़ी संख्या में बेटियों ने मोर्चा संभाला और सीमा पार गोलीबारी को मुंह तोड़ जवाब दिया। कमांड एंड कंट्रोल से लेकर दुश्मनों की चौकियां उड़ाने तक उन्होंने अद्भुत शौर्य दिखाया। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र रक्षा में भारत की बेटियों का सामर्थ्य दिख रहा है। इसके लिए भी बीते दशक में सरकार ने अनेक कदम उठाए। स्कूल से लेकर युद्ध के मैदान तक, देश बेटियों के शौर्य पर अभूतपूर्व भरोसा कर रहा है। सेना ने पहली बार अब सैनिक स्कूलों के दरवाजे बेटियों के लिए खोले हैं। 2014 से पहले एनसीसी में सिर्फ 25 प्रतिशत कैडेट बेटियां होती थीं, जो आज 50 प्रतिशत हैं। उन्होंने कहा कि कल के दिन देश में एक और इतिहास बना है। नेशनल डिफेंस एकैडमी में महिला कैडेट का पहला बैच पास आउट हुआ है। अब सेना, नौसेना और वायुसेना में बेटियां अग्रिम मोर्चे पर तैनात हो रही हैं। फाइटर प्लेन से लेकर आईएनएस विक्रांत तक महिलाएं जाबांजी दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका ताजा उदाहरण हमारे सामने नाविका सागर परियोजना के रूप में है। इसके तहत नौसेना की दो बेटियों ने करीब 250 दिनों की समुद्री यात्रा पूरी की और धरती का चक्कर लगाया। हजारों किमी की यात्रा ऐसी नाव से की, जो मोटर से नहीं, बल्कि हवा से चलती है। उन दो बेटियों ने हर मुसीबत को हराया है। इसने बता दिया है कि चुनौती कितनी भी बड़ी हो, भारत की बेटियां उस पर विजय पा सकती हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान हो या सीमापार आतंकवाद हो, हमारी बेटियां भारत की सुरक्षा की ढाल बन रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 20 दिल्ली में कोरोना वायरस से हुई पहली मौत की पुष्टि

नई दिल्ली। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को कोरोना से पहली मौत की पुष्टि हुई है। 60 वर्षीय मृतक महिला पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रही थी। कोरोना को लेकर लोगों के बीच में डर का माहौल पैदा कर दिया है। दिल्ली में कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। लेकिन, स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि वो हर प्रकार की परिस्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त कर ली गई है। राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली का नंबर आता है। केरल में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 430, महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली में 104 हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 मई तक 24 सक्रिय मामले थे। लेकिन, एक ही हफ्ते में 99 मामले और बढ़े, जबकि 24 मरीज अब तक रिकवर हुए हैं।

### आत्मबोध के बिना आत्मनिर्भरता संभव नहीं : अरुण

नई दिल्ली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने शनिवार को कहा कि आज जब वैश्विक प्रभाव बढ़ रहे हैं, आत्मबोध के बिना आत्मनिर्भरता संभव नहीं है। पंडित दीनदयाल का दर्शन इस दिशा में प्रकाश स्तंभ बन सकता है। एकात्म मानव दर्शन भारतीय चिंतन के आधार पर राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण विचारधारा है। सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन व्याख्यानों की 60वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय स्मृति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित किया।

### मुख्यमंत्री ने एनएमसीएच में राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का किया कार्यारंभ

# राज्य में यूनानी चिकित्सा पद्धति होगी मजूबत : नीतीश

## बोलें- लोगों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता



### 200 बेड के अस्पताल, 500 क्षमता का सभागार

इस परियोजना के अंतर्गत 200 बेड के अस्पताल, 500 क्षमता वाले सभागार, 400 क्षमता वाले बालक छात्रावास एवं 350 क्षमता वाले बालिका छात्रावास, औषधि निर्माण गृह तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मियों के लिए आवास का प्रावधान किया गया है। इस चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों का नामांकन 150 प्रतिवर्ष रखा गया है। निमाणाधीन सभी भवनों में भूकम्परोधी संरचना, सोलर लाईट तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की गयी है। महाविद्यालय एवं अस्पताल का भवन वातानुकूलित होगा। इस योजना के 30 माह में पूर्ण होने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि 22 नवंबर 2021 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का भ्रमण किया गया था। उस समय इसके भवन की स्थिति अच्छी नहीं थी। इसलिए मुख्यमंत्री द्वारा पटना में दूसरी जगह जमीन चिन्हित कर इसका विस्तार करते हुए नये एवं अच्छे भवन के निर्माण का निर्देश दिया गया था। इसके लिए नालन्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर के बगल में 10 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल को अपने पुराने परिसर से स्थानान्तरित कर नये भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा।

प्रात :किरण

पटना सीटी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 264 करोड़ रुपये की लागत से 200 बेड वाले राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर कायारंभ किया। राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण 10 एकड़ में किया जा रहा है। अधिकारियों ने मास्टर प्लान के माध्यम से मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य कराए जानेवाले विभिन्न भागों ब्वायज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी इंटर्न हॉस्टल, प्रिंसिपल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट आदि के निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कायारंभ के पश्चात परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से एवं अच्छे ढंग से कराएं। राज्य के हर नागरिक को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। बिहार की भूमि का यूनानी से हमेशा गहरा नाता रहा है, इसलिए राज्य सरकार यूनानी चिकित्सा पद्धति को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य के आम जन को आयुर्वेदिक, होमियोपैथी, यूनानी जैसी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

**प्राचीन चिकित्सा विधा में विश्व स्तर पर यूनानी का महत्वपूर्ण योगदान :**

प्राचीन चिकित्सा विधा में विश्व स्तर पर यूनानी का महत्वपूर्ण योगदान हैं। यूनानी चिकित्सा केवल रोग का उपचार नहीं करती बल्कि यह चिकित्सा पद्धति व्यक्ति की संपूर्ण प्रकृति-शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है। यूनानी चिकित्सा पद्धति न केवल उपचार देती है, बल्कि जीवनशैली, आहार, प्राकृतिक चिकित्सा और हकीमी दवाओं के माध्यम से व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने पर भी बल देती है।

**ये रहे मौजूद :**

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, पटना की महापौर सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लैंड फॉर जॉब मामला : लालू यादव की याचिका खारिज

### जमीन के बदले नौकरी घोटाले में राजद प्रमुख को दिल्ली हाईकोर्ट से लगा झटका

प्रात :किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने लालू की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज इस मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। यह मामला लालू यादव के 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन लेने के कथित घोटाले से जुड़ा है। अब इस मामले में 2 जून को निचली अदालत में आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू होगी। लालू प्रसाद यादव ने अपनी याचिका में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी और आरोपपत्र को रद्द करने की मांग की थी। उनके वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत आवश्यक मंजूरी के बिना जांच शुरू की, जो गैरकानूनी है। हालांकि, सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि उनके पास लालू यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद लालू यादव की याचिका को खारिज कर दिया और निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। यह घोटाला उस समय का है, जब लालू प्रसाद यादव यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि इस दौरान रेलवे के ग्रुप-डी पदों पर भर्तियों में अनियमितताएं की गईं। नौकरी के बदले उम्मीदवारों से जमीन ली गई, जो बाद में लालू यादव के परिवार या उनके करीबियों के नाम पर दर्ज की गई। सीबीआई ने इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव, बेटी मीसा भारती और कई अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय भी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू की जांच कर रहा है।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी मुकदमा चलाने के मंजूरी मिल चुकी :**

इससे पहले कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने 14 मई को दिल्ली की एक अदालत को बताया था कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर मुकदमा चलाने के मंजूरी मिल गई है। यह घोटाला उस समय हुआ था, जब लालू प्रसाद केंद्रीय रेल मंत्री थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 8 मई को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू पर मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। राष्ट्रपति ने सीआरपीसी की धारा 197(1) (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218) के तहत अनुमति प्रदान की थी।

### पहले दिन हवाई नुकसान झेलने के बाद रणनीति बदल कर पाकिस्तान के ठिकानों पर किये हमले...

# ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस बोलें, बिना नुकसान कोई युद्ध नहीं होता, हमने दिया करारा जवाब

प्रात :किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पहली बार एक इंटरव्यू में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के फाइटर जेट गिरने की बात मानी है। हालांकि, उन्होंने संख्या को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन उन्होंने कहा कि यह अहम नहीं है कि जेट गिरे, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि क्यों गिरे। उन्होंने यह भी कहा कि विमानों ने दो दिन बाद फिर से उड़ान भरी और बिना किसी नुकसान के पाकिस्तान के 300 किलोमीटर अंदर जैकबाबाद नूर खान एयरबेस और मुरीद जैसे ठिकानों पर हमला किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान इस समय सिंगापुर में शांगरी-ला वार्ता के लिए गए हैं। उन्होंने सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले और प्रतिनियुक्ति पर आए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत की। सीडीएस को भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आगामी वार्ता में भाग लेने वाले देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वह दुनिया भर के रक्षा मंत्रियों, सैन्य प्रमुखों, नीति निमाताओं और रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ साझा हितों के क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान सीडीएस ने अपनी वाताओं के दौरान पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के दृष्टिकोण से दुनिया को अवगत



कराया है। सीडीएस जनरल चौहान ने यूरोपीय संघ में शांगरी-ला वार्ता से इतर सुरक्षा एवं रक्षा के उप महासचिव चार्ल्स फ्राइज, फ्रांसीसी नौसेना के प्रमुख एडमिरल निकोलस वौजूर, ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल प्रमुख एडमिरल डेविड जॉनस्टन, यूनाइटेड किंगडम के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एडमिरल सर टोनी राडाकिन, न्यूजीलैंड के रक्षा बल प्रमुख एयर मार्शल टोनी डेविस, जापान के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशिदा योशिहिदे, यूएस इंडोपाकॉम के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे पापारो, ब्राजील सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल अगुईर फ्रेयर, नीदरलैंड्स के रक्षा प्रमुख जनरल ओन्नो ईशेल्सहेम के द्विपक्षीय वाताएँ करके सैन्य आदान-प्रदान कार्यक्रमों और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। चर्चा ऑपरेशन सिंदूर पर भी केंद्रित रही, जिसमें क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारत की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित किया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में भाग लेने के दौरान शनिवार को एक टीवी चैनल से बात की। उन्होंने इंटरव्यू में पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा कि संघर्ष के पहले दिन भारत को हवा में शुरूआती नुकसान हुआ, लेकिन उन्होंने ब्यौरा देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि ये नुकसान क्यों हुए और उसके बाद हमने क्या किया। उन्होंने कहा कि पहले दिन हवाई नुकसान झेलने के बाद हमने रणनीति बदल दी और तीन दिन बाद संघर्ष विराम की घोषणा करने से पहले एक निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने कहा कि हमने अपनी रणनीति में सुधार किया और 7, 8 और 10 मई को बिना किसी नुकसान के पाकिस्तान के 300 किलोमीटर अंदर जैकबाबाद नूरखान एयरबेस और मुरीद जैसे ठिकानों पर हमला किया। उनकी सभी हवाई सुरक्षा को बिना किसी रोक-टोक के भेदते हुए सटीक हमले किए। उन्होंने पाकिस्तान के इस दावे को बिल्कुल गलत बताया कि उसने छह भारतीय युद्धक विमानों को मार गिराया। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि भारत ने कितने विमान खो दिए।

# भारत के साथ खड़ा सिएरा लियोन, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता पर जोर

प्रात :किरण

फ्रीटाउन/नई दिल्ली/एजेंसी। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिएरा लियोन की सफल यात्रा पूरी की। इस दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद से लड़ने और विश्व शांति बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने की अपील की। सिएरा लियोन के उप राष्ट्रपति मोहम्मद जुल्देह जलोह ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भारत के साथ पश्चिम अफ्रीकी देश की एकजुटता की पुष्टि की। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। भारतीय उच्चायोग ने फ्रीटाउन में शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान सिएरा लियोन के उपराष्ट्रपति मोहम्मद जुल्देह जलोह ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की, मारे गए निर्दोष लोगों के लिए दुख जताया, और भारत के साथ एकजुटता की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल ने सिएरा लियोन के कई प्रमुख नेताओं से विस्तृत बैठकें कीं। इनमें संसद के अध्यक्ष, सांसद और विदेश मामलों की समिति, उप रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक और कार्यवाहक विदेश मंत्री शामिल थे। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और आपसी संबंध मजबूत करने पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को उजागर किया और बताया कि भारत किसी भी तरह के आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करता। उन्होंने यह भी जोर दिया कि इस खतरे से लड़ने के लिए सभी देशों को मिलकर एकजुट होना बहुत जरूरी है। भारत के उच्चायोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, सिएरा लियोन के उप रक्षा मंत्री मुआना ब्रिमा मासाक्वोई और विपक्ष के उप नेता डेनियल ब्रिमा कोरोमा ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की और भारत के रुख का मजबूती से समर्थन किया। मंत्री मासाक्वोई ने कहा कि अफ्रीकी देशों को तुरंत एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाने की जरूरत है, नहीं तो यह खतरा उनके देशों तक भी पहुंच सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया और पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि आतंकवाद से लड़ने के लिए सिएरा लियोन के उप राष्ट्रपति, संसद के सभापति, उप रक्षा मंत्री, कार्यवाहक विदेश मंत्री और अन्य बड़े नेताओं के साथ हुई चर्चा बहुत अच्छी और मददगार रही। शिंदे के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में कई प्रमुख नेता और अधिकारी शामिल थे। इनमें बंसुरी स्वराज, अतुल गर्ग, मनन कुमार मिश्रा, सस्मित पात्र, ई.टी. मोहम्मद बशीर, एस.एस. आहलूवालिया और पूर्व राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं।

# एनआईए ने जबरन वसूली में संलिप्तता के लिए तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

प्रात :किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने झारखंड में तीन नक्सलियों के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली में कथित रूप से शामिल होने के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को दाखिल पूरक आरोपपत्र में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा उर्फ सुनील कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर 2023 के भाकपा (माओवादी) साजिश मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि हांसदा प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का क्षेत्रीय समिति सदस्य था, कोरा उसके सशस्त्र कार्यकताओं में से एक था और महतो उसका विशेष क्षेत्र समिति सदस्य था। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कोरा बिहार का रहने वाला है, जबकि अन्य दो झारखंड के मूल निवासी हैं। बयान में कहा गया, ये तीनों प्रतिबंधित नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य पाए गए तथा झारखंड के गिरिडीह जिले के पारसनाथ क्षेत्र में वसूली, धमकी और जबरन भर्ती से जुड़ी इसकी बड़ी साजिश का हिस्सा थे। जनवरी 2023 में गिरिडीह जिले के डुमरी थाना अंतर्गत लुसियो वन क्षेत्र से कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के साथ उनकी भूमिका उजागर हुई। एनआईए ने कहा, स्थानीय पुलिस ने उसके पास से जबरन वसूली की रकम, 7.65 एमएम बोर की एक पिस्तौल और कई दस्तावेज बरामद किए थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भ्रामक विपणन रणनीतियों को समझने की आवश्यकताः नड्डा

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने युवाओं में तंबाकू के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को एक्स पर अपने संदेश में नड्डा ने कहा कि युवाओं में तंबाकू की लत लगने से पहले ही उसे रोकने के लिए समाज को एक साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम, तंबाकू के विज्ञापन का पदार्फाश करनाः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की चालों को उजागर करना, भ्रामक विपणन रणनीतियों को समझने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है जो हमारे युवाओं को जोखिम में डालती हैं। नड्डा ने सभी को तंबाकू निषेध में एकजुट होकर स्वस्थ, तंबाकू मुक्त भविष्य के लिए आगे आने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और मौतों पर लगाम लगाने के लिए इस दिन की शुरूआत की थी। पहली बार 31 मई 1988 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसके बाद से हर साल यह दिन वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि नीति-निर्माण को मजबूत करना, जनसहभागिता को बढ़ाना और युवाओं को इन उत्पादों से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करना है। स्वास्थ्यकर्मियों, नीति-निमाताओं, शिक्षकों और समुदायों के बीच सहयोग ही हमें एक तंबाकू-मुक्त भविष्य की ओर ले जा सकता है। हर साल तंबाकू से लगभग 80 लाख लोग मरते हैं। भारत में ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वेक्षण के अनुसार, 28.6 प्रतिशत वयस्क तंबाकू का किसी न किसी रूप में उपयोग करते हैं-चाहे वह धूम्रपान हो, चबाना हो, दांतों या मसूड़ों पर लगाना हो या सूंघना हो। लगभग 87 प्रतिशत रोजाना तंबाकू का सेवन करते हैं, जबकि 13 प्रतिशत कभी-कभार करते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# प्राचार्य, अधीक्षक, चिकित्सक के साथ पत्रकारों को भी कार्यक्रम स्थल पर जाने से रोका

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने प्रोटोकोल ऑफिसर को बुला लगाई क्लास, भाजपाइयों को भी रोका





प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी (आनंद केसरी)। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की जमीन पर राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ शनिवार को होना था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और स्वास्थ्य व विधि विभाग के मंत्री मंगल पांडेय व महापौर सीता साहू इसमें भाग ले रहे थे। मुख्यमंत्री का कारकेड अगमकुआं आरओबी से उतरने के बाद आयोजन स्थल पर पहुंचा। मगर इसके पूर्व आयोजन स्थल पर नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अस्पताल की अधीक्षक डॉप्रो रश्मि प्रसाद, अनेक चिकित्सकों को भी आयोजन स्थल पर जाने से रोक दिया गया। हालांकि बाद में पहला किए जाने के बाद प्राचार्य और अधीक्षक को केवल जाने दिया गया, जबकि चिकित्सकों को रोक दिया गया। यही नहीं, स्थिति तो यह रही कि जो पत्रकार आयोजन स्थल पर कवरेज करने के लिए आ रहे थे, ऐसे पत्रकारों और कैमरामैन को भी उत्तर की ओर काली मंदिर के पास, जबकि दक्षिण की ओर अगमकुआं आरओबी के नीचे रोक दिया गया। जो पत्रकार आयोजन स्थल तक पहुंचने में सफल रहे, उन सबों को आयोजन स्थल पर जाने ही नहीं दिया गया। जब इस बात की सूचना स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को मिली, तब उन्होंने प्रोटोकोल ऑफिसर को बुलाया और उनकी क्लास ली। उन्होंने कहा कि यह क्या बात है, जब कोई आयोजन हो रहा है, तो उसमें भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को भी रोका जा रहा है। चिकित्सकों को रोका जा रहा है। यहां तक की सरकारी कार्य का प्रचार-प्रसार करने वाले मीडिया कर्मियों को भी यहां तक नहीं आने दिया गया।

हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद उनका स्वागत किया गया। वह तुरंत ही हाथ में रिमोट लेकर कार्य आरंभ होने का शिलान्यास किए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बने नक्शा के आधार पर मुख्यमंत्री को बताने का काम किया। बमुश्किल पांच मिनट के बाद ही मुख्यमंत्री का कारकेड वापस लौट गया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी कुछ बोलते, इसके पूर्व ही गर्मी से बेहाल अपने वाहन में बैठकर प्रस्थान कर गए। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव साथ-साथ बाहर निकले।

उन्होंने मीडिया को अपनी बात बनने वाले तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के बारे में बताया। इसके बाद अधिकांश मीडिया कर्मी चले गए। इस बीच पुरोहित के द्वारा गणेश-लक्ष्मी, कलश आदि का पूजन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को जजमान के रूप में कराया। कलश विसर्जन का विधान भी कराया गया। इसके बाद वह यहां से प्रस्थान कर गए। इस बीच नालंदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉप्रो रश्मि प्रसाद, प्रशासन पदाधिकारी डॉ मुकुल कुमार सिंह, डॉ संतोष कुमार, अस्पताल प्रबंधक पिंकी कुमारी, महानगर भाजपा के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, रेडक्रॉस सोसाइटी के सिटी शाखा के अध्यक्ष गोविंद कानोडिया, संजीव कुमार यादव, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, स्मिता रानी, अविनाश पटेल, सुरेश सिंह पटेल, शशि बल्दिहार, कांति केसरी, फैयाज कामजी, बद्री गुप्ता, राजू मेहता, अवधेश मेहता, सुबोध साह, आदि मौजूद थे।

### कारकेड के पीछे का वाहन टर्निंग पर फंसा

पटना सिटी (प्राकि)। मुख्यमंत्री का कारकेड अगमकुआं आरओबी से होता हुआ उत्तरी फ्लैंक की ओर उतरा और यहां से बिल्कुल यू टर्न लेते हुए आयोजन स्थल के लिए घूमा। मगर उस कारकेड के पीछे रहे अन्य फोर व्हीलर यू टर्न लेने के दौरान फंस गया। वाहन के चालक को गाड़ी बैक कर फिर आगे कर दाहिने की ओर घूमना पड़ा। इस कारण से पीछे की गाड़ियां भी फंस गईं। दरअसल अगमकुआं आरओबी के पूरब और पश्चिम की ओर बिल्कुल बोतल के सुराही माफिक सड़क बनाया गया है। इस कारण से यू टर्न दाहिने या बाएं लेने के दौरान वाहन को मोड़ने में परेशानी होती है। मुख्यमंत्री के कारकेड में लग्जरी वाहन शामिल था।

## पटना साहिब स्टेशन के बुकिंग सुपरवाइजर पवन के निधन पर शोकसभा सह पौधारोपण

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता
पटना साहिब स्टेशन के बुकिंग सुपरवाइजर पवन कुमार सिंह की असामयिक निधन हो गया। इस अवसर पर उनकी आत्मा की सद्गति के लिए रेल कर्मचारियों द्वारा पटना साहिब स्टेशन पर प्रार्थना सभा का आयोजन शनिवार को किया गया।इसमें वरीय वाणिज्य मंडल प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को अपनी संवेदना प्रकट की। श्री अभिनव ने इस अवसर पर



प्रधानमंत्री के आह्वान एक पेड़ मां के नाम पर की तर्ज पर दिवंगत आत्मा की स्मृति में रेल परिसर में पौधरोपण भी किया।प्रार्थना सभा में पटना साहिब स्टेशन के साथ दानापुर मंडल के अनेक कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसमें स्टेशन मैनेजर उपेन्द्र कुमार, सीटीआई ज्ञानप्रकाश, कल्याण निरीक्षक राजेश गुप्ता, सीएचआई मृत्युंजय जयप्रकाश, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मृत्युंजय कुमार, संतोष कुमार सिंह, डीएन सिंह, रविन्द्र कुमार, कुमार विनोद, विनय कुमार, सीआरएस नितिन व्यास आदि शामिल हुए।

## बिक्रम नगर पंचायत : मुख्य पार्षद समेत पांच लोगों ने भरा नामांकन का पर्चा

➤ **बिक्रम नगर पंचायत के मुख्य पार्षद के लिए सुनीता देवी ने किया नामांकन दाखिल**

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रम : गोपाल विद्यार्थी` भूमि सुधार उप समाहर्ता सह निवार्ची पदाधिकारी पालीगंज के कार्यालय में बिक्रम नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया गया। विदित हो कि आगामी 5 जून तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। शनिवार को बिक्रम नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पद के लिए सुनीता देवी ने अपने समर्थकों के साथ निर्वाचन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता जनक कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

उक्त बाबत जानकारी देते हुए निर्वाचन पदाधिकारी जनक कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 28 मई से प्रारंभहै। शनिवार को नगर पंचायत बिक्रम के मुख्य पार्षद पद के लिए सुनीता देवी समेत पांच लोगों के द्वारा नामांकन किया गया, जानकारी के मुताबिक वार्ड पांच के सदस्य पद के लिए राजकुमारी देवी, वार्ड सात के सदस्य पद के लिए अनिल कुमार शर्मा एवं सूरज कुमार तथा वार्ड संख्या ग्यारह के सदस्य पद के लिए सुमंती देवी ने ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के बाद बिक्रम पहुंची मुख्य पार्षद प्रत्याशी सुनीता देवी का उत्साहित कार्यकताओं व समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। मुख्य पार्षद प्रत्याशी सुनीता देवी के नामांकन में समर्थकों की काफी भीड़ देखी गई

## कैंसर को मिटाने के लिए तंबाकू पर प्रतिबंध लगाना जरूरी

## गुटका और सिगरेट का पुतला बना कर जलाया सेवन नहीं करने का लिया गया संकल्प



प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। तंबाकू के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाए, तो आधा कैंसर के मरीज अपने आप कम हो जाएंगे। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि 10 से 19 वर्ष की आयु के पीढ़ी पढ़ने के उम्र में ही कैंसर जैसे बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। वहीं मानव का पुतला बनाकर उस पर सिगरेट, बीड़ी, गुटखा आदि टांग कर दहन करते हुए इसका सेवन नहीं करने का संकल्प लिया गया। यह सब विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैंसर विभाग के सह प्राध्यापक डॉप्रो अनिता कुमारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इका उद्घाटन नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉप्रो रश्मि प्रसाद एवं उपाधीक्षक डॉप्रो सरोज कुमार ने किया। प्राचार्य डॉ उषा कुमारी ने कहा कि हम सभी को दृढ़ संकल्प लेना होगा कि किसी भी हालत में तंबाकू को छोड़ना है। अधीक्षक डॉ रश्मि ने कहा कि हमें मरीज, उनके परिजनों छात्र-छात्राओं व युवाओं को जागरूक करना होगा कि वह सब तंबाकू का सेवन करना बंद करें। साथ ही वाहन चलाने वाले व मजदूरी करने वाले को भी जागरूक करना होगा। इस अभियान में विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष, चिकित्सक, नर्सिंग की छात्र-छात्राएं एवं परिचारिकाओं ने भाग लिया। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा ने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और इसके दुष्परिणामों के बारे में बताया। स्त्री व प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉप्रो दीप्ति राय ने कहा कि लड़कियों व वयस्क महिलाओं को तंबाकू से दूर रहना चाहिए। कारण कि आने वाला भविष्य उसी के हाथ में है। नशा मुक्ति केंद्र से जुड़े डॉप्रो संतोष कुमार ने भी अपनी बात रखी। डॉ अनिता कुमारी ने बताया कि सरकार द्वारा तंबाकू कंट्रोल प्रोग्राम के तहत हर साल लगभग 12 लाख कैंसर के मरीज हो रहे हैं। अगर इसके उत्पाद, बिक्री और सेवन पर रोक लगा दी जाए, तो लगभग आधे कैंसर के मरीज अपने आप काम हो जाएंगे। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि 10 से 19 वर्ष के बच्चे, वाहन चालक व मजदूरी करने वाले भी कम उम्र में ही कैंसर जैसी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। आयोजन में सहायक मेट्रोन अनुराधा शर्मा की भी खास भूमिका रही। दूसरी ओर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पंचवटी कॉलोनी बड़ी पटनदेवी की ओर से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर प्रभातफेरी निकाली गई। यह सेन्टर से निकाल कर पुरानी सिटीकोर्ट, पश्चिम दरवाजा, सादिकपुर, मीनाबाजार, महाराजगंज, चैली टाल, ईदगाह रोड होते हुए वापस सेंटर पहुंची। इसमें लोगों तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया। कहा गया कि राजयोग एक ऐसी कला है, जिससे हम अपने विचारों को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं, जो अनेक प्रकार के व्यसनों से मुक्त करने में मदद करती है। इसकी जानकारी पटना सिटी के इंचार्ज ब्रह्मकुमारी रानी दीदी ने दिया। इसमें डॉ नरेश चंद्र माथुर, प्रकाश भाई, मनीष भाई, निर्मला बहन, बबीता बहन, ज्योति बहन, रिचा बहन, अर्चना बहन आदि शामिल हुईं।

## अधिवक्ताओं के विरोध व जज इंचार्ज की मौजूदगी में दो को कोर्ट में किया पेश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। ।पटना सिटी सिविल कोर्ट में शनिवार की सुबह गहमा-गहमी के बीच दो अभियुक्तों ने कोर्ट में आत्मसर्पण कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार को यह मसला उठा था कि पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता संघ के नए भवन में अपराधी छिपे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए खुशरूपुर, आलमगंज सहित अन्य थाना की पुलिस और वरीय पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए थे। जमीनी विवाद को लेकर सड़क जाम करने के मामले में आरोपित ने पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अदालत में शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया। इधर पटना सिटी अधिवक्ता संख्या अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि क्योंकि मामला हाई प्रोफाइल हो गया था पुलिस के वरीय अधिकारी से लेकर दो-तीन थाना की पुलिस भी यहां आ चुकी थी इस कारण से या निर्णय लिया गया है कि दो जून को मध्यान 12 बजे संघ के कार्यकारिणी की बैठक इसी मुद्दे को लेकर आहट की गई है इसमें घटित घटनाक्रम पर विचार करते हुए निर्णय लिया जाएगा। इधर आरोपित खुसरूपुर थाना क्षेत्र के बाराहसनपुर गांव का रहने वाला पप्पू सिंह और प्रमोद सिंह हैं। मामला खुशरूपुर थाना कांड संख्या 194/2025 से संबंधित है। शुक्रवार को दोनों अभियुक्त कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के लिए पहुंचे थे। मगर देर होने के कारण वे सब कोर्ट में सरेंडर नहीं कर पाए थे। बाद में अभियुक्तगण अधिवक्ता के चैंबर में ही रात में रह गए थे। विरोधी गुट ने अभियुक्तों के कोर्ट परिसर में होने की सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद मामला तूल पकड़ लिया कि अपराधी कोर्ट परिसर में प्रवेश कर गए और छिपे हुए हैं। इसके बाद आलमगंज, खुसरूपुर थाना और एसटीएफ की टीम कोर्ट परिसर पहुंच गई। पुलिस इन अभियुक्तों को शुक्रवार की रात अधिवक्ता के चैंबर से निकालने में विफल रही। शनिवार की सुबह दो आरोपितों को न्यायालय में आत्मसमर्पण करा दिया गया। हालांकि इसके पूर्व सुबह में ही तीन थाना की पुलिस पहुंच चुकी थी।

## उर्स पर मांगी दुआएं, संगोष्ठी भी आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। सुल्तानगंज स्थित दरगाह शाह अरजा में आफताब शरीयत हजरत दीवान शाह अरजानी के 418वां उर्स मनाया गया। गद्दनशीं सैयद प्रो शाह हसीन अहमद की अध्यक्षता में संगोष्ठी भी हुई। इसमें विभिन्न शहरों से आए विद्वानों व उलेमाओं ने शोधपत्र पेश किया। वर्तमान सामाजिक स्थिति और सूफीवाद का सिद्धांत पर आयोजित संगोष्ठी में प्रो ख्वाजा एकराम, डॉ



जैन, रामीश, प्रो सरवर, शहाब जफर आजमी, एजाज अली अरशद, अबु जफर हाशमी, मोबिन कुरैशी, मशकूर मोईनी, डॉ मुहम्मद अहमद नईमी, अहमद जावेद, अरशद फिरोज, खानकाह एमादिया मंगल तालाब के सज्जादानशीं सैय्यद मौलाना मिसबाह उल हक एमादी, रेहान गनी, मौलाना अमानत हुसैन, मुफ्ती सना उल होदा कासमी, सूफी महताब आलम, मौलाना सबा उद्दीन सज्जादानशीन मोनिमया गयाजी सहित अन्य ने विचार रखे। कार्यक्रम में सूफी अवार्ड डॉ मुहम्मद अहमद नईमी को दिया गया। प्रवक्ता सैयद शाह सैयद शाह तनवीर अहमद ने बताया कि तीन सत्र में हुए कार्यक्रम का दुआ के साथ इसका समापन हो गया।

### रोटरी पाटलिपुत्र ने दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण व सुनने की मशीन दी



पटना सिटी। भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में रोटरी क्लब आफ पाटलिपुत्र के सौजन्य से 20 मरीजों को कृत्रिम उपकरण एवं 10 कान से कम सुनने वालों को मशीन प्रदान किया गया। इस अवसर पर रोटरी पाटलिपुत्र की की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति मोदी ने कहा कि यहां की सेवा उत्तम है और आशा करती हूं कि यह सेवा अनवरत चलता रहे। क्लब के सचिव श्री ऋषि जायसवाल ने कहा कि सच में यह पीड़ित दिव्यांगों के लिए मंदिर के समान है। अस्पताल के प्रबंध न्यासी विवेक माथुर ने कहा कि अस्पताल में आप सबों के सहयोग से ही यह सेवा प्रदान की जाती है। आशा है कि सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा। अस्पताल के न्यासी संजय डोलिया ने अतिथियों का स्वागत प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम एवं समापन राष्ट्रगान से हुआ।

### जेपी सेनानियों ने प्रशासन को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा, 5 को धरना

पटना सिटी। मांगों को लेकर जेपी सेनानियों का शिष्टमंडल पटना नगर निगम के महापौर, सिटी एसडीओ एवं पटना नगर निगम पटना सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी से अलग-अलग मुलाकात किया। इस दौरान उन्हें अपनी मांगों से संबंधित पांच सूत्री स्मार पत्र सौंपा गया। इसमें गांधी सरोवर (मंगल तालाब) स्थित लोकनायक उद्यान को पुनर्जीवित करने, चौकशिकारपुर आरओबी के नीचे पटना नगर निगम द्वारा नामित जेपी चौक पर शिलापट लगाने तथा उस स्थल पर लोकनायक की आदमकद मूर्ति लगाने, पांच अक्टूबर पटना सिटी स्टेशन के समीप हुए गोलीकांड के शहीदों के स्मृति में स्मृति पार्क बनाने तथा चौकशिकारपुर आरओबी का ह्य74 आंदोलन शहीद सेतु नामकरण करने की मांग की गई है। इस मांग की पूर्ति के लिए पांच जून को संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर जेपी चौक (नाला पर) सामूहिक धरना देने का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है।। शिष्टमंडल में समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिन्हा, महासचिव शंभू प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, डॉ एकबाल अहमद, रघुनाथ प्रसाद, सुनैना देवी, मेहर कुमार आजाद आदि शामिल थे।

### महिला उत्पीड़न के आरोप में बाप बेटा गिरफ्तार भेजे गए जेल

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के संघतपर मुहल्ले में पुलिस ने छापेमारी कर महिला उत्पीड़न के दो आरोपी बाप बेटा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उक्त संघतपर मुहल्ले निवासी द्वारिका यादव व उसके पुत्र सिकन्दर यादव बताया जाता है।जिस पर सिकंदर की पत्नी ने उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। पुलिस को लंबे समय से अभियुक्त की तलाश थी।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की है।कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है।

### शराब पीकर हंगामा करते शराबी गिरफ्तार

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र अंतर्गत कपूरी चौक के पास से शुक्रवार की संध्या शराब पीकर हो हल्ला कर रहे एक व्यक्ति को गुप्त सूचना पर मसौढ़ी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया।थाना अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भगवानगंज थाना क्षेत्र के चिथौल गांव निवासी कपिल राम के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में किया गया है। जिसका मेडिकल जांच कराने पर डॉक्टर ने शराब पीने की पुष्टि किया। उसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

मसौढ़ी !थाने की पुलिस ने एक लड़की अपहरण कांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव के रहने वाला है।बताया गया है कि करीब एक चार साल पूर्व गांव के ही एक नाबालिग लड़की का अपहरण हो जाने का मामला सामने आया था।मामले में अपहृता के पिता के बयान पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लड़की बरामदगी की ओर कार्रवाई शुरू की गई थी।थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।लड़की का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है।

### सेविका के साथ गाली-गलौज, प्राथमिकी दर्ज

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के लखनौर बिदौली पंचायत के खरोंज स्थित गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र सेविका के साथ उसी गांव के युवक ने गाली-गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए,आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे के लिए रखे खाद सामग्री को फेक दिया।जानकारी के मुताबिक भगवानगंज थाना क्षेत्र के खरोज गांव निवासी ओमप्रकाश की पत्नी पुष्पलता कुमारी उसी गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र पर सेविका के रुप में पदस्थापित है।शुक्रवार की दोपहर आंगनबाड़ी केन्द्र पर राशन वितरण।थी,उसी समय उसी गांव के बिट्टू कुमार वहां पहुंच गए। आंगनबाडी केंद्र पहुंचते ही उन्होंने सेविका को गाली देना शुरू कर दिया और परिवार को जान मारने की धमकी देने लगा।विरोध करने पर राशन को फेंक दिया।और केन्द्र से बच्चों को भी भगा दिया गया।इस मामले में सेविका के पति ओमप्रकाश के बयान पर थाने में आवेदन बिट्टू कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खुशरूपुर में नगर पंचायत को ले भरा परचा

पटना सिटी (प्राकि)। अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को भी नगर पंचायत खुशरूपुर के दस वार्ड के लिए पार्षद, मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद के चुनाव के नामांकन प्रक्रिया जारी रहा। दो लोगों ने नामंकान का परचा दाखिल किया। एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी सत्यम सहाय ने बताया कि वार्ड संख्या सात में पार्षद के लिए संजीव कुमार और मुख्य पार्षद के लिए प्रमोद कुमार निराला ने नामांकन भरा है। नामांकन पांच जून तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खुशरूपुर रवि कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी गंगा सागर सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी इंदुबाला, मंजू कुमारी आदि उपस्थित थे।

### कोविड के 20 मरीजों के सैंपल की जांच मे दो पोजिटिव

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शनिवार को कोविड के 20 मरीजों के सैंपल की जांच की गई।इसमें दो मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव पाया गया है। राजेंद्रनगर की 30 वर्ष की महिला एवं अगमकुआं का 22 वर्ष का युवक है। दोनों मेडिसिन विभाग में इलाज कराने आए थे। डॉक्टर ने होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी है। अस्पताल के कोविड वार्ड में अभी मरीज भर्ती नहीं है।

### महिला कॉग्रेस जिलाअध्यक्ष ने माई बहिन सम्मान योजना की विस्तार से जानकारी दी

गया।माई बहिन सम्मान मान योजना से संबंधित जानकारी को जनता के बीच लाने के लिए गया जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार एवं महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ पिंकी कुमारी संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन दिनांक 30 मई 2025 को 4 बजे शाम में राजेन्द्र आश्रम कार्यालय मे किया गया,कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के सर्वमान्य नेता जननायक राहुल गांधी ने देश के सभी लोगों को जो वादा कर रहे हैं वह उसकी गारंटी दे रहे हैं।उसी के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# कोरोना संक्रमित मरीज को भर्ती कर इलाज को एनएमसीएच तैयार नहीं

## 31 तक नए प्री फेब्रिकेटेड में बेड से लेकर ओटी की व्यवस्था नहीं

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी (आनंद केसरी)
नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोविड के नए वेरिएंट से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए 26 मई को विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ बैठक हुई थी। इसमें निर्णय लिया गया था कि स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के द्वारा सौ बेड के प्री फेब्रिकेटेड वार्ड का उद्घाटन किया गया है, उसी को कोरोना संक्रमित मरीज के इलाज के लिए उपयोग में लाया जाए। यहां पर 22 बेड का मॉनिटर की सुविधा भी है। सामान आदि की आपूर्ति के लिए बीएमएसआईसीएल के डीजीएम से बात भी हो गई थी। यहां बिजली का संबंधन भी लिया जा चुका है, मगर अलग से बिजली का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। बैठक के बाद नालंदा







मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी, अधीक्षक डॉप्रो रश्मि प्रसाद, उपाधीक्षक डॉप्रो सरोज कुमार, मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा, एनेस्थीसिया के विभागाध्यक्ष डॉ बिजाय कुमार सहित अन्य चिकित्सकों के साथ डेडीकेटेड कोविड वार्ड बनाने वाले स्थान का निरीक्षण किया गया था। इसमें बेड को ढंग से लगाए जाने, मच्छरदानी की व्यवस्था करने, शौचालय, वॉश बेसिन, पीने को ठंडा व गर्म पानी की व्यवस्था करने की बात हुई थी। साथ ही प्रथम मंजिल पर चढ़ने के साथ ही दाहिने ओर ऑपरेशन थिएटर बनाने की बात कही गई थी, ताकि कोरोना संक्रमित महिला, जो प्रसव के लिए आएंगी, उसे या फिर कोरोना संक्रमित अन्य ऑपरेशन के लिए आने वाले मरीजों का शल्य क्रियाकिया जा सकेगा। इन सभी कार्यों को 31 मई तक पूरा कर लेने की बात कही गई थी। मगर यहां शनिवार की शाम तक किसी तरह का कोई काम नहीं हो पाया था। हां दो लिफ्ट लगाने का काम जरूर चल रहा था। स्थिति यह है कि नालंदा मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जांच कराने आए मरीजों में से अब तक छह का कोरोना संक्रमित रिपोर्ट आ चुका है, मगर सबों को होम आइसोलेशन की सलाह दी गई है। इसके पीछे कारण यह है कि यहां डेडीकेटेड कोरोना वार्ड अब तक तैयार ही नहीं हो पाया है। इस संबंध में अधीक्षक डॉप्रो रश्मि प्रसाद बीएमआईसीएल के अधिकारी से शुक्रवार को बात भी की, मगर उनके द्वारा बताया गया कि तिब्बी कॉलेज के कार्य शुभारंभ मुख्यमंत्री के द्वारा 31 मई को किया जाना है। इसके बाद ही वह डेडीकेटेड कोरोना वार्ड के लिए जो भी सलाह दिया जाएगा, उस अनुसार काम कर दिया जाएगा। यानी तय है कि अभी उसमें आठ से 10 दिन और समय लगेगा। फिलहाल यहां कोरोना पॉजिटिव मरीज जो आएंगे, उन्हें होम आइसोलेशन की सलाह देने के साथ ही उन्हें दवा आदि लिख दिया जाएगा और जरूरी एहतियात बरते जाने की सलाह भी दी जाएगी।

## 15 दिनों में 722 सामान्य चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया होगी पूर्ण

# 228 विशेषज्ञ चिकित्सकों को स्वास्थ्य मंत्री ने सौंपा नियुक्तिपत्र

● 8,500 सामान्य और विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहाली की प्रक्रिया भी जारी

प्रात :किरण संवाददाता



पटना।स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चयनित 228 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास बिहार के प्रत्येक नागरिक तक सुगम, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के इस मिशन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में आधारभूत ढांचों के विकास से लेकर मानव संसाधन की मजबूती तक निरंतर कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग राज्य के हर नागरिक तक उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए संकल्पित है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों में 30 ऑर्थोपेडिक सर्जन, 27 जनरल सर्जन, 17 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 25 मेडिसिन विशेषज्ञ (एमडी), 38 बाल रोग विशेषज्ञ, 55 स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, 13 ईएनटी सर्जन, 12 मनोरोग विशेषज्ञ, 3 त्वचा रोग विशेषज्ञ, 8 एनेस्थेटिस्ट आदि शामिल हैं।

श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 41,000 पदों पर नियुक्तियों का विज्ञापन जारी किया गया है। इन पदों में विभिन्न श्रेणियों के स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। इसमें विशेष रूप से 8,500 सामान्य और विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहाली प्रक्रिया भी जारी है। इन सभी नियुक्तियों को आगामी तीन महीनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत अगले 15 दिनों में 722 सामान्य चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके साथ ही अस्पतालों में पैथोलॉजी सेवाओं को और अधिक उन्नत और सुलभ बनाया जा रहा है, जिससे मरीजों को बेहतर जांच और उपचार की सुविधा मिल सके।

श्री पांडेय ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पिछले पांच दिनों में राज्य में 17 लाख से अधिक आयुष्मान और वय वंदना कार्ड बनाए गए हैं। अब तक कुल 3.96 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं और यह आंकड़ा शीघ्र ही 4 करोड़ को पार कर जाएगा। राज्य में 1.79 करोड़ परिवारों को इस योजना के तहत कवर किया जाना है, जिनमें से अब तक 1.62 करोड़ परिवारों को शामिल किया जा चुका है। वहीं राज्य में तकनीक आधारित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आज नियुक्त किए गए चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र के साथ-साथ लैपटॉप भी प्रदान किए गए हैं, ताकि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकें। यह पहल बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने, तकनीक से जोड़ने और आम जनता को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस अवसर पर प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, श्री मनोज कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, सुहर्ष भगत, कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, आदित्य प्रकाश, अपर सचिव, स्वास्थ्य, श्रीमती अनुपमा सिंह, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, श्री अमिताभ सिंह, माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉ. प्रमोद कुमार, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# नाई समाज के उत्थान के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध : दिलीप

## पटना में 12 जुलाई को मनाया जाएगा जननायक कर्पूरी ठाकुर नाई सम्मेलन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में शनिवार को सामाजिक संपर्क अभियान के अंतर्गत नाई समाज की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में नाई समाज के लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में एनडीए का समर्थन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा सभी जातियों, वर्गों और विभिन्न धर्मों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है। भाजपा का मूलमंत्र ही सबका साथ, सबका विकास है। उन्होंने नाई समाज के लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि नाई समाज के उत्थान के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने याद कराते हुए कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर के नाम पर बिहार में राजनीति खूब हुई, लेकिन इन्हें अब तक जिस सम्मान के वे हकदार थे, वह नहीं दिया गया। जब केंद्र में एनडीए की सरकार आई, तब इन्हें भारत रत्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नाई समाज के हित में केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा हुई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि सरकार नाई समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास को लेकर पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने कहा कि आज जो भी विकास कार्यक्रम चल रहे हैं, वह सभी को मिल रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि एनडीए विकास को लेकर समर्पित है। इस सरकार का उद्देश्य बिहार को विकसित बनाना है। इस बैठक में पूरे प्रदेश में भारत रत्न कपूरी ठाकुर नाई सम्मेलन मनाने का निर्णय लिया गया। 12 जुलाई को पटना में भव्य तरीके से नाई सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जबकि 7 जून को गया में, 11 जून को मधुबनी में, 12 जून को दरभंगा में, 14 जून को नवादा में, 19 जून को जहानाबाऔर अरवल में, 28 जून को जमुई और लखीसराय में, 21 जून को शेखपुरा में, 26 जून को सहरसा में नाई सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, भाजपा प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता सहित प्रदेश के कई अधिकारी और बड़ी संख्या में नाई समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को मिले बेहतर उपचार : कांग्रेस

## दोषियों को कड़ी सजा मिले, मामले को रफा दफा करने की कोशिश



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जब मुझे इस बात की जानकारी हुई कि मुजफ्फरपुर के कुढ़नी की दुष्कर्म पीड़िता 9 साल की दलित बच्ची को 5 घंटों से एंबुलेंस में बेड के लिए इंतजार करना पड़ रहा है जिससे उसकी और तबियत बिगड़ रही है तो मैं स्वयं पीएमसीएच पहुंचा। पीएमसीएच में बेड के लिए मुझे खुद घंटों प्रयास करना पड़ा और सक्षम अधिकारियों से गुहार के बाद पीएमसीएच में बेड मिला। दुष्कर्म पीड़िता दलित बच्ची के ससमय मेडिकल बुलेटिन जारी हो जिससे उसके स्वास्थ्य की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिलती रहे। साथ ही आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो। जनता दल यूनाइटेड और भाजपा की सरकार ने चप्पे चप्पे को अपराधियों के हवाले कर दिया है। दलितों और पीड़ितों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी में नौ वर्षीय दलित बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाता सम्मेलन को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉ शरवत जहां फातिमा एवं विधायक प्रतिमा कुमारी दास ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में कुढनी प्रखंड में 9 साल की दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। यह घटना हैवानियत की हद है, लड़की के गर्दन को चाकू से रेत दिया गया और फिर उसे ईंट भट्ठे के गड्ढे में फेंक दिया गया है। लड़की के शरीर पर 20 जगहों पर चाकू के जख्म के निशान मिले हैं। बच्ची का गला रेत कर उसकी हत्या का प्रयास किया गया है। स्पीडी ट्रायल चला कर उसे सजा दिलवाई जाएं।महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत फातिमा अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया की पीड़ित बच्ची की हालात बहुत नाजुक है और सही इलाज न मिलने पर उन की जान पर बन आई है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष फातिमा ने आगे बताया कि ये घटना 26 तारीख की है लेकिन सरकार व प्रशासनिक बेरुखी की वजह से बच्ची की हालात खतरे में है। उन्होंने सरकार से मांग की बेहतर इलाज के लिए एयर लिफ्ट कर दिल्ली एम्स ले जाया जाये लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने पहले पटना एम्स ले जाने की बात कही फिर बाद में वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के चलते पीड़िता को पीएमसीएच में भेजने की तैयारी की और मामले को रफा दफा करने की कोशिश की जा रही है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे विधायक प्रतिमा कुमारी दास, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, महिला कांग्रेस की इंचार्ज विनीता, प्रवीण सिंह कुशवाहा, सौरभ सिन्हा मौजूद थे।

# बड़ी संख्या में युवाओं ने जदयू का थामा दामन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय स्थित कपूर्री सभागार में आयोजित मिलन समारोह में बड़ी संख्या में युवाओं ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने सभी युवाओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, प्रकोष्ठों के प्रभारी प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी, व्यवसायी एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार, मुकेश जैन,आसिफ कमाल, गणेश कानु, अरविन्द निराला सिंदूरिया, नागिना चैरसिया, उमेश चैरसिया, दीपक चैहान, बेबी कुमारी मंडल, बबलू कुमार सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर ललन सर्राफ ने नए सदस्यों का जद यू परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र और बिहार में एनडीए की डबल इंजन सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास का सबसे सुनहरा दौर लेकर आई है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला साबित होगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से मिशन 225 को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में कानून का राज स्थापित कर बहन-बेटियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की है। यह सर्वविदित है कि 2005 से पूर्व राज्य में व्याप्त जंगलराज के कारण महिलाएँ भय के वातावरण में जीवन व्यतीत करने को मजबूर थीं। नीतीश कुमार ने बिहार को कुशासन से मुक्त कर सुशासन की दिशा में एक स्थायी वातावरण तैयार किया है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से गौरव कुमार, कुंदन कुमार, सोनू कुमार, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार, देवीलाल, रंजन कुमार, राजा यादव सहित कई लोग थे।

# मेट्रो परियोजना पटना की जनता का सपना : जिवेश

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार की राजधानी पटना में बहुत जल्द लोगों मेट्रो से सफर कर पाएंगे। जल्दी पटना में मेट्रो दौड़ने वाली है और इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। पटना में लंबे समय से मेट्रो का काम चल रहा है, जिसका एक फेज लगभग पूरा भी हो चुका है और अब इसके उद्घाटन की तैयारी चल रही है। मेट्रो शुरू होने जाने से जाम की समस्या से काफी निजात मिलेगा। पटना में मेट्रो परियोजना अपने अंतिम चरण में है। शनिवार को राज्य के मंत्री जिवेश मिश्रा ने पटना मेट्रो के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने घोषणा की कि पटना मेट्रो 15 अगस्त 2025 से आम जनता के लिए शुरू हो जाएगी। मेट्रो के शुरू होने से लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है मंत्री जिवेश मिश्रा ने बताया कि मेट्रो डिपो का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अगले एक महीने में डिपो में ट्रायल ऑपरेशन (टॉम) शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही, मेट्रो के डिब्बे भी जल्द ही पटना पहुंचने वाले हैं। उन्होंने कहा, पटना मेट्रो शहर की यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगी। हम तय समय पर इस परियोजना को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कितना होगा किराया ?पटना मेट्रो के शुरू होने से शहरवासियों को जाम से राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम और तेज होगा। साथ ही किराए की बात की जाए तो जानकारी के अनुसार है, 10 रुपये से लेकर 60 रुपये तक किराया प्रस्तावित है।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा के साथ मनी अहिल्याबाई की जयंती

## उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास कर रही भाजपा : दिलीप



प्रात :किरण संवाददाता

पटना बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित अन्य नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि सेवा और सनातन मूल्यों की प्रतीक रानी अहिल्याबाई का जीवन हमें राष्ट्र, धर्म और समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि उनकी जीवनी से सभी को सीख लेनी चाहिए। उनकी न्यायप्रियता और लोक कल्याणकारी नीतियों के कारण उन्हें लोकमाता के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि आज अहिल्याबाई की जीवनी को आत्मसात करने की जरूरत है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में एक महान और प्रेरणादायक शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने कुशल शासन और परोपकारी कार्यों से लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई को एक यशस्वी महारानी, लोक सेविका और लोक नेता के रूप में याद किया जाता है। उनका जन्म तब हुआ था, जब महिलाओं के लिए शिक्षा प्राप्त करना भी आसान नहीं था। लेकिन तत्कालीन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने राज्य के शासन को संभाला। साथ ही धार्मिक एवं सामाजिक सुधारों के कार्यों को भी आगे बढ़ाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनके शौर्य और कृत्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास भाजपा लगातार कर रही है।

# बिहार की तरक्की और समृद्धि के लिए समर्पित हैं नीतीश कुमार : सर्राफ

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय के कपूर्री सभागार में पटना ग्रामीण एवं पटना महानगर के जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ ने अपने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार की प्रगति, सुशासन और समृद्धि के लिए पूर्णतः समर्पित हैं। वे केवल वर्तमान नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर भी निरंतर सजग एवं प्रतिबद्ध रहते हैं। उन्होंने बूथ जीतो, चुनाव जीतो का संकल्प दोहराते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर वार्ड के प्रत्येक बूथ पर विशेष अभियान चलाकर नीतीश सरकार की जनहितकारी नीतियों एवं विकास कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे नेता पूरा बिहार हमारा परिवार की भावना से राजनीति करते हैं, वहीं उनका मुकाबला उन लोगों से है जिनकी राजनीति केवल परिवार से शुरू होकर परिवार तक सिमट जाती है। सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी ने कहा कि जदयू के व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ से जुड़े प्रत्येक सदस्य का यह कर्तव्य है कि वे आमजन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक पहलों की जानकारी पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब हम सभी समर्पण और एकजुटता के साथ घर-घर तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य करें। प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने व्यावसायिक वर्ग के उत्थान और कल्याण हेतु अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिससे समाज में उनकी गहरी और सशक्त छवि बनी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव निकट हैं, ऐसे में संगठन को और अधिक मजबूती देने के लिए प्रत्येक बूथ पर व्यवसायी एवं उद्योग प्रकोष्ठ की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने प्रकोष्ठों के बीच समन्वय बनाकर काम करने पर भी विशेष जोर दिया। इस अवसर पर व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार,मुकेश जैन, अरविंद निराला सिंदुरिया, पटना महानगर के जिलाध्यक्ष आसिफ कमाल, गणेश कानू, नगीना चैरसिया, बेबी मंडल, प्रदीप गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, राजेश गुप्ता एवं सुजीत पाठक, अनिल साहू, प्रमोद गुप्ता, शशिकांत गुप्ता भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## साहित्य सम्मेलन में आरम्भ होगी कथयामि कथा श्रृंखला

पटना। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन जून माह से कथयामि कथा शीर्षक से एकल कथा पाठ तथा मैं और मेरी कविता शीर्षक से एकल काव्य-पाठ की दो ऋंखलाएँ आरंभ करने जा रहा है। श्रृंखला की अलग-अलग कड़ियों में अलग-अलग कथाकार और कविगण, प्रबुद्ध श्रोताओं और समालोचकों के समक्ष अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। पूर्व से निर्धारित समालोचकगण पाठ के तत्काल बाद अपनी समालोचना प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी देते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने बताया है कि इन दोनों ऋंखलाओं का उद्देश्य रचनात्मक-साहित्य में सृजनरत हिन्दी-सेवियों को अवसर प्रदान करना तथा उनका सम्यक मूल्यांकन है। इस माध्यम से सुधी श्रोताओं को एक साथ मनीषी रचनाकारों को सुनने तथा उनकी रचनाओं पर प्रतिक्रियाएँ जानने का भी अवसर प्राप्त होगा। सम्मेलन के साहित्यमंत्री और सुप्रसिद्ध साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी को पूरी योजना को कार्यान्वित करने का दायित्व सौंपा गया है।

# सत्ता की मलाई खा रहे नेता भूल गए हैं बाबा साहब का संविधान : अनिल




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में डबल इंजन की सरकार पर दलित, महादलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग की घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन की खुशी में मनुवादी मानसिकता से प्रेरित सरकार ने बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए फरवरी 2024 में दलित-पिछड़े समाज के हित में बने सभी आयोगों को भंग कर दिया, और इसके स्थान पर पंखा आयोग (सवर्ण आयोग) का गठन किया, जो एक सीधा सामाजिक न्याय पर हमला है। अनिल कुमार ने तीखा सवाल उठाया कि आखिर क्यों दलित, महादलित, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोग ऐसे नेताओं का साथ दें, जो सरकार में होने के बावजूद चुप हैं। उन्होंने कहा कि जब देश में अब भी 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पर निर्भर हैं, तो कैसे कहा जा सकता है कि दलित, महादलित और पिछड़े वर्ग आत्मनिर्भर हो गए हैं? आयोगों के भंग होने के बाद आज इस समाज की कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे गोपालगंज से औरंगाबाद तक दलितों पर अत्याचार के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन न्याय दूर की बात है, कोई सुध लेने वाला नहीं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान से ही सत्ता में पहुँचे ये नेता आज उसी संविधान की हत्या में चुपचाप भागीदार बने बैठे हैं। यह समाज के साथ खुला विश्वासघात है।उन्होंने कहा, हम बहन जी के सिपाही हैं और हर मंच से इस शोषण के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

# भूमि सर्वेक्षण : राजस्व कार्यों के निष्पादन में बांका प्रथम स्थान पर

● पूर्वी चंपारण तीसरे स्थान पर, जहानाबाद चौथे पर खिसका

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अप्रैल महीने की जिलों की राजस्व संबंधित कार्यों के आधार पर रैंकिंग में बांका ने शेखपुरा को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया है। शेखपुरा इस माह दूसरे स्थान पर चला गया है। पूर्वी चंपारण ने लंबी छलांग लगाई है और पिछले माह के 22 वें से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।जहानाबाद तीसरे से चौथे स्थान पर चला गया है। बक्सर चौथे से पांचवें स्थान पर आ गया है। अरवल सातवें से छठे तो औरंगाबाद 13 वें से सातवीं रैंक लाने में सफल रहा। कैमूर छठे से आठवें, बेगूसराय 15 वें से नौवें और सिवान 14 से 10 वें स्थान पर आ पहुंचा है। नालंदा 10 वें से 11 वें, मुजफ्फरपुर आठवें से 12 वें, भोजपुर 11 वें से 13 वें, वैशाली 30 वें से 14 वें, मधुबनी 18 वें से 15 वें, सुपौल पांचवें से 16 वें तो सीतामढ़ी 17 वें स्थान पर बरकरार है। पूर्णिया 20 वें से 18 वें दरभंगा 12 वें से 19 वें और जमुई 16 वें से 20 वें स्थान पर आ गया है। समस्तीपुर 9 वें से 21 वें तो पटना अपनी रैंकिंग में सुधार कर 38 वें से 34 वें स्थान पर आ गया है। भागलपुर 29 वें स्थान से खिसककर 38 वें स्थान पर पहुंच गया है। अन्य महत्वपूर्ण जिलों में शिवहर को 22 वां, नवादा को 23 वां, किशनगंज को 24 वां, गोपालगंज को 25 वां, मुंगेर को 26 वां, गया को 27 वां, मधेपुरा को 28 वां स्थान तो सारण 29 वें और कटिहार 30 वें स्थान पर है।

### राजस्व विभाग नेअप्रैल माह की जिलों की राजस्व संबंधित कार्यों की रैंकिंग जारी की

दाखिल- खारिज का पर्यवेक्षण-25 अंक
परिमार्जन प्लस का पर्यवेक्षण - 25 अंक
अभियान बसेरा 2 - 20 अंक
आधार सीडिंग की स्थिति - 5 अंक
एडीएम कोर्ट- 2.5 अंक
डीसीएलआर कोर्ट- 2.5 अंक
ई-मापी- 10 अंक
डीएम कोर्ट- 10 अंक

-किस जिले को कितने अंक मिले
रैंकिंग में 100 अंक में बांका को 65.52, शेखपुरा को 64.61, पूर्वी चंपारण को 55.87, जहानाबाद को 55.57, बक्सर को 55.22, अरवल को 53.25, औरंगाबाद को 52.53, कैमूर को 52.34, बेगूसराय को 52.02, सिवान को 51.86 और नालंदा को 51.46 अंक मिले हैं।

प्रथम 10 जिले
बांका
शेखपुरा
पूर्वी चंपारण
जहानाबाद
बक्सर
अरवल
औरंगाबाद
कैमूर
बेगूसराय
सिवान

अंतिम 10 जिले
सारण
कटिहार
लखीसराय
सहरसा
पश्चिमी चंपारण
पटना
अररिया
रोहतास
खगड़िया
भागलपुर

मुख्यालय स्तर से जिलों की कार्यप्रणाली की मॉनिटरिंग की जा रही है। विभाग के अपर मुख्य सचिव और सचिव के साथ मेरे द्वारा कई जिलों में जाकर भी समीक्षा बैठक की गई है। इससे कार्यप्रणाली में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। दोषी अधिकारियों के निलंबन के साथ कई अन्य तरह के निर्णय लिये जा रहे हैं ताकि आमजनों को राजस्व विभाग की सेवायें सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध हों।

# लाल निशान पार्टी (महाराष्ट्र) का भाकपा माले लिबरेशन में हुआ विलय

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। महाराष्ट्र के सतारा, सांगली, कोल्हापुर, पुणे, अहिल्यानगर, जलगांव, परभाणी, नांदेड़ आदि जिलों में मजदूर, किसानों व अन्य मेहनतकश तबकों के बीच मजबूत प्रभाव रखनेवाली की लाल निशान पार्टी का आज भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी- लेनिनवादी) लिबरेशन में विलय की घोषणा की गई। महाराष्ट्र के अहिल्याल्यानगर जिले के श्रीरामपुर स्थित गोविंदराव अतिथि सभागार में आयोजित एक एकता सम्मेलन के जरिये यह घोषणा पूरी हुई। इस मौके पर दोनों ही पार्टियों के शीर्ष नेताओं के साथ ही भारी तादाद में दोनों ही पार्टियों के स्थानीय नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस एकता सम्मेलन को भाकपा(माले) लिबरेशन) के महासचिव का। दीपंकर भट्टाचार्य, बिहार के काराकाट से भाकपा (माले) सांसद व चर्चित किसान नेता राजा राम सिंह, लाल निशान पार्टी के महासचिव उदय भट्ट, महाराष्ट्र में भाकपा(माले) के नेता अजित पाटिल व श्याम गोहिल, बिहार विधान परिषद की सदस्य शशि यादव, ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी, महाराष्ट्र की महिला नेत्री मुक्ता मनोहर, भाकपा(माले) पोलित ब्यूरो के सदस्य और खेत मजदूरों के राष्ट्रीय नेता धीरेन्द्र झा समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। एकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कॉ दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि लाल निशान पार्टी के भाकपा (माले) में विलय से पूरे देश और खासकर महाराष्ट्र में संविधान लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के लिए चल रहे आंदोलन को नई ताकत मिलेगी।

पूर्व मध्य रेल
ई—निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से **भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई—निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:—**
**क्र.सं. 1, निविदा सूचना सं० टी.सी.—107—2025—एस.पी.जे., कार्य का नाम : (1)** रमगढ़वा यार्ड में पैसेंजर रनिंग लूप लाईन संख्या 1 एवं 3 में 60 किग्रा० सलीपर पर 60 किग्रा० रेल. द्वारा सीटीआर(पी)— 2 ट्रैक किमी०। **(2)** रक्सौल यार्ड में पैसेंजर रनिंग लूप लाईन संख्या 6 एवं 7 में 60 किग्रा० स्लीपर पर 60 किग्रा० रेल द्वार सीटीआर(पी)— 1.600 ट्रैक किमी० I, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 9088188.66, **बयाने की राशि (रूपये में) :** 181800.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह।
**क्र.सं. 2, निविदा सूचना सं० टी.सी.—108—2025—एस.पी.जे., कार्य का नाम :** सीतामढ़ी — रक्सौल खण्ड में आदापुर यार्ड में पैसेंजर रनिंग लूप लाईन संख्या 1, 3 एवं 4 में 60 किग्रा० नए रेल द्वारा टीआरआर(पी)— 2.9 ट्रैक किमी० , **निविदा लागत (रूपये मे) :** 5900180.30, **बयाने की राशि (रूपये में) :** 118000.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह।
**क्र.सं. 3, निविदा सूचना सं० टी.सी.—109—2025—एस.पी.जे., कार्य का नाम : (1)** सगौली— नरकटियागंज— वाल्मिकीनगर में पुल संख्या 285, 286, 303 विभिन्न गर्डरों का चैनल स्लीपर का नवीनीकरण कुल 636 अदद। **(2)** सगौली—रक्सौल में पुल संख्या 13, 21, विभिन्न गर्डरों का चैनल स्लीपर का नवीनीकरण कुल 236 अदद। **(3)** सगौली—रक्सौल में पुल संख्या 22, 25, विभिन्न गर्डरों का चैनल स्लीपर का नवीनीकरण कुल 542 अदद। (कुल 1414 अदद)।, **निविदा लागत (रूपये मे) :** 46034965.03, **बयाने की राशि (रूपये में) :** 380200.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह।
**1. आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर ई—निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः—** 23.06.2025 को 12.00 बजे तक। **2. ई—निविदा खुलने की तिथि एवं समय :—** 23.06.2025 को 12.00 बजे के बाद। **3. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:—** वेबसाईटः— **www.ireps.gov.in,** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।
**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/समस्तीपुर**
**पीआर/0335/एसपीजे/ईएनजीजी./टी/25—26/64**

# दिव्यांग वोटरों को दी जाएगी होम वोटिंग की सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। निर्वाचन प्रक्रिया में दिव्यांगजनों की भागीदारी एवं सुविधा बढ़ाने तथा आयोग के दिशानिर्देश के अनुरूप चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक की गई। बैठक में पीडब्ल्यूडी वोटर का मतदान में भागीदारी बढ़ाने तथा सुविधाओं को सुलभ एवं सुविधाजनक बनाने हेतु विचार किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निदेश के आलोक में पीडब्ल्यूडी तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर उक्त कोटि का कोई भी वोटर प्रपत्र 12 डी में आवेदन देकर पोस्टल बैलेट की सुविधा प्राप्त कर सकता हैं। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में इस सभी प्रावधानों का सक्रियता के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। जिनके द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से मतदान नहीं किया जाएगा वैसे मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बैठक में सहायक निदेशक ,सामाजिक सुरक्षा कोषांग को उनके माध्यम से पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसाइटी संगठन जो दिव्यांगजन कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं उन्हें अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु योजना बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट की तैयारी के लिए विहित प्रपत्रों के संबंध में जानकारी दी गई-प्रपत्र 6 केवल नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्रपत्र 7 वोटर लिस्ट से नाम विलोपित करने के लिए प्रपत्र 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के भीतर या बाहर निवास स्थान बदलने या स्थानांतरण होने पर पंजीकरण हेतु यह प्रपत्र प्रयोग किया जा सकेगा। 29 मार्च 2025 तक वोटर लिस्ट में पीडब्लूडी वोटर की कुल संख्या 27 हजार 468 है। विधानसभावार पीडब्लूडी वोटर की स्थिति इस प्रकार है- गायघाट 2865, औराई 3780, मीनापुर 2673, बोचहां1874, सकरा 2504, कुढ़नी 2254, मुजफ्फरपुर 1210, कांटी 3021, बरूराज 1840, पारु 3088, साहेबगंज 2359 है। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार ,अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेयाश्री, जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार, सचिव बाबा गरीब नाथ विकलांग -सह- जनसंस्थान कलमबाग चौक सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुकम्पा पर जन वितरण प्रणाली के 9 दुकानदारों को मिली अनुज्ञप्ति

मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा शुक्रवार को 9 जन वितरण प्रणाली विक्रेता को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में लाइसेंस वितरित किया गया। विदित हो कि जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला चयन समिति द्वारा जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत अनुकंपा के मामलों पर विचार किया गया तथा विभागीय दिशानिर्देश के अनुरूप कुल नौ का चयन कर उन्हें अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया।जिला चयन समिति में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सचिव होते हैं तथा सदस्य के रूप में सहायक अनुमंडल पदाधिकारी,जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के नामित सदस्य होते हैं।अनुज्ञप्ति वितरण के मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेया श्री उपस्थित थीं।

### पूर्व सैनिक की निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के महथी दक्षिण मोहनपुर निवासी पूर्व सैनिक रामनंदन प्रसाद सिंह की निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे।वे भारत की ओर से 1962 में चीन से 1965 में पाकिस्तान से और 1971 में बांग्लादेश से लड़ाई लड़े। वे रक्षामंडल,सैन्य सेवा मंडल,9 वर्षीय दीर्घ सेवा,समर सेवा मेडल से सम्मानित हो चुके हैं। उनके निधन पर क्षेत्र के बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### प्रखंड के सभी पंचायतों में 2 जून से 11 जून तक होगी कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के 29 पंचायत में 2 मई से 11 मई के बीच कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया जाएगा। पत्र निर्गत करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि इस चौपाल के माध्यम से किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह कृषि जन कल्याण चौपाल 3 शिफ्ट में पंचायत भवन/पंचायत कृषि कार्यालय/सार्वजनिक स्थल पर आयोजित की जाएगी।

### गाय व भैंस चोरी, थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर सकड़ा वार्ड वार्ड 03 से गाय व भैंस चोरी होने की मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पशु स्वामी स्वर्गीय झल्लू यादव का पुत्र राम लखन यादव ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। बताया है कि 29 मई की रात्रि करीब 10 बजे सपरिवार खाना खाकर अपने गाय व भैंस को दरवाजे पर बना एस्बेस्टसनुमा दलान में बांधकर सो गए।सुबह जब उठा तो देखा गाय और भैंस गायब थी। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया तो बता चला कि दो नामजद व दो अज्ञात व्यक्ति मिलकर मेरा गाय व भैंस चुरा लिया है। दोनों पांच महीने की गर्भवती थी।इस संबंध में जब उक्त नामित व्यक्ति के परिजनों से पूछा तो उग्र होकर अभद्र व्यवहार करते हुए पूरे परिवार को जान मारने की धमकी दिया। पीड़ित ने दो नामजद व दो अज्ञात को आरोपित करते हुए थाना में आवेदन देकर गाय व भैंस बरामदगी की गुहार लगाई है।

# अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहा रही है हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

**पंचायत भवन व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परिसर पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा, लगा है कचरों का अंबार**



प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत भवन परिसर में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर इन दिनों अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहाते नजर आ रहा है। सेंटर के चारों ओर कचरे का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोग पूरे पंचायत भवन परिसर से लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परिसर पर कब्जा जमाए हुए। कहीं मवेशी के चारा के लिए भूसा तो कहीं मक्का ठठेरा भरा हुआ है। इतना ही नहीं जलावन से लेकर कचरा का ढेर भी लगा हुआ है। पंचायत में स्वच्छता के नाम पर तो कचरा भवन का निर्माण कराया गया है। यहां तक स्वच्छता समन्वयक की बहाली व कचरा उठाव के लिए थ्री व्हीलर गाड़ी की भी खरीदारी हो चुकी है। लेकिन अभी तक कचरा उठाव शुरू नहीं हुआ है। रही बात हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का तो सेंटर तो खुलता है परन्तु सेंटर परिसर की स्थिति ऐसी बनी हुई है कि लाभुक वहां तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। अलग से देखने से प्रतीत होता है कि यहां कोई आता ही नहीं है। बता दें कि इससे पूर्व यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केन्द्र कल्याणपुर के नाम से जाना जाता था। मरीजों की लंबी कतार लगी रहती थी। लेकिन आए दिन यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने आप को इस बात से अनभिज्ञ बताते हैं। हां यह बताएंगे क्यों नहीं? पंचायत के जनप्रतिनिधि तो सिर्फ त्योहार मनाने पंचायत भवन आते हैं।रही बात पंचायत में कार्यरत कर्मी की तो वे अपनी ड्यूटी पूरा तो करते ही हैं। फिलहाल पंचायत के द्वारा पंचायत भवन कैंपस का चाहरदीवारी का कार्य प्रारंभ किया गया है। लेकिन वे भी अधर में लटका हुआ है। पूर्व मुखिया रणवीर कुमार विनोद, बताते हैं कि पंचायत भवन की भूमि अतिक्रमित कर लिया गया है।साफ सफाई व देखरेख करने वाला भी कोई नहीं है। वर्तमान पंचायत के जनप्रतिनिधि निष्क्रिय हो गया है। जिसके कारण पंचायत भवन व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परिसर कचरों के अंबार से भरा हुआ है।शाम होते ही असमाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है। पंचायत की भूमि का मापी करवाकर चारदीवारी का निर्माण करवाना चाहिए अन्यथा अतिक्रमित भूमि पर अतिक्रमण कर्ता हावी हो जाएंगे।रही बात उप स्वास्थ्य केन्द्र का जो वर्तमान में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित हो रहा है इस उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण 2007-2008 में कराया गया था।2010 से यहां मरीजों का ईलाज शुरू हुआ था।उस समय डॉ तैनात रहते थे और सैकड़ों मरीज की लाइन लगती थी। लगभग 10 पंचायत के मरीज ईलाज के लिए आते थे।आज न डाक्टर रहते हैं और न मरीज आते हैं।

# मधुबनी की कोर्ट ने दो दोषियों को सुनाई सजा-ए-मौत, घटना को जघन्य में भी जघन्यतम बताया,क्या है मामला?

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मधुबनी कोर्ट ने नाबालिग महादलित बच्ची से गैंगरेप और हत्या के मामले में दो दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने इस अपराध को जघन्य में भी जघन्यतम बताया और दोनो पर 1.20 लाख का जुमार्ना भी लगाया।मधुबनी कोर्ट ने दो दोषियो को फांसी की सजा सुनाई है। दोनों आरोपियो को कोर्ट ने नाबालिग बच्ची के साथ रेप और उसके बाद हत्या करने का मामले में दोषी पाया है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों के ऊपर 1.20 लाख रुपए का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है। सजा का ऐलान करते हुए जज ने इस घटना को जघन्य में भी जघन्यतम बताया है।दरअसल, मधुबनी में गैंगरेप के बाद महादलित नाबालिक बच्ची की हत्या के मामले में अदालत ने दो दोषियों को फांसी और 1 लाख 20 हजार रुपए के जुमार्ने की सजा सुनाई है। सजा सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि महादलित बच्ची के साथ गैंगरेप हत्या और साक्ष्य छिपाने की घटना जघन्य में भी जघन्यतम है। पूरा मामला जयनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। सूचक राज कुमार सदाय ने जयनगर थाना में साल 2023 के जून महीने में जयनगर थाना में एक आवेदन देकर अपनी 8 वर्षीय बच्ची के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि घर के बगल में खेलते-खेलते बच्ची अचानक गायब हो गई और काफी खोजबीन के बावजूद उसका कहीं पता नही चला।बच्ची के पिता के लिखित आवेदन पर पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच शुरू की गई। इस दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता दारोगा गोपाल कृष्ण ने जयनगर के परसा निवासी केस के अभियुक्त सुशील राय और अप्राथमिक अभियुक्त ओम कुमार झा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। अनुसंधानकर्ता ने चार्जशीट में कोर्ट को बताया कि अभियुक्तों ने बच्ची के साथ गैंगरेप कर गमछे से गोला घोटकर उसकी हत्या कर दी। इनकी निशानदेही पर जर्जर कोसी कॉलोनी के एक कमरे में टूटे हुए एस्बेस्टस के नीचे से बच्ची के शव को बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से दोनों अभियुक्तो का कपड़ा और हत्या में इस्तेमाल गमछा समेत अन्य साक्ष्यो को बरामद किया था।जिसके बाद कोर्ट ने चार्जशीट में आरोपित पर सभी धाराओं में आरोप गठन कर किया गया।

# कार्यकर्ता ही भाजपा की पूंजी है : डॉ अमित



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। कार्यकर्ता ही पार्टी का रीड है तथा संगठन को उंचाई पर ले जाने में इनका अहम योगदान हैं। भाजपा बेनीपुर नगर मंडल के मंडल कार्यसमिति की आयोजित बैठक नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार झा की अध्यक्षता में धेरूख ग्राम के पर संपन्न हुई। इस दौरान उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश परिषद सदस्य अमित झा पप्पू ये बातें कही। बैठक में डॉ झा ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है, जो राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती है और आप जैसे देवदुर्लभ कार्यकताओं के बल पर ही पार्टी पूरी देश की सत्ता में लगातार बनी हुई हैं। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बनने में कामयाब हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व, दूरदर्शिता, समग्र सोच और कार्यकताओं के बदौलत पूरी दुनिया में भारत वर्ष एक सशक्त शक्ति के रूप में खड़ा है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता राम नारायण ठाकुर, सुबोध कामत, राजीव कुमार झा, रामसागर ठाकुर, ललित झा,अमरनाथ शर्मा,अशोक दास, मनोज कुमार मुन्ना, सोनू ठाकुर, संजीव सिंह, मनोज मिश्र, गोविंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# सुढ़ी जाति समाज का पटना में होने वाले महासम्मलेन की तैयारी को ले देवधा में हुई बैठक

**अपने अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखना होगा : अरुण शंकर प्रसाद**

प्रात : किरण /अभय आर्या




मधुबनी/जयनगर। अखिल भारतीय सुढ़ी (वैश्य) संगठन,बिहार के आह्वान पर आगामी 8 जून को पटना के बापू सभागार में सूड़ी अधिकार महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की सफलता को लेकर शनिवार को जिले के जयनगर के देवधा के कबीर कुट्टी के सभागार में सूड़ी समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खजौली विधायक अरुण शंकर प्रसाद, जिला संयोजक संजय महतो, स्थानीय मुखिया शम्भू महतो, जोकि से रामाश्रय महतो, जयनगर सूड़ी युवा मंच के सचिव विवेक पुर्वे, मधुबनी के नागेंद्र राउत,विष्णु राउत मंचासीन रहे। कार्यक्रम के शुरूआत में आगत अतिथियों एवं मंचसीन अतिथियों का मिथिला परंपरा अनुसार पाग एवं दोपट्टा से सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि सुढ़ी समाज को अपने अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सूढ़ी जाति को अत्यंत पिछड़ा वर्ग की अनुसूची-1 में शामिल कराना, साथ ही सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कराना है। महासम्मेलन के माध्यम से सूढ़ी समाज अपनी आवाज बुलंद करेगा। समाज के लोग मांग पूरी होने तक संघर्ष करेंगे। हम आप सभी से ये अपील करता हूँ कि आगामी 8जून को पटना में होने वाले महासम्मेलन में ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में भाग लेकर सफल बनाएं। वहीं, जिला संयोजक संजय महतो ने कहा कि सूड़ी समाज को अति पिछड़ा में शामिल करने की मांग को लेकर हम वर्षों से संघर्षरत हैं। कई सम्मेलन में इसकी आवाज उठी हैं। अतिपिछड़ा में शामिल होने के लिए इस मंच से भी आवाज उठी थी। हम लोगों ने विधायक एवं अन्य राजनीतिक दलों से मिलकर सूड़ी समाज को अतिपिछड़ा में शामिल होने के लिए मिलकर अभियान को जिंदा रखा। आगामी 8जून को समाज का हर एक परिवार तन-मन-धन से पटना आकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। वहीं, नागेंद्र राउत ने सम्मेलन में आये हुए समाज के लोगों ने कहा कि हमें अतिपिछड़ा में हर हाल में शामिल होने के लिए लड़ाई तेज करनी होगी। सभी प्रखंडों में सूड़ी समाज ने अतिपिछड़ा में शामिल होने के लिए जोरदार आवाज उठायी गई। वहीं, सुढ़ी युवा मंच के सचिव विवेक पुर्वे ने कहा कि महानुभाव, 2025 में विधानसभा चुनाव है। हम अपनी ताकत को पुरजोर ढंग से लगायें और 8 जून 2025 को पटना के बापू सभागार में सूड़ी अधिकार महासम्मेलन को सफल बना कर समाज को ऊर्जा से ओतप्रोत करने की कृपा करें। इस मौके पर स्थानीय अध्यक्ष हरेराम चौधरी ने सुढ़ी जाति को अतिपिछड़ा में शामिल करने तथा बिहार में अपनी राजनीतिक दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से 8 जून 2025 को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय सुढ़ी (वैश्य) समाज का महासम्मेलन में जिले के सूढ़ी समाज के लोग बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर प्रमंडलीय संयोजक प्रहलाद पुर्वे ने कहा कि आप सभी इस महासम्मेलन को पटना आकर सफल बनाएं और अपना ध्यान और सोच केंद्रीत रखें, कहीं ऐसा न हो कि ये मांग राजनीति की बलि चढ़ जाय। इस मौके पर बैठक को जिले भर से आये अतिथियो ने यथा- कृष्णा महासेठ, रंजीत कुमार, मुन्ना महतो, रामाशीष महतो, अरुण प्रधान सहित अन्य वक्ताओं ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक-से-अधिक संख्या में पटना पहुंचकर अपनी एकजुटता और ताकत का प्रदर्शन करें, जिससे सरकार को हमारे समाज की मांगों पर ध्यान देने के लिए मजबूर होना पड़े। इस बैठक में सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने और संपूर्ण जिले से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेराम चौधरी एवं मंच संचालन सूरज महासेठ ने किया। इस बैठक में ओम प्रकाश राउत, सुरेंद्र महतो, अशोक पंजीयार, विनोद चौधरी, दिलीप पंजीयार, परमेन्द्र पुर्वे, राजकुमार पुर्वे, सुशील पंजीयार, कामेश हाथी, संतोष कारक, बद्री राउत, अमोद पुर्वे, उदय महतो, दिनेश मांझी, दिलीप हाथी, चंदेश्वर महासेठ, मोनू पुर्वे, राजगीर हाथी, दिनेश महतो, शिवम महतो, मुन्ना महतो, राजू पंजीयार(रजौली), अजय पुर्वे, सूड़ी युवा मंच, जयनगर के पूर्व अध्यक्ष सह माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के सुमित राउत सहित सुढ़ी समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## सुढ़ी महासम्मेलन को लेकर किया जा रहा है युद्ध स्तर पर बैठक



मुंगेर/ असरगंज । शनिवार को असरगंज नगर पंचायत के विक्रमपुर गांव के दुर्गा मंदिर प्रांगण में आगामी 8 जून को पटना के बापू सभागार में अखिल भारतीय सुढ़ी वैश्य संगठन द्वारा सुढ़ी जाति का अधिकार महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर शनिवार को प्रमंडल संयोजक अनिल वैध अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला संयोजक प्रो, दिलीप कुमार रंजन, असरगंज नगर पंचायत के संयोजक सुधांशु साह फंटूश राणा, सहसंयोजक मुनेश्वर प्रसाद साह, गुंजन मांझी, चंदन पूर्व, प्रदीप मंडल, संजय नायक कोषाध्यक्ष प्रमोद साह, कोषाध्यक्ष मनोहर प्रसाद साह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदेश महिला प्रभारी ज्योति वैध ने कहीं कि सुढी जाति आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद पिछड़ा जाति में शामिल नहीं किया गया है और नहीं राजनीतिक में हिस्सादारी दी गई है । सरकार एवं हमेशा नजर अंदाज करते रहे अब समय आ गया है हम लोग को एकजुट होकर अपने अधिकार लाने इसके लिए सुढी जाति के अपनी आवाज को बुलंद करें और अपने हक व अधिकार के लिए सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई जाएगी । इस मौके पर विजय पजियारा, अरविंद पजियारा, फुलेश्वर मंडल, धनंजय कुमार पंकज कुमार दास, अनिल साह वीरेंद्र साह, प्रमोद साह, गोविंद नायक,रजनीश कुमार प्रहलाद मांझी, संजय साह राणा, ओम पजियारा, राजकुमार पूर्व, महेश साह, विजय कुमार, प्रमोद साह, दीनानाथ , संदीप साह , नरेश साह ,मनोहर चौधरी मधुरिमा देवी, संयुक्त देवी, सावित्री देवी, मीरा देवी, बीणा देवी, उषा देवी,लक्ष्मी देवी, सहित असरगंज नगर पंचायत के विभिन्न वार्ड से कई बुद्धिजीवी सुढी समाज उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आगामी ईद उल जोहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ईद उल जोहा (बकरीद) पर्व सामाजिक समरसता बलिदान और एकता के प्रतीक हैं, अतः इन्हें शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पूरी तरह से सजग है। जिले के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर तेजतर्रार दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सभी प्रखंडों के वरीय अधिकारी अपने अपने प्रखंड का नियमित रूप से भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पुलिस अधीक्षक के साथ भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रखेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वाली झूठी एवं भ्रामक खबरों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि तेजगति से बाइक चलाने वाले बाइकर्स पर भी नकेल कसी जाएगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के लिए उनका धन्यवाद भी दिया और कहा कि प्रशासन सभी त्योहारों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं तत्पर है।पुलिस अधीक्षक ने बैठक में जानकारी दी कि बकरीद एवं अन्य आगामी पर्वों को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा धारा 107 के तहत करवाई की जा रही है,साथ ही सीसीए 3 तहत भी कुछ लोगों पर करवाई की गई है। इसके पूर्व शांति समिति के सभी सदस्यों ने बारी बारी से अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। सभी ने एक स्वर में कहा मधुबनी जिले की गंगा जमुनी तहजीब की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद उल जोहा (बकरीद)पर्व शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। सभी सदस्यों ने जिले में विभिन्न पर्व त्योहारों के अवसर पर जिला प्रशासन की तत्परता एवं सजगता को लेकर प्रशंसा करते हुए धन्यवाद भी दिया।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तीसरे दिन कृषि विज्ञान केंद्र बिरौली के दो टीम के द्वारा कुल 6 गांव का भ्रमण कर खरीफ उत्पादन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। टीम वन के द्वारा गोपालपुर वासुदेवपुरम एवं वीर सिंह पुर गांव पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें इंजीनियर विनीत कश्यप डॉक्टर उदित कुमार डॉक्टर गीतांजलि डॉक्टर आरके तिवारी एवं सुमित कुमार सिंह के द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई आज के कार्यक्रम में किसानों के द्वारा लगाए गए मूंग के फसल में विभिन्न प्रकार के रोग एवं कीट व्याधि के प्रबंधन के बारे में चर्चा किया गया तथा साथ ही साथ बीज उत्पादन पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम के प्रत्येक स्थल पर 120 से ज्यादा प्रतिभागी मौजूद थे। टीम तू जिसका नेतृत्व डॉक्टर धीरू कुमार तिवारी कर रहे हैं में डॉक्टर की चौधरी सह प्राध्यापक पौधा रोग पूसा एवं डॉक्टर मोहम्मद हसनैन वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा ने अपनी जानकारी रामपुर अजना एवं कल्याणपुर में किसानों के बीच साझा किया इसमें आम में लगने वाले विभिन्न रोगों एवं कीट -व्याधि के बारे में जानकारी दी गई

# अच्छे ग्रेड से संस्थान को गुणवत्ता के मान्यता की गारंटी मिलती है : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।देश में उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता की पहचान हेतु नैक में अच्छा ग्रेड प्राप्त करना आवश्यक है। इसीलिए अब ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के लिए रोड मैप तैयार किया जाएगा, जिससे नैक में बेहतर ग्रेड हासिल करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उक्त विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने व्यक्त की ।प्रोफेसर चौधरी ने स्थानीय सीएम कॉलेज, दरभंगा को नैक में बी प्लस ग्रेड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद और सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों को बधाई दी। विदित हो कि ऑनलाइन विजिटिंग मोड में यह ग्रेड प्राप्त करने वाला सी एम कॉलेज, दरभंगा बिहार राज्य का पहला कॉलेज है। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद के नेतृत्व में कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कुलपति प्रोफेसर चौधरी को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने कहा कि नैक ग्रेट प्राप्त करने में कुलपति महोदय ने हर प्रकार की सहायता और मार्गदर्शन दिया इसके लिए कॉलेज परिवार उनका आभारी है। कॉलेज परिवार के कई सदस्यों ने कॉलेज की ओर से कुलपति के कार्यालय में जाकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कॉलेज के नैक समन्वयक डॉ अबसार आलम, यूनिवर्सिटी नैक निदेशक प्रो जिया हैदर, यूनिवर्सिटी सीसीडीसी प्रो गजेंद्र प्रसाद, मैथिली विभाग के अध्यक्ष प्रो दमन कुमार झा, स्टेट पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान, कुलपति के निजी सचिव सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ, सी एम कॉलेज कार्यालय के प्रमुख कमर आलम कमर,सृष्टि कुमार चौधरी, प्रतुल कुमार, कमलेश कुमार झा आदि उपस्थित थे।

# नवनिर्मित व निमार्णाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर विधायक ने गंभीर आपत्ति जताया

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बेनीपुर कार्यालय में शनिवार को विधायक विनय कुमार चौधरी ने सड़कों की प्रगति एवं लंबित कार्यों की समीक्षा बैठक अधिकारियों के साथ की। उन्होंने नवनिर्मित एवं निमार्णाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर गंभीर आपत्ति व्यक्त करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की और सड़क निर्माण में अभियंता और संवेदक की मिली भगत से हो रही गड़बड़ी की जांच करने की बात कही। साथ ही नवनिर्मित सभी सड़कों का स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन जमा करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने निविदा के प्रक्रियाधीन 45 सड़कों की तथा पूर्व एवं वर्तमान में स्वीकृत योजना 24 +12 सड़कों के अद्यतन जानकारी ली। विधायक ने सड़क निर्माण या अनुरक्षण से वंचित सड़कों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव अभिलंब भेजने का निर्देश ईई प्रेमचंद्र झा को दिया। उन्होंने गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ अनुरक्षण के दायरे में आने वाले सड़कों की अविलंब मरम्मत करवाने का निर्देश दिया। इस दौरान विभागीय ईई झा ने उपस्थित सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं से सड़क निर्माण में मुस्तैदी से उपस्थित रहकर निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया । समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता सुनील कुमार ,कनीय अभियंता सुभाष कुमार , विनीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# सूरज बाबू सम्मानित क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे : आनंद मोहन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। 5 जून को सम्पूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर पोलो ग्राउंड में अयोजित शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति सभा को लेकर पूर्व सांसद आनंद मोहन के उपस्थिति में लहेरियासराय, परिसदन में एनडीए घटक दलों और फ्रेंडस ऑफ आनंद के कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक स्मृति सभा के संयोजक सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लहेरियासराय परिसदन में सम्पन्न हुई। जिसमें सफलता के लिए हर प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार में चर्चा हुई। अपने संबोधन में श्री मोहन ने कहा कि सूरज बाबू देश की सबसे सम्मानित क्रांतिकारी टीम बिस्मिल अशफाक, चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह की पार्टी हिंदुस्तान रिपब्लिका सोशलिस्ट आर्मी के सदस्य थे। उन्होंने जेपी लोहिया जैसे नेता को हजारीबाग और हनुमान नगर जेल से आजाद कराया।आजादी के बाद देश में लोकतंत्र की स्थापना और समता मूलक शोषण विहीन समाज की स्थापना में उनका योगदान अव्व्ल था। इस मौके पर फ्रेंड्स ऑफ आनंद के प्रदेश अध्यक्ष कुलानन्द यादव अकेला, शायर अनवर फरीदी, आयोजन समिति के प्रवक्ता श्याम कुमार सिंह, जदयू नेता गोपाल मंडल,पूर्व निगम पार्षद नेत्री रीता सिंह, नवीन सिंह,नवल सिंह, लोजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र झा,सागर सिंह, शिवशंकर झा,राजकुमार दास, डॉ पीके सिंह,संतोष सिंह, डब्लू सिंह, उज्जवल सिंह, गोविंद सिंह, रमन सिंह , चुन्नु सिंह, दिलीप कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# 07 वर्षों से फरार हार्डकोर नक्सली सुकरा हांसदा गिरफ्तार,जमुई पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के सुदूरवर्ती थाना क्षेत्र चकाई के नन्हीया गांव निवासी 07 वर्षों से फरार हार्डकोर नक्सली सुकरा हांसदा को जमुई पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने बताया कि हार्डकोर नक्सली सुकरा हांसदा करीब 07 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नक्सली सुकरा हांसदा घर आया हुआ है। पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम को गठित करते हुए छापामारी दल को नन्हीया गांव भेजा।इस छापामारी दल में एसडीपीओ राजेश कुमार, चकाई थानाध्यक्ष राकेश कुमार,एस आई हरे राम दुबे, एसटीएफ टीम जमुई ,जिला आसूचना ईकाई एवं सशस्त्र बल शामिल थे। जैसे ही छापामारी दल नन्हीया गांव पहुंचे और नक्सली सुकरा हांसदा का घर घेर लिया और हार्डकोर नक्सली सुकरा हांसदा को घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली सुकरा हांसदा ने पुलिस के सामने अपने गुनाह को कबूला है। इनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। हार्डकोर नक्सली सुकरा हांसदा की गिरफ्तारी से जमुई पुलिस को बहुत बड़ी राहत मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष विकास शिविर का आयोजन

बरियारपुर (मुंगेर) । आंबेडकर समग्र सेवा अभियान अनुसूचित/अनुसूचित जन जाति विषेश विकास शिविर का आयोजन बरियारपुर प्रखंड के करहरिया दक्षिणी पंचायत अंन्तर्गत दास टोला गांव मे विषेश विकाश शिविर का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड बागवानी पदाधिकारी रणधीर कुमार मंच संचालन बिकाश मित्र दिनेश सदा अपस्थित प्रखंड कृषि समंन्वयक राणा प्रताप सिह पंचायत कृषि सलाहकार संजय कुमार सिह,स्वास्थ्य सेविका अंजनी सिन्हा आशा कविता कुमारी, आवास सहायक शैलेन्द्र कुमार सिह,पंचायत सचिव संजीव कुमार पासवान, शिक्षा सेवक अमलेश कुमार, के साथ वार्ड सदस्य रुवी देवी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पर दास टोला में संचालित आंगन वाडी केंद्र संख्या चार से स्थान्तरित कर पिछड़ा बाहुल्य टोला चले ।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी लोगों कि समस्याएं

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई। जिला दण्डाधिकारी सह समाहर्ता, अभिलाषा शर्मा ने 31 मई को समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूर क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं को बताकर न्याय की गुहार लगाई। जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर पीड़ितों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनी और हर संभव न्याय का भरोसा दिलाया। तथा कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया तथा कुछ मामलों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर अबिलम्ब विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। विदित हो कि जिलाधिकारी महोदया प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुनते हैं। जिलाधिकारी महोदया ने जनता दरबार में जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि बंटबारे, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, रैयति भूमि का निबंधन, अनुग्रह भुगतान, खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, इंदिरा आवास योजना , विकलांग पेंशन, विवादित भूमि पर जबरन कार्य, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, श्रम संसाधन से लाभ, स्वच्छता, अनुकम्पा नियुक्ति, राशि-गबन, रास्ता अवरुद्ध, मारपीट, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली, आंगनवाड़ी, गैर मजरूआ, बिजली एवं अन्य से सम्बंधित मामले आए। जिलाधिकारी महोदया ने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और प्राप्त शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित व प्रभावी कारवाई के लिए दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदया ने इस अवसर पर कहा कि जनता को कठिनाइयों से उबारना ही उनका मुख्य मकसद है। सरकार की राज्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा के साथ काम करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# तंबाकू मुक्त भारत वर्तमान समय की मांग




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के महाराजगंज स्थित स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत के विधिशाला सह संवाद कक्ष में तंबाकू मानव और समाज के लिए हानिकारक विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता प्रभाव कुमार भारत ने की। मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ता और केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि तंबाकू मानव,समाज और अर्थव्यवस्था तीनों के लिए हानिकारक है। तंबाकू सेवन का सीधा असर अर्थ व्यवस्था पर भी पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता बोझ, कार्य उत्पादकता में गिरावट और श्रमिकों की असमय मृत्यु से देश की आर्थिक प्रगति बाधित होती है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त भारत बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता और मांग है। तंबाकू निषेध स्वस्थ मानव एवं संपन्न भारत की पहली सीढ़ी है। तंबाकू का धुआं इंसान का स्वांस, जीवन और मुस्कान तीनों छीन लेता है। आदत बुरी हो वह अमृत भी जहर बन जाता है। तंबाकू मुक्त युवा स्वर्णिम भारत की आशा हैं। जनरल ऑफ एडिक्शन के रिपोर्ट के अनुसार एक सिगरेट पीने से पुरुषों की आयु 17 मिनट और महिलाओं की आयु 22 मिनट कम हो जाती है। कहते हैं कि हर सिगरेट मनुष्य की जिंदगी से कीमती मिनट चुरा लेती है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। हालांकि बिहार में तंबाकू उत्पादन पर प्रतिबंध है, जिसके कारण करीब 300 करोड़ प्रति वर्ष आर्थिक हानि होती है। तंबाकू मुक्त भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए आज सामग्र प्रयासों की आवश्यकता है। तंबाकू निषेध दिवस हमें तंबाकू के वास्तविक खतरे को समझने और इसके विरुद्ध ठोस कदम उठाने की प्रेरणा देता है। तंबाकू और निकोटिन, उद्योग रंगीन पैकेजिंग, मीठे फ्लेवर, भ्रामक स्वास्थ्य दावे के माध्यम से युवाओं को आकर्षित करते हैं। आज युवा नशा के जाल में फंस जाते हैं। कहते हैं कि नशे का संसार विनाश का द्वार है। इसीलिए नशा छोड़े अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत ने कहा कि तंबाकू एक कानूनी प्वाइजन है जिसे बेचना अपराध है तो इसका सेवन आत्महत्या के जैसा है। सरकार को तंबाकू के हानिकारक तत्वों से युवा पीढ़ी को बताना चाहिए उनमें जागरूकता लाना चाहिए। सिर्फ कंपनी के चेतावनी से काम नहीं चलने वाला है। बल्कि सरकार और संस्थाओं को मिलकर देश और समाज को तंबाकू मुक्त बनाना जरूरी है। तंबाकू व्यापार को भी नियंत्रित करना चाहिए। कानून और नैतिकता दोनों साथ-साथ चले यही समय की मांग है। वरिष्ठित देवता रामचंद्र ने कहा कि तंबाकू मानव तन और मन का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसका सेवन न केवल व्यक्ति की सेहत का हनन करता है बल्कि परिवार और समाज को भी छन भिन्न कर देता है। एक सशक्त देश के लिए तंबाकू मुक्त युवा आवश्यक है। शिक्षक मंटू पासवान ने कहा कि सिर्फ व्यक्ति के लिए ही नहीं समाज के लिए भी खतरा है। स्कूल में बच्चों को तंबाकू निकोटीन जैसे खतरनाक रसायन के संबंध में बच्चों को जागरूक किया जाना चाहिए। तंबाकू मीठा जा रहे एक बार जो इस नशा जाल में फंसा उसे छूटना मुश्किल हो जाता है मौके पर उपस्थित डॉ निरंजन कुमार दुबे, प्रो संजीव कुमार सिंह, प्रो आनंद कुमार सिंह आदि ने तंबाकू को समाज के लिए अभिशाप बताया। युवाओं को नशा नहींतंबाकू मुक्त भारत वर्तमान समय की मांग जनरल ऑफ एडिक्शन की रिपोर्ट के अनुसार- एक सिगरेट पीने से पुरुषों की आयु 17 मिनट और महिलाओं की आयु 22 मिनट कम हो जाती है। जमुई :-विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के महाराजगंज स्थित स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत के विधिशाला सह संवाद कक्ष में तंबाकू मानव और समाज के लिए हानिकारक विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता प्रभाव कुमार भारत ने की। मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ताके के बतौर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि तंबाकू मानव,समाज और अर्थव्यवस्था तीनों के लिए हानिकारक है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर देश बचाओ अभियान ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम



प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर देश बचाओ अभियान के बैनर तले तंबाकू नशा छोड़ो, बिमारी भगाओ, स्वास्थ्य बचाओ, जीवन बचाओ, मानव बचाओ, देश बचाओ, नारों के साथ जागरूकता कार्यक्रम सदर हॉस्पिटल चौक पर किया गया। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि काले इरादे से तंबाकू की खेती एवं उपज, फैक्ट्री , निर्माण एवं बिक्री की जाती है। तंबाकू से निर्मित सिगरेट, खैनी, बीड़ी, हुक्का चिलम चुरोट गुटखा शिखर आदि का सेवन से कैंसर, हृदय रोग, सांस रोग, आंत रोग, दांत रोग, आदि बीमारी होती है। तंबाकू का सेवन जानलेवा होता है। श्री यादव ने कहा कि दृढ़ संकल्पित होकर उक्त नशा को मानव को छोड़ना चाहिए। आदत सुधार हेतु लौंग इलायची सौंफ हर्रे जमाईन जीरा का सेवन करना चाहिए। श्री यादव ने रिक्शा, इ रिक्शा, टमटम टेंपो ठेला चालकों , गरीब मध्यम वर्गों के बीच तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। वहीं उपरोक्त नशा आदत छोड़ने हेतु नशा मुक्ति केंद्र जाने का अपील किया। उपस्थित लोगों को तंबाकू नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया। तथा जेब में रखें खैनी सिगरेट बीड़ी गुटखा को निकाल कर नष्ट किया गया। श्री यादव ने सरकार से तंबाकू की खेती करने, उपजाने, फैक्ट्री चलाने, बीड़ी सिगरेट गुटका निर्माण करने, बिक्री एवं सेवन करने पर रोक लगाने फैक्ट्री बंद करने की मांग किया। कहा कि जब तक निर्माण कार्य बंद नहीं होगा, तब तक सेवन कार्य बंद नहीं हो सकता है। सरकार टैक्स लेने हेतु निर्माण कार्य जारी रखते हैं किंतु आम जनता को सेवन करने का अपील करते हैं। सरकार से आर्थिक मानसिकता दोहरी नीति बंद करने का अपील किया। तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान में जयमाला कुमारी सुंदर माला कुमारी सुनीता देवी रेनू देवी मधुबाला ललन पासवान चंदन महतो निरंजन पासवान सचिन कुमार महेश साह साधी भीखो पासमान राजेंद्र साह विक्रम कुमार सोनू कुमार आदि ने तंबाकू नशा न करने एवं न करने देने का संकल्प दोहराया।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300 वीं जयंती के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामनगर में छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय !महिला एवं बाल विकास निगम लखीसराय के तत्वाधान में एवं संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के सहयोग से पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300 वीं जयंती के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामनगर में छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि आज अहिल्याबाई होलकर का जन्मदिन है जो महिलाओं के सशक्तिकरण का उदाहरण है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजना जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण,अल्पावास, पुनर्वास,पालनाघर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। किसी अपरिचित से संपर्क न करने का सलाह दिया गया और न ही फेसबुक वॉट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती करने का सलाह दिया गया।वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमित कुमार ने बाल विवाह के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करना है। बाल विवाह रोकथाम हेतु सरकार ने कानून बनाया है जिसका पालन भी हम सभी को मिलकर करना है। अन्यथा जुर्म के भागी बनना पड़ सकता है। महिला हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर 181 के बारे में जानकारी दिया गया कि कोई भी महिला या किशोरी अपने मदद के लिए 181 का सहारा ले सकते हैं।जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के अप्रतिम उदाहरण त्याग, करुणा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए संकल्पित पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी का जन्मदिन है, उनके जन्मदिन सभी छात्रा और महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है जिनका पति, बेटा, बेटी, ससुर व दामाद सभी खत्म हो गया फिर भी टूटे नहीं, हिम्मत नहीं हारी बल्कि राज्य की बागड़ोर अपने हाथों में लेकर अच्छी तरह से राज्य को चलाया। सती प्रथा जैसे सामाजिक कुरीति का भी उन्होंने प्रतिकार किया। विधवा महिला को संपति पर अधिकार दिलाया। महिला सेना का गठन किया। रोजगार के लिए सूरत के बुनकरों को महेश्वर बुलाया। अनेकों मंदिरों का निर्माण,जिर्णोद्धार धर्मशाला, कुआं पोखर का निर्माण करवाया। न्याय के लिए अपने बेटों तक को नहीं छोड़ा इसलिए आज उनके जन्मदिन के अवसर पर सभी छात्रा को प्रेरणा लेना है कि उनके जन्मदिन के अवसर पर शपथ लें कि मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को निभाएंगे। आगे उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, परवरिश जैसे योजना के बारे में भी जानकारी दिए। संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी एवं मदद किया जाता है। मौके पर विद्यालय के वार्डन सह शिक्षिका रिमझिम कुमारी, एमटीएस गौतम कुमार, छात्रा गीता कुमारी ,अनुष्का कुमारी, काजल कुमारी, चांदनी कुमारी सहित दर्जनों छात्रा मौजूद रहे। अंत में बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ भी दिलाया गया।

## कांग्रेस आरटीआई सेल के अध्यक्ष बनें सुधीर कुमार सिंह, कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

सहरसा। जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने नगर निगम क्षेत्र के नरियार ग्राम वासी सुधीर कुमार सिंह को कांग्रेस आरटीआई सेल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने बताया कि श्री सिंह के आरटीआई सेल के अध्यक्ष बनने सें पार्टी संगठन को काफी मजबूती प्रदान होगी। वही आने वाले चुनाव में इसका व्यापक लाभ प्राप्त होगा। वही नवमनोनीत आरटीआई अध्यक्ष नें कहा कि कांग्रेस नेतृत्व नें मुझ पर विश्वास व्यक्त कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है, उसका निर्वहन सदैव ईमानदारी पूर्वक पालन करेंगे। साथ ही आरटीआई के माध्यम से सरकारी एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता के हितों की रक्षा करेगें। इस अवसर पर कांग्रेस के सभी नेताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई और हार्दिक शुभकामना दिया है। जिनमें जिला कांग्रेस के वरीय नेता डॉ तारानंद सादा समेत राम सागर पाण्डेय, मो नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, बद्री प्रसाद यादव, मनोज कुमार मिश्र, शोभा कांत झा, अनिल कुमार गिरी, प्रतिभा सिंह डोली, इला कुमारी, पंकज कुमार सिंह, बीरेंद्र पासवान, भरत झा, राम कुमार पासवान, बैधनाथ झा, पंकज पासवान आदि शामिल हैं।

# पिछड़े, अति पिछड़े, दलित एवं वंचित समाज के राजनीतिक अधिकारों पर चिंतन सभा का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जिले के सौरबाजार में पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और वंचित समाज के राजनीतिक अधिकारों पर एक महत्वपूर्ण चिंतन सभा का आयोजन आज किया जा रहा है। इस सभा में सौरबाजार प्रखंड सहित पूरे जिले के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, समिति सदस्य एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व वशिष्ठ व्यक्ति शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य राजनीतिक भागीदारी में हो रहे भेदभाव, गैर-बराबरी, और सामाजिक न्याय की कमजोर पड़ती विचारधारा पर गंभीर चिंतन करना है। सभा में उन तत्वों की पहचान की जाएगी जो लगातार सहरसा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक न्याय की भावना को कमजोर कर रहे हैं। साथ ही, यह संकल्प लिया जाएगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों को सबक सिखाया जाएगा जो समाज के पिछड़े, दलित एवं वंचित वर्गों को राजनीतिक मुख्यधारा से अलग रखने की साजिश रचते हैं।सभा में उन राजनीतिक दलों पर भी आलोचनात्मक चर्चा की जाएगी जो चुनाव के समय तो गरीबों, पिछड़ों और दलितों के नाम पर वोट मांगते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद इन्हीं वर्गों को सबसे अधिक उपेक्षित और प्रताड़ित करते हैं। ऐसे दलों और नेताओं का असली चेहरा जनता के सामने लाने का भी संकल्प लिया जाएगा। इस अवसर पर आगामी विधानसभा चुनाव में नीरज कुमार गुप्ता की संभावित उम्मीदवारी पर भी गंभीर चर्चा की जाएगी। पूरे कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी और राजनीतिक कार्यकर्ता नीरज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक जिलेव्यापी अभियान की शुरूआत है, जिसके तहत सभी प्रखंड मुख्यालयों पर इस प्रकार की जनचेतना सभाएं आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में अगला कार्यक्रम 15 जून रविवार को सोनबरसा कचहरी दुर्गा मंदिर मैदान में एक ऐतिहासिक कार्यकर्ता सम्मेलन के रूप में आयोजित किया जाएगा।

# दलित के घर घुसकर दबंगों ने बहू बेटियों के साथ छेड़खानी की

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर ( मुंगेर) । मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दबंगों ने महादलित परिवार के घर में गत गुरुवार की रात घुसकर महिलाओं के साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर घर के सदस्यों के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना में पंकज मांझी सहित परिवार के लोग घायल हो गए। घायलों में पंकज मांझी उसका पुत्र राजकुमार मांझी भगनी साधना कुमारी मां विमला देवी पत्नी किरण देवी सहित सात लोग घायल हो गए। सभी घायल धरहारा सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे जहां इससे सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल पंकज ने बताया कि गांव का ही कुछ लोग गुरुवार की शाम शराब के नशे में उसके घर घुसकर बहू से छेड़खानी करने लगे विरोध करने पर मारपीट किया। वहीं दूसरी घटना बंशीपुर मुसहरी निवासी होरी देवी ने अपने ही गांव के कुछ लोगों पर मारपीट कर जख्मी करने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए तारापुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि उसका पुत्र सुबोध मांझी गांव के दक्षिण साहब पोखर के किनारे बैठा था तभी गांव के रंजन मंडल भूतेरी मंडल पिंटू मंडल लालतू मंडल और अमर मंडल लाठी डंडे से लैस होकर वहां पहुंचा और गालियां देने लगा सभी ने मिलकर सुबोध को बेरहमी से पिटाई करदी। तारापुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई पुलिस करने का आश्वासन दिया है वहीं धरारा थाना की पुलिस ने अभी तक फर्द अभियान के बाद भी प्राथमिक की दर्ज नहीं कर पाई है दलितों का इस तरह से दबंगों द्वारा मारपीट कर प्रसारित करने की घटना आए दिन होती रहती है जिस पर शासन और सत्ता इस पर कठोर कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

# उदाकिशुनगंज निवासी शिक्षक रामटहल दास की सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर रोड में गोली मारकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) एक बड़ी खबर जिला से आ रही हैं जहां एक शिक्षक की स्कूल से लौटने के दौरान तीन के संख्या में नकाब पोश अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी रोकर शिक्षक के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग की। जिसमें शिक्षक रामटहल दास (यादव) उम्र 35 वर्ष को तीन गोली लग गई जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिला मुख्यालय अंतर्गत सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर के समीप बाइक सवार अपराधियों ने शंकरपुर प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल सोनवर्षा में पदस्थापित शिक्षक रामटहल दास उम्र (35) वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। स्कूल से लौटने के क्रम में बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। मृतक शिक्षक उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के उदा स्थित ठाकुरबाड़ी में पहले रहते थे। बीपीएससी से शिक्षक बनने के बाद शादी कर इन दिनों सपरिवार मधेपुरा में रह रहे थे। शनिवार दोपहर एक बजे रामटहल दास विद्यालय में छुट्टी के बाद सहयोगी शिक्षक रविरंजन कुमार के साथ मोटरसाइकिल से मधेपुरा लौट रहे थे। सहयोगी शिक्षक रविरंजन कुमार से मिली जानकारी अनुसार सिंहेश्वर-लालपुर रोड में वेदांता पब्लिक स्कूल के समीप बाइक सवार तीन अपराधी सामने से आकर रोक लिया। जब तक कुछ समझ पाते, तब तक अपराधियों ने पीछे बैठे रामटहल दास पर गोली चला दी। गोली लगते ही वे गिर पड़े, तीनों अपराधियों के द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग की गई जिससे शिक्षक रामटहल दास को सिर और पेट में तीन गोली लगी। मौके पर आदर्श थाना सिंहेशवर के थाना अध्यक्ष बिरेंद्र राम पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जा में कर के पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया है। वहीं शिक्षक के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने ने पत्रकारों से बताया कि एक साल पहले ही शिक्षक की शादी हुई थी। ओर वह पहले उदा के ही एक ठाकुरवारी में रहते थे। ठाकुरवारी के महंत नहीं चाहते थे कि वह शादी करे। हत्या का कारण शिक्षक के परिवारों वालों ने बताया कि। साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं। मधेपुरा के एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

# ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सहरसा रेल परिसर में तंबाकू मुक्ति प्रदर्शनी आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सहरसा रेल परिसर में तंबाकू मुक्ति प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन सहरसा सेवा केंद्र प्रभारी स्नेहा बहन, कर्नल रवि, कमांडिंग ऑफिसर, एनसीसी; सूबेदार राजेश कुमार; गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर दीक्षा ने दीप प्रज्वलन के द्वारा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके स्नेहा बहन ने कहा कि हर वर्ष पूरे विश्व में लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु का कारण तंबाकू का किसी न किसी रूप में सेवन करना है। जिसमें से साढ़े 13 लाख लोग की संख्या सिर्फ भारत वर्ष से ही आती है। तंबाकू का सेवन करने वाले हर दो लोगों में से एक की मृत्यु का कारण तंबाकू ही बनता है। हर 6 सेकंड में एक मृत्यु का कारण तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन करना है। एक सिगरेट का सेवन करने से हमारी आयु 11 मिनट कम हो जाती है। तंबाकू से हमारे शरीर, विचार, परिवार, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था सभी को भयंकर दुष्परिणाम झेलने पड़ते हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय इस क्षेत्र में विगत लगभग 40 वर्षों से देश भर में कार्य कर रहा है। यहां के द्वारा सिखाये जाने वाले राजयोग मेडिटेशन से किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त होने में शत प्रतिशत सफलता मिलती है। इसी सफलता को देखते हुए भारत सरकार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए ब्रह्माकुमारीज को अपना सहभागी बनाया है। पिछले वर्ष ही मिशन स्पंदन के तहत भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशे के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए ब्रह्माकुमारीज के साथ एमओयू साइन किया। सहरसा रेलवे स्टेशन पर भी विगत कुछेक वर्षों से हर वर्ष यह प्रदर्शनी लगाई जाती है, जिसके द्वारा सैकड़ों लोगों ने अब तक व्यसन को छोड़ने का संकल्प लिया है। एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रवि ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज यह सेवा कार्य निःस्वार्थ भाव से कर रही है। हम सबको इससे जुड़कर इनके कार्यों में मददगार बनना चाहिए। स्नेहा बहन ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। सुबोध भाई ने तंबाकू मुक्ति का संकल्प करवाया एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी कराया।

# ईस्ट एन वेस्ट जनसंचार महाविद्यालय का लोगो हुआ लोकार्पण




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। प्रमंडलीय जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक आलोक कुमार व रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका मनीषा रंजन ने ईस्ट एन वेस्ट जनसंचार महाविद्यालय का लोगो लोकार्पण किया। पंडित मोहन ठाकुर द्वारा खुबसूरत स्वागत गीत से अतिथियों के स्वागत के बाद चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने सभी आगत अतिथियों को प्रतीक चिह्न व पट्टा भेंट कर ऊनका स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने साहेवपुर कमाल, बेगूसराय निवासी मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह मुकेश को निदेशक शैक्षणिक एवं गंगजला, सहरसा निवासी विष्णु स्वरूप चौधरी को प्राचार्य पद हेतु नियुक्त पत्र देते हुए बधाई दिया। इस मौके पर उप निदेशक जनसंपर्क आलोक कुमार ने कहा कि यह लोगो लोकार्पण नहीं अपितु पत्रकारिता के क्षेत्र में कोशी मिथिला के इतिहास में एक नये अध्याय की समरूपता हुई है। मैं रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका मनीषा रंजन एवं ईस्ट एन वेस्ट फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन को शिक्षा के एक नये आयाम को कोशी प्रमंडलीय मुख्यालय में स्थापित करने के लिए साधुवाद देता हुं। इस मौके पर महानीदेशिका मनीषा रंजन ने चेयरमैन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव नियुक्त निदेशक शैक्षणिक मुक्तेश्वर मुकेश एवं प्राचार्य विष्णु स्वरूप को बधाई देते हुए कहा कि आप दोनों इस नये संस्थान को अपने पद की गरिमा एवं कर्तव्यनिष्ठा से बिहार ही नहीं भारत का नंबर वन जनसंचार महाविद्यालय बनाने का प्रयास करेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ रजनीश रंजन ने कहा पत्रकारिता एक ऐसी वृत्ति है जो समाज एवं सता का दर्पण होता है।यही कारण है कि ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज ऑफ मास कम्यूनिकेशन के लोगो में यह शब्द लिखा है सत्यं वद सर्वदा साथ ही समाज में फैले बुराईयो के उपर अच्छाईयो को स्थापित करने हेतु पुस्तक एवं दीपक की आवश्यकता होती है, जो कि इस लोगो में समाहित है। इस महाविद्यालय में बीजे एम सी सहित दस छोटे -छोटे पाठ्यक्रम इंटर पास युवक एवं युवतियों के लिए संचालित किया जायेगा। महाविद्यालय के कोर्स संचालन हेतु सक्षम प्राधिकार से मान्यता मिल चुकी है।जिसकी अधिसूचना दो दिनों के अंदर नव नियुक्त प्राचार्य एवं निदेशक शैक्षणिक के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा पत्रकारिता को लेकर आज भी युवाओ में स्पष्टता की कमी है कि कैरियर कैसा होगा या किस नौकरी हेतु मान्य है इन सभी विंदुओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया। अंत में रेडियो ईस्ट एन वेस्ट परिवार एवं ईस्ट एन वेस्ट शैक्षणिक संस्थान समुह के श्रृंखला को आगे बढाने हेतु अपने सभी शुभचिंतको एवं सभी संस्थान के वरीय से कनीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण का घोतक बताया।

# भाजपा ओछी राजनीती से बाज आये,बिहार में अपराधियों का बोलबाला

## कहा,पुलवामा हमले की सच्चाई को उजागर करे केंद्र सरकार



● लखीसराय पहुंचे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय ! पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव आज लखीसराय पहुंचे !इस उपप्रांत उन्होंने प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला ! उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और पुलवामा हमले जैसे बड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से लाश पर राजनीति करती है,यही भाजपा की नियत और नियति है ! सांसद पप्पू यादव ने कहा कि आज तक देश को पुलवामा अटैक जैसे बड़े हमले की देश को जानकारी नहीं मिली आज भी पुलवामा हमला एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है !उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी जमकर हमला बोला ! उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोई औकात नहीं है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्ता करे ! पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने बिहार के नीतीश सरकार पर भी बड़ा हमला करते हुए कहा कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं ! नित्य दिन हत्याएं हो रही है ! उन्होंने कहा कि बिहार का कानून व्यवस्था भगवान भरोसे है !माफिया राजनीतिक दल चला रहे हैं और अपराधी नेता बन रहें हैं !सिर्फ सुशासन का ढोल पीटा जा रहा है ! मौके पर पप्पू यादव के कट्टर समर्थक रंजय कुमार,अनिल यादव, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे !

## देशभर में 500 स्थानों पर - स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारतीय इतिहास वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि-प्रेम की अनगिनत गाथाओं से भरा हुआ है, लेकिन जब बात राजपूत शौर्य की होती है, तो सबसे पहला नाम आता है महाराणा प्रताप का। राजस्थान के इस अद्वितीय योद्धा ने मुगलों के सामने झुकने से बेहतर जंगलों में रहना पसंद किया था और यह उनका स्वाभिमान था। शौर्य यात्रा अभियान चावंड से प्रारंभ हुआ, जहाँ महाराणा प्रताप का समाधि स्थल स्थित है। चावंड के केजड़ तालाब के मध्य एक लाख वर्गफीट भूमि पर 12 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। यह केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यों, स्वराज, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। वीर गाथा यात्रा अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण यात्रा राजस्थान में 3,000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है, जिसमें कई गांव, कस्बे और ऐतिहासिक स्थल शामिल है। दूसरा चरण यात्रा 12,000 किलोमीटर लंबी यात्रा कुंभलगढ़ से शुरू होकर चावंड में समाप्त होगी। इस चरण में देश के 12 ज्योतिर्लिंग और अन्य तीर्थस्थल जुड़ेंगे। इस यात्रा को वीर गाथा यात्रा नाम दिया गया है, जो सिर्फ सड़क यात्रा नहीं बल्कि भारतीय गौरव के पुनः जागरण का प्रयास है। इस अभियान के तहत पूरे देश में 500 से अधिक स्थानों पर, महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। इनमें शामिल हैं, देश के 12 ज्योतिर्लिंग- उज्जैन (महाकालेश्वर), सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ, ओंकारेश्वर आदि। प्रमुख तीर्थस्थल है बरसाना, खाटूश्यामजी, सांवलिया सेठ, मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी और ऐतिहासिक नगर एवं कस्बा जहां महाराणा प्रताप से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं घटित हुई थी। महाराणा प्रताप की जन्मस्थली कुंभलगढ़ में 151 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा और एक संग्रहालय की स्थापना प्रस्तावित है। यह प्रतिमा महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और विचारों को शाश्वत रूप में संरक्षित करेगी। यहाँ आगंतुक उनके जीवन पर आधारित ऑडियो-विजुअल शो और ऐतिहासिक दस्तावेजों से रूबरू हो सकेंगे। महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं विशेष तकनीक से निर्मित किया जा रहा है, जिसकी प्रमुख विशेषताएं हैं, ऊंचाई- 12 फीट, वजन- 3100 किलोग्राम, सामग्री- मेटल स्ट्रक्चर (अष्टधातु), आयु- 100 वर्ष से अधिक। वहीं, स्थापना स्थल का आकार- 12 फीट चौड़ा, 18 फीट लंबा और 4 फीट ऊंचा प्लेटफॉर्म पर स्थापित किया जाएगा। इन प्रतिमाओं को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह एक सदी से अधिक समय तक बिना क्षति के टिका रहेगा। केवल महाराणा प्रताप ही नहीं, बल्कि उनके जीवन से जुड़े अन्य महान योद्धाओं और परिजनों को भी इस अभियान में स्मरण किया जाएगा, जैसे- जयवंता बाई (माता) जो महाराणा प्रताप की माँ थी, जिन्होंने उन्हें संस्कारों और स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया। राणा पुंजा सोलंकी (सेनापति) जो भील सेना के प्रमुख थे और जिन्होंने हल्दीघाटी युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हाड़ा रानी जो शौर्य और बलिदान का प्रतीक थी और राणा सांगा जो महाराणा प्रताप के पूर्वज थे, जिन्होंने बाबर से लोहा लिया था। इन सभी विभूतियों की भी प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना है। इस अभियान के तहत अब तक देशभर में 28 प्रतिमाएं स्थापित किया जा चुका है। इनमें से 21वीं प्रतिमा गुजरात के भरूच जिले के वालिया में स्थापित हुआ है, जिसकी ऊंचाई 12 फीट है। 22वीं प्रतिमा का लोकार्पण 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती पर राजस्थान के देवगढ़ में किया गया है। यह अवसर न केवल ऐतिहासिक ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक भी बना। इन प्रतिमाओं के निर्माण में देशभर के कुशल मूर्तिकारों, धातुशिल्पियों और वास्तुकारों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु के शिल्पकार इस कार्य में योगदान दे रहे हैं। एक-एक प्रतिमा को महीनों की मेहनत और बारीकी से गढ़ा जाता है ताकि महाराणा प्रताप का तेज, पराक्रम और आत्मविश्वास उसमें झलक सके।

## वायुसेना प्रमुख की चिंता

भारत के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने सार्वजनिक मंच से रक्षा-सौदों की लेटलतीफी पर चिंता जताई है, तो यह कोई सामान्य टिप्पणी या सरोकार नहीं है। सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा-उपकरणों का संकट और समयहीनता उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे-35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30-35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। वायुसेना प्रमुख का यह रहस्योद्घाटन तब सार्वजनिक हुआ है, जब भारत की वायुसेना "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के बड़े अड्डे ध्वस्त-मलबा कर चुकी है, करीब 170 आतंकियों को ढेर कर चुकी है और कई प्रमुख एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर चुकी है। "ऑपरेशन सिंदूर" हमने अपनी वायु-शक्ति की बदौलत ही जीता है। लिहाजा वायुसेना प्रमुख की ये चिंताएं बेहद गंभीर हैं। चीफ मार्शल पहले भी फरवरी, 2025 में एक ट्रेनर जेट के कॉकपिट में बैठे हुए कह चुके हैं कि उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) पर भरोसा नहीं है। एचएएल मिशन मोड में काम नहीं कर रही है। बहरहाल अब उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों को इस ओर आने का आह्वान किया है। भारत में 21 निजी कंपनियां रक्षा-उत्पादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि सरकारी नेतृत्व की 16 सार्वजनिक कंपनियां भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में कुल 430 अन्य कंपनियों के अलावा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम 16,000 से अधिक हैं, जो रक्षा-उपकरणों के कल-पुर्जे बनाते हैं। इतना व्यापक क्षेत्र होने के बावजूद हमारे लड़ाकू विमान लेटलतीफी के शिकार हैं, जाहिर है कि कारण असामान्य ही होंगे। हालांकि एयर चीफ मार्शल ने न तो किसी प्रोजेक्ट विशेष और न ही कंपनी का नाम लिया, लेकिन यह समयहीनता हमें भारी पड़ सकती है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं। तेजस एमके 1ए हल्के लड़ाकू विमान मई, 2024 तक उपलब्ध होने चाहिए थे। 2021 में एचएएल के साथ 83 विमानों का अनुबंध किया गया था, लेकिन अभी तक एक भी नहीं मिल पाया है। इसी तरह तेजस के अन्य किस्म के विमान का अभी "प्रोटोटाइप" भी नहीं बना है। 2026 तक ऐसे 200 विमान सप्लाई करने का करार किया गया था। विमानों की डिलीवरी में देरी का बुनियादी कारण "जीई एयरोस्पेस" कंपनी का इंजन रहा है, जो स्वदेशी लड़ाकू विमानों में लगना है। वायुसेना ने एचएएल के साथ 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों के लिए भी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस विमान को इसी साल सितंबर तक सेना में शामिल किया जाना है, लेकिन लेटलतीफी के कारण ऐसा संभव नहीं लगता। आज हम करीब 65 फीसदी रक्षा-उपकरणों का उत्पादन भारत में करते हैं। वायुसेना प्रमुख इतना ही पर्याप्त नहीं मानते। वह कहते हैं कि डिजाइन और डिवेलपमेंट भी भारत में ही होना चाहिए, लेकिन डीआरडीओ शोध और विकास की गति बढ़ाने में असमर्थता व्यक्त कर रहा है, क्योंकि उसे कुल रक्षा बजट का मात्र 5 फीसदी हिस्सा ही मिलता है। वायुसेना प्रमुख का मानना है कि कंपनियों और डीआरडीओ को आउटपुट आगामी 10 सालों में खूब बढ़ाना चाहिए। जो आज करना है, उसे आज ही किया जाना चाहिए। हमें भविष्य की तैयारियों के लिए आज ही तैयार होना होगा।

# भारत के लिए युद्ध हमेशा अंतिम विकल्प है

**उदाहरण के लिए हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थाई रूप से व्याप्त बने हुए तनाव को ले सकते हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान जो कुछ भी कर रहा है और भारत की ओर से जिस प्रकार से संयम, धैर्य का प्रदर्शन किया जा रहा है, यह हमें द्वापर युगीन कौरवों की अति और भगवान कृष्ण की सहृदयता का स्मरण कराता हैं। जब कौरवों के षडयंत्रों को पूरी तरह विफल करते हुए पांडव अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। तब उनके नेतृत्वकर्ता के रूप में भगवान कृष्ण ने यह निर्णय लिया कि हमें अंत तक युद्ध के अलावा उपलब्ध सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ऐसा ही हुआ, भगवान कृष्ण ने शांति दूत के रूप में हस्तिनापुर गमन किया और वहां उपस्थित दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र सहित समस्त कुरुवंशियों को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का सहज समाधान नहीं हो सकता। इससे राज सत्ता पर अधिपत्य जमाए रखने की आकांक्षा पाले बैठे लोगों की तुष्टि भले ही होती हो, लेकिन अनिष्ट प्रजा का ही होता है। दोनों ही पक्ष की सेनाओं के हजारों लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं।**





डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

(लेखक)

भारतीय सनातन सभ्यता में ऐसे कई प्रसंग एक जैसे दर्ज हैं, जिन्हें देखकर और पढ़कर ऐसा प्रतीत होता रहा है मानो इतिहास स्वयं को दोहरा रहा हो। अनेक कालखंडों में, दशकों में, सदियों में और युगों में, हमने कई घटनाएं ऐसी पढ़ी हैं, जिनके अध्ययन उपरांत ऐसा लगता है जैसे आज जो हमारे रूबरू है उसे पहले भी कहीं और पहले भी देखा जा चुका है। उदाहरण के लिए हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थाई रूप से व्याप्त बने हुए तनाव को ले सकते हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान जो कुछ भी कर रहा है और भारत की ओर से जिस प्रकार से संयम, धैर्य का प्रदर्शन किया जा रहा है, यह हमें द्वापर युगीन कौरवों की अति और भगवान कृष्ण की सहृदयता का स्मरण कराता हैं। जब कौरवों के षडयंत्रों को पूरी तरह विफल करते हुए पांडव अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। तब उनके नेतृत्वकर्ता के रूप में भगवान कृष्ण ने यह निर्णय लिया कि हमें अंत तक युद्ध के अलावा उपलब्ध सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ऐसा ही हुआ, भगवान कृष्ण ने शांति दूत के रूप में हस्तिनापुर गमन किया और वहां उपस्थित दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र सहित समस्त कुरुवंशियों को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का सहज समाधान नहीं हो सकता। इससे राज सत्ता पर अधिपत्य जमाए रखने की आकांक्षा पाले बैठे लोगों की तुष्टि भले ही होती हो, लेकिन अनिष्ट प्रजा का ही होता है। दोनों ही पक्ष की सेनाओं के हजारों लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उनसे अधिक लोग सदा के लिए अपंग हो जाते हैं। फल स्वरुप मानव समाज को युगों युगों तक उस अपराध का असहनीय दंड भुगतना होता है, दरअसल जो उन्होंने किया ही नहीं होता। अतः टकराव का रास्ता छोड़ते हुए कुरु वंश को पांडवों का सम्मान बनाए रखना चाहिए। भगवान कृष्ण ने राजसभा में मौजूद प्रजा के गणमान्य प्रतिनिधियों और कुरु वंश के सामर्थ्यवान पदाधिकारियों को भी यह सीख दी कि वे दुर्योधन और धृतराष्ट्र की अपवित्र महत्वाकांक्षाओं को समझें और उन्हें पाप पूर्ण कृत्य करने से रोकें। ताकि युद्ध के रूप में आसन्न अनिष्ट एवं अनर्थ को रोका जा सके। सभी सामर्थ्यवान प्रबुद्ध जन चुपचाप बने रहे। वहीं काल के वशीभूत, अपने अनर्थ से अपरिचित दुर्योधन ने जब उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया और भगवान कृष्ण को ग्वाला, गायों को चराने वाला, आदि शब्दों से असम्मानित करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दे डाला, तब यह तय हो गया कि अब कुरुवंशियों को काल के गाल में समाने से कोई नहीं रोक सकता। समूचा ब्रह्मांड जानता है कि केवल और केवल दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र की हठ धर्मिता के चलते महाभारत का युद्ध हुआ और उसमें लाखों लोग अकारण ही काल के गाल में समा गए। अंततः जीत सत्य स्वरूप श्री कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडवों की ही हुई। वर्तमान परिवेश में देखें तो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति कुरु वंश और पांडवों जैसी ही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बार-बार पाकिस्तान और वहां के हुक्मरानों को चेतावनी दे रहे हैं कि अंततः युद्ध विनाश का कारण होता है। जबकि वहां के हुक्मरान और सेना प्रमुख हमारे प्रधानमंत्री के वक्तव्यों की ठीक उसी प्रकार अनदेखी कर रहे हैं, जैसे हस्तिनापुर की राजसभा में दुर्योधन ने भगवान कृष्ण के प्रति असम्मानजनक व्यवहार का प्रदर्शन किया था। श्री मोदी जानते हैं कि पाकिस्तानी राजनेता और वहां की सेना भारत विरोधी एजेंडे को ही लंबे समय तक सत्ता पर काबिज बने रहने का जरिया मान कर बैठे हुए हैं। यही कारण है कि उन्होंने पाकिस्तानी अवाम का भला चाहते हुए उसे भी आगाह किया है कि वह अपना भला बुरा समझे और दुनिया भर में आतंकवाद को निर्यात करने वाले वहां के नेताओं, हुक्मरानों तथा सेना की नापाक हरकतों को पहचानें, समय रहते उन्हें वास्तविकता का एहसास कराते हुए उन्हें भारत में आतंकवाद निर्यात करने के गलत रास्ते पर जाने से रोकें । यदि पाकिस्तानी अवाम के ईमानदार प्रयास हुए तो संभव है वह आने वाले समय में भारतीय सदाव्यता के चलते भुखमरी, कंगाली और निकट भविष्य में सन्निद्ध गृह युद्ध जैसी विभीषिका से स्वयं को बचा सकेगा। अब निर्णय पाकिस्तान को करना है कि उसे अपनी अवाम का पेट भरने के लिए रोटी की उपलब्धता उचित लगती है या फिर भारतीय सेना की गोलियों से मरना ज्यादा अच्छा लगता है। यहां कुछ-कुछ प्रसंग सीख के रूप में हम रामायण युगीन घटनाओं से भी ग्रहण कर सकते हैं। उस कालखंड में भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने उस स्थिति में भी लंका वासियों का भला करने का और उन्हें अनिष्ट से बचाए रखने का हर संभव प्रयास किया था, जबकि वहां का राजा रावण उनकी धर्मपत्नी सीता जी का अपहरण करने का पाप कर चुका था। भगवान कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडव और प्रभु श्री राम की कृपा में तैनात वानर दल किसी भी दृष्टि से पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न शत्रु पक्ष का अनिष्ट करने में कमजोर नहीं थे। संकल्प मात्र से ही दुष्टों को नाश करने का सामर्थ्य उन्हें सहज ही प्राप्त था। लेकिन प्रभु श्री राम ने भी पहले हनुमान जी को लंका भेजा, जिन्होंने लंका जलाने से पहले रावण को बार-बार समझाया कि वह युद्ध को हर हाल में टालने का हर संभव प्रयास करे। इसी में राक्षस जाति की भलाई है। जब समुद्र पर सेतु बन गया। युद्ध को आतुर वानर सेना लंका के समक्ष हुंकार भरने लगी। तब प्रभु श्री राम ने एक बार फिर लंका को विनाश से बचाने का रास्ता खोजा और अंगद को शांतिदूत के रूप में प्रेषित किया। जैसा कि हमारे धर्म ग्रंथ बताते हैं, रावण के सिर पर भी काल मंडरा रहा था। सो उसे सामने खड़ा सत्य भी समझ नहीं आ रहा था, या फिर यू कहा जाए कि वह समझना ही नहीं चाहता था। बात त्रेता युग की हो या फिर द्वापर की, पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न पक्ष ने सत्य के मार्ग पर अडिग, धर्म परायण, सामर्थ्यवान, सज्जनों की सहृदयता को कमजोरी ही समझा और स्वतः ही मृत्यु के भोज्य बन बैठे। हाल ही में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गुजरात के प्रवास पर गए तब उन्होंने भुज की पवित्र भूमि से भारत और पड़ोसी देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के ऐसे प्रयास हैं, जिनके माध्यम से हमने आतंकवादियों का तो नाश किया, उनके प्रशिक्षण कैंपों को भी ध्वस्त किया। सामरिक महत्व के जिन एयर बेसों को देखकर पाकिस्तानी हुक्मरान और वहां की सेना फूली नहीं समा रही थी, उन्हें तहस नहश किया। लेकिन पाकिस्तानी अवाम के एक भी व्यक्ति को खरोच तक नहीं आने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे अचूक प्रहार और भारतीय आयुधों की पहुंच यह स्पष्ट करती है कि पाकिस्तान का कोई भी भूभाग भारतीय सेना के लक्ष्य से कतई दूर नहीं है। आशय स्पष्ट है, हमारा विरोध आतंकवाद से और आतंकवाद को पोषित करने वाली पाकिस्तानी सेना तथा वहां के हुक्मरानों से है। उन्होंने पहलगाम में जो नापाक हरकत की थी,

# रक्षा में आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदमों से बढ़ती सैन्य-ताकत

**निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। क्योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है। दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है।**





ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

ऑपरेशन सिंदूर की शानदार कामयाबी, पाकिस्तान को करारी चोट पहुंचाने, विश्व को भारत की सैन्य ताकत दिखाने और अपने सैनिकों के अद्भुत पराक्रम के प्रदर्शन की गौरवपूर्ण स्थितियों के बीच एक बड़ी खुशखबरी है कि भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी देते हुए इस परियोजना पर आगे बढ़ने को हरी झंडी दिखा दी है। निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। क्योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है। दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है। निश्चित ही पांचवीं पीढ़ी के उन्नत लड़ाकू विमानों का देश में ही निर्माण करने और उसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लेने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा एक ऐसा फैसला है, जो दूरगामी एवं देशहित का सराहनीय कदम है। ऐसे फैसलों में बिना विलम्ब के प्रोत्साहन एवं सहयोग होना चाहिए। हमें निश्चित करना चाहिए कि आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसे फैसलों से भारत की ताकत बढ़ती है, दुनिया की अधीनता कमतर होती है। गौरतलब है, अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। इस योजना के जरिये दुनिया को यह संदेश देना है कि भारत अब पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने की बजाय खुद बनाने का काम करेगा। इस स्वदेशी विमान के डिजाइन और विकास के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी। अब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगी और डीआरडीओ के मुखिया की मानें, तो अगले एक दशक में यह लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े का हिस्सा होगा। निस्संदेह, हमारे रक्षा वैज्ञानिकों की सराहना की जानी चाहिए कि उनके अथक परिश्रम, तकनीकी कौशल और मेधा के कारण देश जल्द ही सुरक्षा साजो-सामान के मामले में भी आत्म-निर्भर बन जाएगा। इन स्थितियों के लिये जहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सराहना होनी चाहिए वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मानना चाहिए। मौजूदा समय में भारत लड़ाकू विमान के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर है। सरकार ने इस दिशा में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस फैसले से घरेलू एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। एएमसीए का विकास भारतीय वायु सेना की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने और देश की रक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। पडोसी देशों की हरकतों, युद्ध की संभावनाओं एवं षडयंत्रों को देखते हुए आने वाले समय में होने वाले युद्ध में वायुसेना की क्षमता और तकनीक को अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा है। भारत हमेशा से एक शांतिकामी मुल्क रहा है, मगर अपनी सरहदों व विशाल आबादी की सुरक्षा के लिए वह दूसरे देशों के हथियारों या सुरक्षा उपकरणों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकता। विदेशी लड़ाकू विमानों या हथियारों की खरीद में उनके तकनीकी हस्तांतरण को लेकर कई तरह की पेचीदगियां पेश आती हैं। कई देश उन्नत रक्षा उपकरण तो दे देते हैं, लेकिन उनकी तकनीक नहीं देते या फिर उनके कलपुर्जे देने में देरी करते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान बनाने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि अमेरिका उनके लिए इंजन देने में आनाकानी कर रहा है। इसलिए एचएएल, डीआरडीओ की स्थापना की जरूरत मससूस की गई थी और आज इनके बनाए हथियार न सिर्फ हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि इस वजह से हमारा 20 फीसदी से भी अधिक सैन्य आयात कम हुआ है। आज हम अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुनिया को बेचने की स्थिति में हैं। मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है। आज जब युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं, तब भारत को हर तरह की रक्षा सामग्री स्वदेश में ही बनाने में इसलिए सक्षम होना होगा, क्योंकि ऐसा करके ही वह सच्चे अर्थों में महाशक्ति बन सकता है। प्रारंभ में विदेशी कंपनियों का सहयोग लेने में हर्ज नहीं, क्योंकि ऐसा करके ही तेजी के साथ उन्नत रक्षा समाग्री का निर्माण किया जा सकता है। भारत आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक का निर्माण करने में सक्षम है, इसे आपरेशन सिंदूर ने साबित भी कर दिया। हमारे रक्षा उपकरणों और तकनीक ने जिस तरह तुर्किये के ड्रोन की हवा निकालने के साथ चीनी एयर डिफेंस की पोल खोल दी, उसे विश्व भर के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं। रूस के सहयोग से बनी ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी तकनीक पर आधारित आकाश ने सिद्ध किया कि हमारे रक्षा विज्ञानी किसी से कम नहीं। उन्हें भरपूर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

## वैश्विक मंचपर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ा है, क्योंकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है

वैश्विक स्तरपर कोरोना कहर के बाद हम दुनियाँ के करीब-करीब हर देश की अर्थव्यवस्था में स्थिरता नहीं देख पा रहे हैं, अमेरिका में बैंक ऋण वाले मामले से लेकर इंग्लैंड व श्रीलंका से लेकर पाकिस्तान तक में किसी न किसी रूप में हम अर्थव्यवस्था लेवल पर क्राइसेस देखे हैं ऊपर से वैश्विक आर्थिक मंदी की बात भी मीडिया के अनेक प्लेटफॉर्म्स पर चली थी, परंतु एक बात पूरी दुनियाँ ने रेखांकित की है कि, भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर ही नहीं बल्कि आगे बढ़ती गई और ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना था। आज हम इस विषय पर इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि फिर एक बार भारत ने आर्थिक स्तरपर बड़ी लम्बी छलांग लगाई है, जापान को पछाड़ते हुए दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यानें 4 ट्रिलियन डॉलर से बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, यह बात अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) 2025 में कही गई है, जो अभी हाल ही में जारी की गई है यानें भारत अपने पीएम के स्वप्न 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था अभी बस एक कदम पीछे है, मुझे पूरी उम्मीद है करीब एक-दो वर्षों में ही हम यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे, फिर हम 10 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य और विजन 2047 के लिए तेजी से कार्य करेंगे, जिसका लक्ष्य 25 मई 2025 को एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रीयों व उप मुख्यमंत्रीयों की बैठक में माननीय पीएम महोदय ने मार्गदर्शन दिए हैं।इसके पूर्व 24 मई 2025 को नीति आयोग की 10वीं गवेर्निंग काउंसिल की बैठक में भी यह मंत्र दे चुके हैं। क्योंकि दुनियाँ की अर्थव्यवस्था जब धीमी गति से चल रही है, तो भारत सेवा, मैन्युफैक्चरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व मेडिकल क्षेत्रों में विशेष भूमिका निभा रहा है तथा वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ाते हैं।चूँकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत की बढ़ी आर्थिक छलांग, ब्रटेन को पछाड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, भारत अभी 4 ट्रिलियन बना अगला लक्ष्य 5 ट्रिलियन फिर 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी दूर नहीं! साथियों बात अगर हम भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की करें तो, भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक और बड़ी छलांग लगाते हुए जापान को पीछे छोड़ दिया है। भारत अब दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।यह जानकारी आईएमफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट (अप्रैल 2025) में दी गई है। नीति आयोग के सीईओ ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भारत की जीडीपी अब 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी है,और ये कोई हमारा अनुमान नहीं, बल्कि आईएमफ के आंकड़े हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अगर देश की नीतियां इसी तरह बनी रहीं तो आने वाले 2 से 3 सालों में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।2023 के आंकड़ों के अनुसार टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं की लिस्ट (जीडीपी के आधार पर): (1)अमेरिका--$27.72 ट्रिलियन (2) चीन--$17.79 ट्रिलियन (3) जर्मनी--$4.52 ट्रिलियन (4) जापान--$4.20 ट्रिलियन (5) भारत--$3.56 ट्रिलियन (6) ब्रिटेन--$3.38 ट्रिलियन (7) फ्रांस--$3.05 ट्रिलियन (8) इटली--$2.30 ट्रिलियन (9) ब्राजील-- $2.17 ट्रिलियन (10) कनाडा--$2.14 ट्रिलियन,2025 -26 में भारत की जीडीपी $4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में भारत की जीडीपी $4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि जापान की जीडीपी $4.186 ट्रिलियन रहने का अनुमान है।याने भारत अब जापान से आगे निकल चुका है।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 पेर्सेंट और 2026 में 6.3 पेर्सेंट रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। भारत अगले 2-3 वर्षों में जर्मनी को भी छोड़ देगा पीछे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान लगाया है कि अगर यही रफ्तार रही तो भारत अगले 2-3 वर्षों में जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनियाँ में सबसे आगे निकलने की रेस में है। साथियों बात अगर हम भारत के चौथी अर्थव्यवस्था पर छलांग लगाने के को अहम् उपलब्धि माननेकी करें तो,यह आर्थिक छलांग भारत के लिए इतनी अहम क्यों है? इसका पहला कारण है वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति, जैसे ही भारत ने जापान को पीछे छोड़ा और चौथे नंबर पर आया, निवेशकों की नजरें और विश्वास दोनों बढ़े हैं, दूसरी बात, भारत की युवा आबादी, बढ़ता मध्यम वर्ग और टेक्नोलॉजी हब बनता इको-सिस्टम यह दिखाता है कि यह ग्रोथ सिर्फ तात्कालिक नहीं, बल्कि टिकाऊ है। इसका असर हर नागरिक पर भी पड़ता है,चाहे वह नौकरी के नए अवसर हों, निवेश के रास्ते हों या जीवन स्तर में सुधार, हालांकि चुनौतियां भी हैं, जैसे कि प्रति व्यक्ति आय अब भी कम है, और आयात पर निर्भरता बनी हुई है,

# जिलाधिकारी ने बाल पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा शनिवार को समाज कल्याण विभाग बिहार द्वारा सारण जिले में संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उक्त भवन के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त व्यक्त किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन छपरा 1 को सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त भवन के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग कर बची मरम्मति कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई को उक्त पर्यवेक्षण गृह में जगह कम रहने तथा भीषण गर्मी को देखते हुए 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सिरियस एवं हिनियस श्रेणी के बच्चों को तरुण वार्ड में स्थानांतरित करने हेतु आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन छपरा आदि उपस्थित रहे।

# नीतीश सरकार का आईएएस आईपीएस पर बड़ा फैसला

## बेतिया के डीएम दिनेश कुमार राय का बढ़ा कद

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया( घनश्याम)। भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) के बैच वर्ष 2010 के पदाधिकारी दिनेश कुमार राय को भा.प्र.से. के सचिव/सचिव स्तर के पद पर कार्य करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गयी है। दिनेश कुमार राय का वर्तमान पदस्थापन समाहर्ता एवं जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण बेतिया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिला पदाधिकारी पश्चिम के तमाम जिलास्तरीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधिगण, जिलेवासियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधिगणों तथा जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया है।

# प्रखंड 20 सूत्री की बैठक संपन्न

रिविलगंज , रिविलगंज प्रखण्ड 20 सूत्री कार्यालय का उदघाटन प्रखण्ड कार्यालय में 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष के अध्यक्षता में हुई 20 सूत्री कार्यालय का छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता, एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायन यादव ,सांसद प्रतिनिधि ई सतेंद्र सिंह, शेखर सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कु सिंह,रामदयाल शर्मा, रमेश प्रसाद, प्रचार्य अरुण सिंह , जदयू जिला डॉ विशाल सिंह राठौर,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रितेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रखण्ड परिषद में एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि सरकार ने 20 सूत्री कार्ययवन समिति का गठन कर अच्छी पहल किया है। इससे सरकार के कार्य को पारदर्शिता के होगी। सरकार को योजनाओं को सही से धरालत पर उतारने का कार्य होगी। एमएलसी डॉ वीरेन्द्र नारायण यादव ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि रिविलगंज 20 सूत्री का टीम बहुत अच्छी है। अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य को अपने कार्य को अच्छे से करेंगे यह मेरी सोच है सरकार एवं विकाश के बीच का पुल का कार्य करता है। सरकार के योजना शत प्रतिशत गरीबो के बीच जानी चाहिये। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रामदयाल शर्मा रमेश प्रसाद ने 20 सूत्री के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान बहुत ही पुराने एवं अनुभवी कार्यकर्ता है। पूरे रिविलगंज में अपनी 28 वर्षो से जनता के दिन रात सेवा में रहते है। धर्मेंद्र सिंह चौहान जिला भाजपा के दो दशक तक कार्य किया है। सांसद प्रतिनिधि ई सतेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी प्रत्यासी डॉ धर्मेंद्र सिंह प्रचार्य अरुण कुमार सिंह शेखर सिंह जिला परिसद सदस्य गुड्डू साह, भाजपा नेता रामाकांत सिंह सोलंकी ने कहा की 20 सूत्री बनने से कार्यकताओं का मनोबल ऊँचा हुआ है। भारत सरकार एवं बिहार सरकार के योजना का निरीक्षण कर कार्य को सफल बनाने का काम करनी होगी। जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ विशाल सिंह राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के कार्य से जनता खुश है। प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संबोधित करने वालो में अजीत सिंह मुखिया, मनोज प्रसाद, नागेंद्र राम, इनई मुखिया प्रतिनधि जय प्रकाश सिंह ,भाजपा नेता मनोज सिंह,जिला महामंत्री धर्मेंद्र शाह ,विवेक सिंह, शत्रुध्न भगत,सत्यानन्द सिंह, मनोज सिंह पप्पू, जिला उपाध्यक्ष डॉ विकाश गुप्ता सदर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रिंकू सिंह,अनुरंजन प्रसाद, सतेंद्र शर्मा, संस्कार कुमार, सूधीर सिंह ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, राबिभूषन मिश्रा, ददन सिंह, संजय वारसी, राकेश सिंह, सूधीर सिंह, कार्यालय प्रभारी अर्धेन्धु शेखर,राजकुमारी देवी, प्रियकांत सिंह सरपंच चंद किशोर सिंह सहित के जनप्रतिनिधि एवं 20 सूत्री के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष गामा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन 20 सूत्री उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाक्सो एक्ट के एक मामले में आया फैसला अभियुक्त को मिली 3 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

बगहा। वाल्मीकिनगर थाना अंतर्गत सखुअनवां निवासी नाबालिग भानमती कुमारी ने 6 लड़कों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 22/2019 में केस दर्ज कराया था जिसका बेतिया न्यायालय में स्पीड ट्रायल चलाया गया। माननीय न्यायाधीश जावेद आलम ने फैसला सुनाते हुए कहा की अभियुक्त विजय कुमार को पाक्सो एक्ट की धारा 8 में दोषी पाया गया है,तीन वर्ष की कठोर कारावास के साथ इन पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है ।अर्थदंड नहीं देने पर दो महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी ।पीड़िता को प्रतिकार के रूप में 50 हजार रुपये देने का भी आदेश दिया ।बतादें की यह वाद स्पीड ट्रायल के रूप में चयनित था। अन्य अभियुक्तों का विचारण किशोर न्याय परिषद में पूर्व में ही भेजा जा चुका है।

### दो बाइक की टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल

नगरा। सीमावर्ती गौरा थाना क्षेत्र के रामपुर नहर के समीप दो बाइक चालक अनियंत्रित होकर आमनेझ्रसामने के टक्कर में बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर इतना भीषण था कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सभी युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई ।स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन युवकों को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक पर दोझ्रदो युवक सवार थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की रामपुर नहर के पास आमनेझ्रसामने जबरदस्त टक्कर हो गई। घायलों में गौरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के मुन्ना राउत का 23 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार, अशोक कुमार का 26 वर्षीय पुत्र श्रावण साह, राजकुमार रावत का 21 वर्षीय पुत्र कृष्ण रावत, हरिचंद्र रावत का 21 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार शामिल है। जिसमें विवेक कुमार का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा में इलाज चल रहा है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, क्योंकि यह मार्ग लगातार सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है।

### अल्पसंख्यक आयोग गठन में मंसूरी समाज को नहीं दी गई जगह

छपरा। बिहार सरकार ने आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर दिया। एनडीए के घटक दलों के 11 कार्यकत्ताओं और पदाधिकारीयों को आयोग में जगह दी गई हैं। जिसमें शेख, पठान, अंसारी, साई और अन्य जाति को जगह दी गई है, लेकिन मुसलमानों में तीसरी सबसे बड़ी जाति 19 लाख आबादी वाले धुनिया मंसूरी जाति को अनदेखा किया गया है। जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव शाजिद आलम ने बताया कि पूरे बिहार में 10 लाख से अधिक मतदाताओं वाले धुनिया मंसूरी समाज को अल्पसंख्यक आयोग में जगह नहीं दी गई है। जातिगत जनगणना और सामाजिक न्याय की बात करने वाली बिहार की एन.डी.ए सरकार धुनिया मंसूरी समाज को उसका हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं कर पाई। जदयू पार्टी और नीतीश सरकार की उदासीनता से धुनिया मंसूरी समाज में नाराजगी देख जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग ने छेड़ा जागरूकता मुहिम कार्यक्रम और जागरूकता रैली निकाली





प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग ने जागरूकता मुहिम छेड़ते हुए अभियान चला रही है। वाल्मीकिनगर स्थित भेरियारी कम्पार्ट प्राथमिक राजकिय विद्यालय परिसर में कार्यक्रम के जरिये प्लास्टिक के सामग्री के उपयोग के दुष्परिणाम एवम इसके दुष्प्रभाव को लेकर बच्चों व ग्रामीणों को जागरूक किया गया। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन स्थलों की साफसफाई व विभिन्न विद्यालयों के बच्चो के साथ पर्यावरण से सम्बंधित विषय कर कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम के साथ साथ जागरूकता रैली भी निकाली जा रही है। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका सोनी देवी,अंजना देवी,विकास सिंह,रेंजर श्रीनिवासन नवीन,प्रभारी वनपाल राकेश कुमार,वनरक्षी रंजन कुमार,पिंटू पाल समेत कई समाजसेवी शामिल हुए।

# 365 घरों की घनी आबादी वाला है धोकानी दोन क्षेत्र

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। अतिपिछड़ा थरुहट बहुल्य क्षेत्र स्थित दो नौरंगिया और बनकटवा करमहिया पंचायत के ग्रामीण पाषाण युग मे जीने को विवश है ।यहां आज भी मूलभूत सुविधाओं का घोर आभाव है ।सड़क,बिजली की सुविधा आज भी नहीं के बराबर है ।पूरे दोन क्षेत्र को दो भागों में बांटते हुए दो सोलर प्लांट लगाए गए हैं ।धोकनी दोन क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता देवराज महतो ने बताया कि आज भी विकास की बाट जोहते लोग किसी मसीहा के इंतजार में इस क्षेत्र के लोग टकटकी लाए हुए हैं ।सरकार द्वारा सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है लेकिन अब वह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है ।बनकटवा करमहिया पंचायत के कई गांव में बिजली नहीं है,जबकि यह घनी आबादी वाला 365 घरों वाला गांव है ।उन्होंने आगे बताया कि सोलर प्लांट 8 वर्ष पहले लगाया गया था जो अब जर्जर हो चला है ।सोलर से मिलने वाले बिजली से सिर्फ 3 एलईडी बल्ब जलाए जाते हैं जबकि,वासिंग मशीन,फ्रीज,मोटर,वैगरह तो यूज करना इस गांव के लोगों के लिए दिवा स्वप्न के समान है ।दूसरे समाज सेवी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले एक वर्ष से धौकनी दोन क्षेत्र के इलाके में सोलर प्लांट से लाइट नहीं मिलने के वजह से क्षेत्र की आधी आबादी ( गांव ) डार्क विलेज हो चली है ।जानकारी के लिए बतादूँ की दोन क्षेत्र में 22 से 25 गांव है जो अतिपिछड़ा इलाका है ।हालांकि कार्यपालक अभियंता बिजली बोर्ड के अमृता आलोक ने बताया है कि बरसात के बाद वन विभाग से एनओसी प्राप्त होते ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

# योगियां हाईस्कूल में शिक्षक,अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन




रसूलपुर। गृष्मावकाश को लेकर क्षेत्र के विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन हुआ ।शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित गोष्ठी में शिक्षकों द्वारा बच्चों के गृहकार्य में सहयोग करने की अपील अभिभावकों से की गई। योगियां हाईस्कूल में ।कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार द्वारा संचालित गोष्ठी में विज्ञान शिक्षक राकेश तिवारी ने कहा कि छात्र और शिक्षक के बीच अभिभावक सेतु का काम करते हैं परिणामस्वरूप ही छात्रों का शैक्षणिक विकास तीव्र होता है ।मौके पर असहनी,योगिया ,शिवरी गांवों से अभिभावक अलिशेर हुसैन,रंजीत प्रसाद, आदित्य कुमार ,ओमप्रकाश नारायण ,सरोज ओझा ,सलमान हुसैन,नागेंद्र कुमार ,सविता देवी के साथ वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप,विकास उपाध्याय , ,उमेश पांडेय ,धर्मेन्द्र तिवारी, नेहा,साजिदा परवीन,कपूरी ठाकुर,श्यामबाबू, बृजकिशोर, दीपक,दिनेश दूबे,अर्चना ,पूर्णिमा, कामिनी ,सुमन यादव ,श्रेया ,लूसी, दुर्गेशनंदिनी ,सिद्धि , राहुल गुप्ता अमरनाथ गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, आशिफ इकबाल मो इरफान,हर्षवर्धन यादव आदि विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

# क्लब की सदस्यों ने तंबाकू रोकथाम के लिए चलाया अभियान

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। इनर व्हील क्लब ऑफ सारण द्वारा तंबाकू निषेध व रोकथाम दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने शहर के विभिन्न जगहों पर पर्चे चिपकाए और वितरित किए, जिसमें तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाई गई। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का एक मुख्य कारण तंबाकू का सेवन ही है, जिससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। इस अभियान के माध्यम से क्लब का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें तंबाकू सेवन से मुक्ति पाने के लिए प्रेरित करना है। पर्चों में तंबाकू से होने वाले विभिन्न रोगों के बारे में जानकारी दी गई है, साथ ही तंबाकू सेवन छोड़ने के लिए सुझाव भी बताए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने लोगों से अपील की कि वे तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को समझें और स्वयं भी तंबाकू सेवन से दूर रहें और अपने परिवार और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हम तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम कर सकते हैं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इनर व्हील क्लब ऑफ सारण इस तरह के जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। क्लब की सदस्याएं आगे भी इस तरह के महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करती रहेंगी और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने का प्रयास करेंगी।

# इसुआपुर : ट्रक की ठोकर से बिजली का पोल टूटा , बिजली आपूर्ति ठप

प्रात : किरण संवाददाता




इसुआपुर । मशरक-इसुआपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर चहपुरा-हनुमानगंज गांव के पास 33 केवीए के डीपी में शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने ठोकर मार दी। इस दौरान डीसीए का दोनों पोल टूट गया। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। जिससे 33 केवीए के उपभोक्ता इस उमस भरी गर्मी में बिजली के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं कार्यपालक अभियंता पूर्वी मदन कुमार की देख रेख में पोल बदलवाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस बावत एसडीओ बिजली अभय मौर्या ने बताया कि रात्रि 2 बजे के करीब मशरक की तरफ से आ रही ट्रक इफ05 ऊ2818 एसएच 90 के चहपुरा गांव स्थित 33 केबीए के डीपी पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डीपी का दोनों पोल छतिग्रस्त हो गया तथा ट्रक दोनों पोल को छतिग्रस्त करते हुए उसमें घुस गया। वहीं जेई मनोज कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित प्राथमिकी दर्ज करने हेतु इसुआपुर थाने में आवेदन दिया गया है। मौके पर इसुआपुर थानाध्यक्ष कमल कुमार राम, पुअनि संजय कुमार पुलिस बल के साथ स्थिति नियंत्रण में लगे हुए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर नजदीकी दुकानदारों द्वारा गम्भीर रुप से घायल ट्रक के चालक को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया है ।जहां उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है। बिजली विभाग के कर्मी पोल बदलने में लगे हुए हैं। जेई ने शनिवार की देर शाम तक बिजली बहाल कर दिए जाने का आश्वासन दिया है।

# थाना में ही छलकाया जाम,सारण एसएसपी ने भेजा जेल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। कानून के रखवाले ही कानून को तोड़ डालते हैं। छपरा में एक ऐसा मामला उजागर हुआ है जहां थाने में ही आम पब्लिक के साथ पदाधिकारी शराब पीते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं । बिहार में पूर्ण रूप से शराब बंदी लागू है इसकी जिम्मेदारी बिहार पुलिस के कंधे पर भी दी गई है। लेकिन यही पुलिस आम पब्लिक के साथ बैठकर थाने में ही शराब पी रही है जिसका मामला उजागर होते ही सरण पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने पुलिस पदाधिकारी सहित पांच को जेल में डलवा दिए। मिली सूचना अनुसार शराब सेवन के आरोप में 05 को गिरफ्तार जेल भेजा गया है। एक पुलिस पदाधिकारी निलंबित हुए है तथा एक होमगार्ड जवान को ड्यूटी से वंचित किया गया है।

29 मई को गुप्त सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 के साथ भगवानबाजार थानान्तर्गत गंडक कॉलोनी स्थित नाका नं0-01 में विधिवत छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में नाका नं0-01 के प्रभारी पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय, गृहरक्षक सि0/201950 विराट राज आनंद सहित अन्य तीन व्यक्तियों के द्वारा नाका-01 के रूम में शराब का सेवन करते हुए पाए गये।

इन सभी का ब्रेथ एनालाईजर से जाँच के क्रम पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय, गृहरक्षक सिपाही/201950 विराट राज आनंद एवं अन्य 03 व्यक्तियों की शराब पीने की पुष्टि हुई तथा मौके से 180 एमएल का दो बोतल अंग्रेजी शराब एवं छः ग्लास में विदेशी करीब 600 एमएल शराब बरामद किया गया। जिस संबंध में भगवान बाजार थाना कांड सं0-291/25, धारा-30 (ए)/37 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

उक्त घटना के संबंध में भगवानबाजार थाना द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर एसएसपी सारण द्वारा नाका-1 के प्रभारी, पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय, थाना को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित किया गया है एवं 07 दिनों के भीतर विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। साथ हीं गृहरक्षक सि0/201950 विराट राज आनंद के विरूद्ध आजीवन ड्यूटी से वंचित की अग्रतर कार्रवाई हेतु वरीय समादेष्टा, गृहरक्षा वाहिनी, सारण को प्रतिवेदन भेजी गयी है।

वही एस एस पी डॉ कुमार आशीष ने कहा है कि सारण जिला पुलिस के द्वारा गलत कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी / कर्मी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी की जायेगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी /कर्मी को पुरस्कृत किया जायेगा। गिरफ्तार होने वालों में प्रभारी नाका न०-1 भगवानबाजार थाना,पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय,गृहरक्षक सि0/201950 विराट राज आनंद नगर थाना निवासी मिथिलेश मिश्रा के पुत्र आशीष कु० मिश्रा, मुफ्फसिल थाना के घेंघटा निवासी देवानंद राय का पुत्र पवन कु० नंदन,तथा भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार निवासी श्याम बहादुर राय का पुत्र अनिल कुमार शामिल है।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




लहलादपुरः विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी सारण ने प्रखंड मुख्यालय में स्थित ई किसान भवन के सभागार में प्रखंड स्तरीय शारदीय (खरीफ) कर्मशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी में किए जाने वाले विभिन्न विषयों के प्रशिक्षण, भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं, पॉलीहाउस में सब्जियों का उत्पादन, शून्य जुताई विधि से धान की सीधी बुवाई, अरहर की खेती, उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चन्द्र चंदोला ने वैज्ञानिक विधि से फलों के नए बाग लगाना, उत्तम किस्म के पौधों की उपलब्धता, गड्ढे खोदने का उत्तम समय एवं विधि, प्राकृतिक खेती, पोषण वाटिका, ड्रोन का खेती में महत्व, फलों एवं सब्जियों की नर्सरी, पौध संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. जीर विनायक ने खरीफ के फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग के प्रबंधन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन एवं मृदा विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं मृदा के जांच एवं ए.टी .एम. श्री विष्णुपाल शर्मा ने बिहार की कृषि से संबंधित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारियां दी. कार्यक्रम में सैकड़ों महिला-पुरुष किसान ने भाग लिया. आत्मा लहलादपुर से ए.टी. एम. नौशाद आलम, कृषि समन्वयक तारकेश्वर भारती, धर्मेन्द्र सिंह, कृषि सलाहकार राजू कुमार गिरी, चंद्रशेखर सिंह आदि ने अपना विचार रखा.

# लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

## रहें सावधानः तम्बाकू के सेवन से कैंसर जैसे गंभीर रोग होते है




प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया, दुनिया में हर साल यानी 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के तौर पर मनाया जाता है। ऐसे में आज इस दिवस को पूरे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर सेलिब्रेट किया जा रहा है। ये कहना है जिले के गैरसंचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी का ।उन्होंने बताया की इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को कैंसर जैसे गंभीर रोग के प्रति सचेत करना है ।उन्होंने कहा की तंबाकू जनित मुख के कैंसर से प्रतिवर्ष 3.5 लाख लोगो की मौत हो रही है यह एक गहरी सामाजिक एवं आर्थिक क्षति हैं प्रचार प्रसार के माध्यम से एवं राष्ट्रीय एनसीडी कार्यक्रम के द्वारा सरकार इस क्षति को रुकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी के लिए 15 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं ।विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एएनएम स्कूल नरकटियागंज, पश्चिम चंपारण में डॉ मुतुर्जा अंसारी के उपस्थिति में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना था ।कार्यक्रम में तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें स्वास्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार,एएनएम स्कूल के प्रिंसिपल दुर्गेश कुमार, ट्यूटर अक्षय कुमार एवं संतु कुमार राम,ओरल हेल्थ के भास्कर कुमार, डेंटल सर्जन डॉ लाल बाबू, डिस्ट्रिक्ट साइकोलॉजिस्ट अभिषेक कुमार, सतीश कुमार मौजूद थे।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर एएनएम कॉलेज की छात्राओं को किया गया जागरूक



बेतिया,विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर बेतिया के एएनएम स्कूल सहित कई स्थानों पर मासिक धर्म के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ताकि किशोरी व महिलाएँ आनेवाले मासिक धर्म के समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी है इसको जान सकें। इस सम्बन्ध में एसीएमओं डॉ रमेश चंद्रा ने बताया की उस समय की असावधानी के कारण जाने अनजाने में कई प्रकार के रोग व इन्फेक्शन की शिकार महिलाएँ हो जाती है इसलिए पीरियड के दौरान स्वछता बहुत जरूरी है। वहीं पिरामल फाऊंडेशन के प्रतिनिधि राखी सिंह ने सभा में उपस्थित सभी एएनएम को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, उन्होंने कहा माहवारी कोई शर्म की बात नहीं है, बल्कि यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है। मौके पर एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा, एएनएम महाविद्यालय के प्राचार्य हरिहर गुप्ता, आरबीएसके जिला समन्वयक डॉ रंजन कुमार मिश्रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेतिया के स्वास्थ्य प्रबंधक, पिरामल फाऊंडेशन के प्रतिनिधि राखी सिंह एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# सवर्ण आयोग अध्यक्ष बनने पर डॉ महाचंद्र सिंह को दी बधाई

छपरा। पूर्व मंत्री एवं सारण से विधान पार्षद रहे वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह को बिहार सवर्ण आयोग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सिर्फ सारण प्रमंडल हीं नहीं बल्कि पूरे बिहार में हर्ष और उल्लास का माहौल है। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व बौद्धिक संगठनों सहित आमजन भी इस फैसले का स्वागत कर रहे हैं। डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह के नियुक्ति पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आदित्य सिंह ने डॉ. सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह निर्णय सरकार का स्वागत योग्य कदम है। डॉ. महाचंद्र सिंह एक कर्मठ, अनुभवी और सभी वर्गों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले नेता हैं।

# चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित विकेंड नुक्कड़ मुद्दा में नाटक हमार बबुआ की हुई प्रस्तुति

➤ साहेब लाल यादव द्वारा निर्देशित नाटक हमार बबुआ में किशोरों में बढ़ते नशे की लत व बाल श्रम को मुद्दा बनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा : सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट आरा द्वारा आयोजित शनिवारीय नुक्कड़ श्रृंखला विकेंड नुक्कड़ मुद्दा में साहेब लाल यादव द्वारा लिखित व निर्देशित नुककड़ नाटक हमार बबुआ की प्रस्तुति की गई. विदित हो कि आरा के रंगकर्मियों ने सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले नुक्कड़ नाटक श्रृंखला प्रारम्भ किया है. इसके अंतर्गत सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को स्थानीय व देश विदेश के मुद्दों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संध्या समय स्टेडियम गेट, रमना मैदान में, रंग दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया जाएगा.

कार्यक्रम की शुरूआत शहर के समाज सेवी सुनील पाठक एवं अंशु सिंह सिकरिवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. श्री पाठक ने अपने सम्बोधन ने कहा कि नुक्कड़ नाटक सामाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. कार्यक्रम का संचालन कर रहें जदयू नेता अभय विश्वास भट्ट ने आज समाज व परिवार में पनप रहें कुरीतियों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज में पनप रहे कुरीतियों का उपाय है.

नुक्कड़ की इस श्रृंखला में आज की प्रस्तुति युवा रंगकर्मी साहेब लाल यादव द्वारा लिखित व निर्देशित नुक्कड़ ह्न हमार बबुआह्न की प्रस्तुति की गई. इस नाटक में किशोरों में पनप रहे जानलेवा नशे को मुद्दा बनाया गया. आज गरीब के साथ साथ मध्यय वर्ग के बच्चे भी खतरनाक और जानलेवा नशे के आदि बनते जा रहे है.

नाटक की मुख्य भूमिकाओं में वरीय महिला रंगकर्मी आरती देवी, चर्चित रंगकर्मी लड्डू भपाली, वरिष्ठ रंगकर्मी अम्बुज राजा, वीरेंद्र ओझा ह्य बम ह्य, डॉ अनिल सिँह, राजा कुमार व साहेब लाल यादव के साथ साथ बाल कलाकर अंकुश राज और कुमार राजा रहें. नाटक में अंजनी कुमार ने संगीत दिया एवं धन्यवाद ज्ञापन लड्डू भोपाली ने किया.

नुक्कड़ श्रृंखला कार्यक्रम में शामिल मुख्य लोगों में आलोक सिंह, सरफराज अहमद, , सुधीर शर्मा, श्याम शमीर्ला, राजेश कुरील, सुशील कुमार, कृष्नेन्दु, डॉ पंकज भट्ट, मनोज सिंह आदि शामिल रहें.

# भाविप ने किया लोक माता पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। शनिवार को भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में लोक माता पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह पर गोष्ठी शहर के कौड़ीहार चौक स्थित परिषद के कार्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्सौल शाखा के संरक्षक अवधेश सिंह ने की । इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलित कर वन्दे मातरम् गायन तत्पश्चात भारत माता एवं लोक माता पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में अवधेश सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए इस बात को रेखांकित किया कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का कृतित्व एवं व्यक्तित्व विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की श्रेणी में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव डालता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं।उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है।

मालवा की महारानी के रूप में धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। वहीं सचिव डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह, मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने गोष्ठी में अपने -अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमेशा शिवलिंग को साथ रखने वाली लोक माता के बारे में इतिहास में उल्लेख है कि उन्होंने अपने सिंहासन पर भी शिवलिंग को विराजमान रखा था तथा उन्हें भगवान शिव एवं हनुमान जी साक्षात दर्शन दिए थे। उन्होंने उत्तर में बद्रीनाथ से दक्षिण में रामेश्वरम तक तथा काशी विश्वनाथ से सोमनाथ तक भव्य मंदिरों, धर्मशालाओं का निर्माण बल्कि देश की चारों दिशाओं में तीर्थस्थानों का जीर्णोद्धार कर सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित किया। वे गरीबों, विकलांगों, साधु -संतों, पशु -पक्षियों, जीव -जंतु सभी का ध्यान रखती थी यहां तक की अपने सैनिकों कर्मचारियों के कल्याण के लिए सतत सचेष्ट रहती थी। अहिल्याबाई होलकर का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए धड़कता था जहां उन्होंने के मंदिरों का पुनर्निर्माण के साथ घाट भी बनवाया और अन्न सत्र या सदावर्त खुलवाए जहां लोगों को प्रतिदिन मुफ्त भोजन मिलता था।

उनका लोक कल्याण हेतु कर्तव्यशीलता व जनसेवा के आदर्श ध्रुव तारे की तरह समस्त देशवासियों एवं युवा पीढ़ी का सतत पथ प्रदर्शक हैं। उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व के आलोक में ही देश एक बार विश्व गुरु के रूप में प्रतिस्थापित हो सकता है। इस मौके पर भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के महिला एवं बाल विकास संयोजिका डॉ. (श्रीमती )बी.एस.दास, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, रजनीश प्रियदर्शी, सुनील कुमार, विजय कुमार साह, योगेन्द्र प्रसाद, सुरेश धानोठिया, विनोद रौनियार, बिमल सर्राफ, देवेन्द्र सिंह, विंध्याचल पाण्डेय, राम एकबाल प्रसाद, सौरभ कुमार एवं विजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इसकी जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

# राष्ट्रीय जनता दल ने किया रेलवे परिसर आरा में प्रतिकार सभा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

भोजपुर। राष्ट्रीय जनता दल भोजपुर के तत्वावधान मे भाजपा द्वारा घर-घर बाटे जा रहे सिन्दूर का प्रतिकार किया गया प्रतिकार सभा का आयोजन रेलवे परिसर आरा मे किया गया प्रतिकार सभा के अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राजद बिहार मनोज सिंह एवं संचालन प्रो॰ राजेन्द्र मनियारा ने किया।वही अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने कहा की भाजपा सरकार और उनके नेता निर्लज्ज है सेना ने अपना फर्ज निभाई और श्रेय मोदी सरकार वोट के लिए सिन्दूर बाट रहे है हम प्रतिदिन गाँव के इलाके मे घूमते है गाँव के महिलाओ मे भारी आक्रोश है हमारे समाज मे सिन्दूर का महत्व और सम्मान अपनापन, गहरा आजीवन सम्बन्ध से है लेकिन भाजपा सरकार और उनके नेता नरेंद्र मोदी जी ने कभी सिन्दूर का महत्व और सम्मान समझा ही नही आगामी चुनाव मे हमारी मॉ, बहनो सिन्दूर का सम्मान क्या होता है भाजपा सरकार को बताने का काम करेगी।वही बिहार मे भाजपा गठबंधन को नेस्तनाबूद करने का संकल्पबद्ध है महिला, नौजवान, किसान।वही राजद नेता महेश यादव ने कहा की भाजपा वोट के लिए अपना स्तर सिन्दूर बांटने तक पहुंचा दिया हमलोग कतई स्वीकार नही करेंगे ।वही जिप सदस्य भीम यादव ने कहा की भाजपा सरकार कभी भी मुद्दे की राजनीति नही की और सेना ने पराक्रम दिखाया और भाजपा सरकार उसको वोट के रूप मे देख रहा है जो राष्ट्र हित मे नही है।वही राजद नेता रघुपति यादव ने हर घर सिन्दूर बांटने पर भाजपा सरकार पर जमकर भड़ास निकाला जबसे मोदी सरकार आई मंहगाई, बेरोजगार चरम सीमा पर है। वही प्रतिकार सभा मे राजद नेता अनिल यादव, अरुण यादव, मो. सोहैल खान, राज गौरव टाइगर, भुवनेश्वर यादव, रंजीत सिंह, छात्र नेता तेजू त्यागी, भीम यादव, आकाश पासवान, जेपी सिंह, सुभाष यादव, मुनु चंद्रवंशी, मनोज राम, चिनी साह, लक्ष्मण सिंह, ताडक सिंह, राहुल सिंह सहित दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक में एक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## तम्बाकू से शारीरिक एवं मानसिक दोषों में असंतुलन के साथ साथ विकृति पैदा होती है : वैद्य (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता



पटना ।31 मई प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन के आहवान पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का पुरे दुनिया में आयोजन किया जाता है कारण की विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार:

हर साल पुरे दुनिया में तकरीबन 80 लाख से ज्यादा मौतें तंबाकू के सेवन से होती हैं। भारत में हर साल 10 लाख से अधिक लोग तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण मरते हैं।

तंबाकू के धुएँ में 7,000 से ज्यादा रसायन होते हैं, जिनमें 69 से अधिक कैंसर कारक तत्व पाए जाते हैं। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि तंबाकू किसी भी रूप में ह्न चाहे सिगरेट हो या गुटखा ह्न जहर की तरह काम करता है। इससे न केवल शरीर का हर हिस्सा प्रभावित होता है, बल्कि परिवार और समाज भी किसी न किसी रुप में प्रभावित होता है

तम्बाकू सेवन से सबसे बड़ा खतरा फेफड़ा, मुंह, गल्ला, जबड़ा इत्यादि का कैंसर के साथ साथ ह्रदरोग, ब्रांकाइटिस, दमा, हाई ब्लडप्रेशर, नपुंसकता एवं प्रजनन क्षमता में कमी जैसी बिमारियों के होने का डर बना रहता है और 30 से 40 प्रसेंट रोगियों का कारण किसी ना किसी रुप में तम्बाकू ही होता है। इसलिए आने वाले नये पिढ़ियो के साथ साथ इससे पिडित लोगों को समझाने के साथ साथ समय पर उचित उपचार कराने की जरूरत है।

आयुर्वेद के अनुसार तम्बाकू से शारीरिक एवं मानसिक दोषों में असंतुलन के साथ साथ विकृति पैदा होती है फलस्वरूप बहुतेरे प्रकार के रोगों से आक्रान्त होने के साथ साथ दिनों दिन लोग कमजोर हो जाया करते हैं। आयुर्वेद में आचार्यो ने इसके उपचार के लिए बहुत सारी जड़ बुटिओं, दवाईयों का वर्णन करते हुए पंचकर्म चिकित्सा के द्वारा ठीक करने के लिए बहुत सारे विधियों का उल्लेख किया है, जिसका अपने चिकित्सकिय कार्य काल में उपयोग कराकर सैकड़ों रोगियों को ठीक करने का दावा राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं अस्पताल पटना के पुर्व प्राचार्य वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद ने बेली रोड, शेखपुरा, पटना स्थित अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक में आयोजित एक संगोष्ठी में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद में वर्णित जीवन शैली विशेष रूप से दिन चर्या, रात्र चर्या, ऋतु चर्या, सदवृत, रसायन, आचार रसायन एवं नियमित योगाभ्यास करके लोगों को इससे मुक्ति दिलाई जा सकती है और इससे पिड़ित रोगियों को आयुर्वेद तथा पंचकर्म चिकित्सा से ठीक किया जा सकता है।

# मध्य विद्यालय काउप के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



मध्य विद्यालय काउप के प्रांगण में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के पोषक क्षेत्र से लगभग 350 अभिभावक शामिल हुए। बैठक में शिक्षा विभाग बिहार सरकार पटना द्वारा निर्धारित थीमह्न पढेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हमह्न पर उपस्थित शिक्षकों के द्वारा विस्तृत चर्चा किया गया।इसके बाद ग्रीष्मकालीन में बच्चों को दिए गए होमवर्क और असाइनमेंट कार्य से अवगत कराया गया। इसके बाद विद्यालय शिक्षा समिति के गठन का प्रस्ताव दिया गया । सर्वसम्मति से कोटीवार सदस्यों का चयन किया गया। चयनित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीटी कुमारी को विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव के रूप में चयन किया है।

चयनित सचिव सह सभी सदस्यों को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शंकर दयाल सिंह, शिक्षक शशि रंजन कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, उमाशंकर पंडित, गीता कुमारी, मंजू कुमारी, विजय कुमार, कुमारी अंजना, नूरजहां खातून, संतोष कुमार प्र०, रोहित कुमार, प्रतिमा कुमारी, छोटेलाल रजक शामिल थे।

# श्री सूर्य प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ की तैयारी पूर्ण आज जलभरी कलश यात्रा निकाली जाएगी

प्रात: किरण संवाददाता



अगिआंव. प्रखंड के अगिआंव में स्टार क्लब के सौजन्य एवं समस्त ग्रामवासियों की मदद से श्री सूर्य प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ हेतु तैयारी पूर्ण कर लिया गया है. आज कलश जलभरी यात्रा निकाली जाएगी. कलश जलभरी यात्रा अगिआंव सूर्य मंदिर से शुरू होकर रत्नाढ़ नदी से जलभरी किया जाएगा. जिसको लेकर सभी तैयारियां कर ली गई है. श्री भक्ति संस्थान काशी प्राणप्रतिष्ठा से चलकर आए जगत गुरु श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में सभी भक्तजन शामिल होंगे.

बता दे कि अगिआंव में पहली बार महायज्ञ की शुरूआत होने जा रहा है जो 1 जून से लेकर 7 जून तक चलेगा. इस दौरान साधु संतों की प्रवचन के साथ रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा. इस दौरान स्टार क्लब से सदस्य योगिंद्र पंडित, सरयू सिंह, शंकर यादव, रामनारायण शर्मा, संजय शर्मा, रमाकांत सिंह, मनोज सिंह, मणिकांत सिंह, शनिकांत सिंह, मुन्ना पंडित, अप्पू शर्मा, उपेंद्र शर्मा के द्वारा सुविधा दी जाएगी.

## जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों की समस्याओं का समाधान करूंगा: कर्नल भोला सिंह



आरा। सर्किट हाउस में पत्रकार भाइयों से बातचीत में कर्नल भोला शंकर सिंह यादव ने कहा कि मैं संदेश प्रखंड के भटौली गांव के एक साधारण से कृषक परिवार में जन्म लेकर अपने ही गांव के विद्यालय में पढ़ाई किया। जब आरा के जैन कॉलेज में पढ़ रहा था तभी सेना में भर्ती हो गया। थोड़े ही दिनों में सेना में अधिकारी के रूप में चयनित होकर 1997 में 2/छ३ बन कर तोपखाना रेजिमेंट में चला गया। अपने लगन और मेहनत के बदौलत एक कर्नल बन कर सेवा निवृत्ति लेकर अपने क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देने का फैसला लिया। वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी इखढ का सदस्य हूं एवं संदेश क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहा हूँ ताकि लोगों के मूलभूत समस्याओं से अवगत हो सकूं एवं यदि मेरे दल ने मौका दिया तो जनप्रतिनिधि के तौर पर उनका समाधान करने का भरपूर प्रयास करूंगा। बातचीत के दौरान उन्होंने संदेश विधान सभा में सड़कों की त्वरित मरम्मत, बिजली की सप्लाई में बढ़ोतरी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

## आरा नगर अध्यक्ष चुनाव के लिए बैठक आहूत की गयी

आरा। गोढना रोड में शर्मा मैरेज हौल में राजद प्रदेश कार्यालय के निदेर्शानुसार सत्र 2025-28 के लिए आरा नगर अध्यक्ष चुनाव के लिए बैठक आहूत की गयी।इस बैठक की अध्यक्षता नगर निवार्चि पदाधिकारी सेराज अहमद एवं सहायक निवार्चन पदाधिकारी मो० इनामुल हक द्वारा किया गया। संचालन सेराज अहमद द्वारा किया गया।इस बैठक में राजद के क्रियाशील सदस्य उपस्थित थे। उपस्थित सभी सदस्यों की परामर्श से श्री शिव कुमार शर्मा को आरा नगर अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया।इस बैठक में राजद के गणमान नेता मोजूद रहे। जिसमें राजद के सुरेश विश्वकर्मा, इशान राज, ओम प्रकाश मुन्ना, नन्द किशोर यादव, राजगौरव टाइगर, सुहेल खान, फैज अकरम, महमूद रजा उर्फ चुन्नु भाई, शमीम खान भुवनेश्वर यादव, सभा यादव निरंजन प्रसाद, हसन अंसारी, वसीम आमिर, विजय यादव मौजूद रहे।

# सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन का शेष आठ दिन, समाज का जोश गर्मी पर भारी, बैठकों का सिलसिला रहा जारी

# प्रदेश के जनप्रतिनिधियों एवं संघर्ष मोर्चा के लोगों ने झोंकी अपनी-अपनी ताकत



अभय आर्या

पटना। अखिल भारतीय सुढ़ी वैश्य संगठन, पटना के तत्वाधान में आयोजित ह्नसुढ़ी अधिकार महासम्मेलनह्न बापू सभागार पटना में आगामी 08 जून को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जा रही है। जिसमें बिहार प्रदेश के कोने कोने से सुढ़ी जाति अपने परिवार के साथ हक और अधिकार के लिए शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम निमित समाजसेवी प्रहलाद कुमार पूर्वे को दरभंगा प्रमंडल का संयोजक नियुक्त किया गया है। जिला संयोजक संजय महतो, मीडिया प्रभारी समित राउत, प्रदेश सह संयोजक (महिला प्रकोष्ठ) काजोल पूर्वे को मधुबनी जिला से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सभी मनोनीत पदाधिकारी अपने समाज के लोगों के बीच पहुंच कर 08 जून को पटना चलने के लिए निमंत्रण सह सूचना कर रहे हैं।

आगामी पटना में महासम्मेलन को सफल बनाने के लेकर बीते दिन पूर्व विधान पार्षद सुमन महासेठ ने जिले एवं प्रदेश के कई प्रखंडों के संगठनों के साथ बैठके की।

अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल होने की मांग सुढ़ी जाति के कई मंत्री नेता विधायक लगातार करते आरहे हैं। जिसमें पूर्व मंत्री और वर्तमान मधुबनी विधायक समीर महासेठ एवं अरुण शंकर प्रसाद (खजौली विधायक) के साथ साथ पूरे प्रदेश के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों एवं संघर्ष मोर्चा के लोगों का इस संघर्ष में साथ खड़े है।

बर्ष 2019 में सुडी युवा शक्ति मधुबनी के तत्वाधान में नगर के सूड़ी स्कूल मैदान में भव्य सूड़ी समाज का जिला सम्मेलन आयोजित कर अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल करने की हुंकार भर पटना में रैली आयोजित करने की बात की गई थी। पर उस वक्त कोरोना महामारी के कारण तत्काल स्थगित किया गया था। लेकिन समय के साथ संघर्ष अनवरत जारी रहा और आगामी 08 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित ह्नसुढ़ी अधिकार महासम्मेलनह्न सीतामढ़ी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ वरुण कुमार के संयोजन एवं सभी पूर्व वर्तमान जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है।

सुढ़ी जाति की मांग है कि सूड़ी समाज को सरकार अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल करे जिससे उनके शैक्षणिक, राजनैतिक, आर्थिक स्थिति मजबूत बन सके।

## मीनापुर पिपराहा के असली पंचायत में महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुआ समीक्षात्मक बैठक

अभय आर्या

मीनापुर पिपराहा असली पंचायत अंतर्गत प्रसाद गांव में सुढ़ी समाज के लोगों के साथ 8 जून को प्रस्तावित कार्यक्रम सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन की तैयारी एवं समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न साह पुर्व मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी पिपराहा असली पंचायत एवं संचालन कृष्ण कुमार एनजीओ डायरेक्टर ने किया।जिसमें सुढ़ी समाज के लोगों ने संकल्प लिया की 8 जून को बापू सभागार में हजारों हजार की संख्या में पहुंचेंगे और समाज की आर्थिक, सामाजिक राजनीतिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए और अति पिछड़ा वर्ग में जब तक बिहार सरकार हमें शामिल नहीं करेगी यह आंदोलन चलता रहेगा। मौके पर मौजूद सुढ़ी समाज मुजफ्फरपुर के पदाधिकारीगण चितरंजन महतो (तिरहुत संयोजक) वीरेंद्र कुमार (जिला अध्यक्ष) विनय साह (उपाध्यक्ष) पंकज गामी (महासचिव) मनोज कुमार (संगठन मंत्री), एवं प्रसाद, पुरैना एवं कांटी के सुढी समाज परिवार के सदस्य बैठक में भाग लिए।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन



आरा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा अधिकार भारत भूषण भसीन के अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार पांडा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, सुधाकर पांडेय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय के साथ अन्य सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु सभी के साथ सामूहिक शपथ लेते हुए कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस के इस अवसर पर हम सभी यह शपथ लेते हैं कि मैं कभी भी धूम्रपान व अन्य किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करूंगा एवं अपने परिजनों या परिचितों को भी धूम्रपान व अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। मैं अपने कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखूंगा और अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करूंगा।

## कैदियों के बीच नशा छोड़ने के लिए संकल्प दिया गया

आरा। अखिल विश्व गायत्री परिवार की इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ आरा के द्वारा कैदियों के बीच मंडल कारा आरा में में नशा उन्मूलन के लिए कैदियों के बीच प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ पटना के भाई अभिषेक पाठक, सचिदानंद कुमार, ब्रजेश कुमार कृष्णदेव पांडे जी के द्वारा पूज्य गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य जी के विचारों को नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया गया, उनको अच्छे रस्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सभी कैदियों को गुरुदेव के साहित्य अखंड ज्योति और देव स्थापना कराया गया।

## बड़हरा प्रखंड का दूसरा प्रखंड सम्मेलन कोल्हरामपुर में आयोजित किया गया

प्रात: किरण संवाददाता

बदलो सरकार-बदलो बिहार नारों के साथ बड़हरा का दूसरा प्रखंड सम्मेलन कोल्हरामपुर में आयोजित किया !यह सम्मेलन का॰ बलिराम सभागार एवं का॰ विक्रमा राम मंच के नाम पर रखा गया !सम्मेलन शुरू होने से पहले बबन राम ने झंडातोलन किया !फिर शहीद बेदी पर माल्यार्पण अर्पित कर जनवादी क्रांति में अमर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई !इसके बाद 3 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल जिसमें विजय यादव, दीपक करवानी, संतोष कुमार को बनाया गया !सम्मेलन का उद्घाटन भाकपा-माले के राज्य कमेटी सदस्य का॰ रमेश जी ने किया !सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम एवं पर्यवेक्षक कोईलवर प्रखंड सचिव बिष्णु ठाकुर थे !

## भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा, कार्यकर्ताओं में खुशी

प्रात: किरण संवाददाता

आरा: भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉं दिलीप जायसवाल ने शनिवार को प्रदेश के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। भोजपुर जिला से अगिआँव के पूर्व विधायक शिवेश राम को पुनः महामंत्री और संतोष पाठक को फिर से उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है।इसके अलावा अशोक भट्ट को शाहाबाद के सह क्षेत्रीय प्रभारी बनाया गया है। भोजपुर जिला से प्रदेश टीम मे स्थान मिलने पर भाजपा भोजपुर के नेताओं और कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। राजेश वर्मा फिर से महामंत्री और सिद्धार्थ शंभु उपाध्यक्ष बने है।ये दोनो को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शाहाबाद का क्षेत्रीय प्रभारी महामंत्री और प्रभारी बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, तरारी विधायक विशाल प्रशांत, विधानपार्षद जीवन कुमार अदि थे।

# भाजपा ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर शोभा यात्रा निकाला

## विष्णुपद मंदिर पहुंचकर अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माला पुष्प चढ़ा कर चरण वंदन व नमन किया



■ अहिल्याबाई होलकर अद्वितीय महिला शासक थीं, जिन्होंने एक महान समाजसेवी और धर्मपरायण महिला के रूप में भी अपनी अमिट छवि प्रस्तुत की: डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व मे अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वी जयंती पर नूतन नगर किसान मोर्चा कार्यालय से शोभा यात्रा निकालकर विष्णुपद मंदिर परिसर में पहुंचकर अहिल्याबाई होलकर के प्रतिमा पर माला पुष्प चढ़ा कर उनके चरणों पर वंदन नमन किया इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की एक ऐसी अद्वितीय महिला शासक थीं, जिन्होंने न केवल एक शक्तिशाली प्रशासक के रूप में बल्कि एक महान समाजसेवी और धर्मपरायण महिला के रूप में भी अपनी अमिट छवि स्थापित की। उनका जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गाँव में हुआ था। वे मराठा साम्राज्य के प्रमुख सैन्य नेता मल्हारराव होलकर की पुत्रवधू थीं। पति खंडेराव होलकर की असमय मृत्यु के पश्चात और बाद में ससुर मल्हारराव के निधन के बाद अहिल्याबाई ने होलकर राज्य की बागडोर संभाली है।

अहिल्याबाई का शासनकाल 1767-1795 सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। उन्होंने महिलाओं के उत्थान, विधवा पुनर्विवाह, शिक्षा और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किए हैं। उनका शासन न्यायप्रियता, प्रशासनिक दक्षता और जनकल्याण की दृष्टि से आदर्श माना जाता है। वे एक कुशल प्रशासक थीं जिन्होंने राज्य में शांति और समृद्धि स्थापित की।धार्मिक दृष्टि से अहिल्याबाई का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने भारत के कई प्रमुख तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार कराया है। इनमें गया जी विष्णुपद मंदिर काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी), सोमनाथ मंदिर (गुजरात), रामेश्वरम, द्वारका, उज्जैन, और बद्रीनाथ जैसे मंदिर प्रमुख हैं। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए धर्मशालाओं, कुओं, घाटों और सड़कों का निर्माण भी करवाया है। उनका मानना था कि धर्म और जनसेवा ही सच्चा राजधर्म है।अहिल्याबाई अत्यंत सरल, सात्विक और धार्मिक स्वभाव की थीं। उन्होंने राज्य में कर व्यवस्था को सुधारकर किसान हितैषी नीतियाँ अपनाईं। वे नियमित रूप से दरबार में बैठती थीं और प्रजा की समस्याओं को सुनकर स्वयं न्याय करती थीं। उनके न्याय की मिसाल आज भी दी जाती है। वे एक आदर्श प्रशासक, सशक्त महिला और महान दार्शनिक थीं अहिल्याबाई होलकर का जीवन समर्पण, सेवा, न्याय और धर्म की मिसाल है। उनकी जयंती हम सभी को यह स्मरण कराती है कि भारत की धरती ने कितनी महान महिलाओं को जन्म दिया है, जिन्होंने अपने विवेक, पराक्रम और सेवा से समाज को दिशा दी। वे आज भी भारतीय नारीशक्ति की प्रतीक हैं। आज के शोभायात्रा में राष्ट्रीय सेवक संघ के प्रचारक बिनोद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिकता भाजपा जिला के कोषाध्यक्ष दीपक पांडे मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार सिंह पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव सुनील कुमार राजू हीरा यादव संतोष यादव सुनील रविदास इस जुलूस में शोभा यात्रा में महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी। प्रियंका इंदु प्रजापति अनु बरनवाल खुशबू कुमारी गीता देवी सीता देवी नारायणी देवी मनोरमा देवी कपूर्वा देवी अंजू देवी मंजू देवी बीना देवी प्रमिला आशा देवी बीना देवी गीत देवी सीता देवी उर्मिला देवी सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल होकर देवी अहिल्याबाई उनके चरणों में पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन और अर्पित किए।

# विश्व तम्बाकू दिवस पर स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली और कार्यशाला किया आयोजित




प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।जिला तम्बाकू नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा आयोजित विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना जगजीवन महाविद्यालय गया के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्राचार्य (डॉ.) प्रो. सत्येंद्र प्रजापति के निर्देश में भाग लिया है। जगजीवन महाविद्यालय, गया के ग्रुप लीडर रितिक रौशन ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गया शहर के सभी महाविद्यालय के स्वयंसेवक और सभी सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया,

वही रितिक रौशन ने बताया कि ह्यविश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 2025 के उपलक्ष्य में सुबह 6 बजे से 7 बजे तक राज्य स्वास्थ्य समिति, आई.एम.ए. गया के संयुक्त तत्वावधान में एक जागृति रैली का आयोजन किया गया था जिसमें रैली आई.एम.ए. हॉल से निकल कर जेपीएन हॉस्पिटल, गोलपत्थर तक गई है। जेपीएन अस्पताल, गया के सभागार में इसके उपरांत एक तम्बाकू नियंत्रण हितधारक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।

इस कार्यक्रम में गया जिला में तंबाकू उन्मूलन एवं नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों पर चर्चा की गई है।

इस मौके पर समन्वयक बी.के. संजय कुमार जिला तम्बाकू नियंत्रण पदाधिकारी, गया उपस्थित रहे ,वही स्वयंसेवकों मे अजीत कुमार,उत्तम कुमार,सौरभ,आर्यन,प्रशांत, प्रीतम, शुभम और ढेरों स्वयंसेवक उपस्थित रहे हैं।

# कार्य के प्रति कर्मठ कर्मचारी हैं अजयः अषरफ




प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, औरंगाबाद में अनुरेखक के पद पर कार्यरत अजय कुमार सिंह का सेवानिवृति के अवसर पर कार्यालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राक्कलन पदाधिकारी ई. अषरफ अली ने कहा कि अजय कुमार सिह एक कर्मठ कर्मचारी है। इनके सेवानिवृति के कारण इनकी कमी खलेगी। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा सभी संचिकाओं का प्रस्तुति अच्छे ठंग से किया जाता है। वही कार्यक्रम के संचालन कर रहे ई. सूरज कुमार पाण्डेय ने कहा कि अजय कुमार सिह के साथ सरलता पूर्वक कार्य करते थे। इनके सेवानिवृति से इनकी कमी हम सभी कर्मचारियों को खलेगी। सेवानिवृत हो रहे अनुरेखक अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज खुषी और गम दोनो समय है। तीस वर्षों से अधिक का समय सरकार के कार्यों में लिप्त रहने के बाद अब परिवारिक जीवन में रहना है। उन्होंने अधीस्थ कमीर्यों के साथ बिताये पल को याद भी किया। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल औरंगाबाद में कार्यरत सुनीता कुमारी को भी सेवानिवृति के अवसर पर विदाई दी गई। मौके पर कार्यालय कर्मी गणेष सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, आषा तिवारी, मनोरमा कुमारी, उमा देवी, विनय कुमार सिंह, गौरीषंकर परीक्षा, अनादि प्रमाणिक, महादेव कुमार, महेन्द्र प्रसाद, विष्वनाथ प्रसाद, सुषील कुमार सिंह, रंजन कुमार, विजय कुमार सिंह, शर्मा राम के अलावे निर्भय कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# आइजी एवं एसपी के जनता दरबार में गुहार लगाने पर भी काम रहा चालू

प्रातः किरण संवाददाता



गया।गया जिला के इमामगंज में एक महिला को पताड़ीत किया जा रहा है गया जिले के आइ जी एवं एस एस पी के जनता दरबार 28 मई को गुहार लगाने पर भी आज तक किरण देवी पति राजेश कुमार, को राहत नही मिली जबकि बिक्रेता (विजय सिंह) के द्वारा भी लिखित आवेदन 19.5.25 को इमामगंज थाना मे किया गया था। फिर 27 मई को रजिस्ट्री के माध्यम से लिखित आवेदन के माध्यम से बताया गया कि मेरे जमीन को अनुज सिंह नामक व्यक्ति के द्वारा गलत तरीके से दवाब बनाया जा रहा है। उसका किया गया एग्रीमेंट मेरे से पहले ही खत्म हो चुका है। यह जमीन मेने वैध प्रक्रिया के माध्यम से विक्रय कर दिया।

इसके वाबजूद मुझे और खरिदार किरण देवी को लगातार धमकी ,समाजिक दवाब, मानसिक पताडना ,इस संबंध में अनुज सिंह को कयी बार कहा कि अपना रुपया वापस लेलो तभी वापस नही ले रहा है उल्टे दवाब बनाया जा रहा है। इमामगंज थाना आज तक कोई कारवाई नही कर रहा है उल्टे मेरे जमीन पर काम लगाए हुए हैं जनता दरबार और आइजी एवं एस एस पी के शिकायत दर्ज पर कोई करवाई नही हो रहा है। प्रशासन से मांग करते हुए किरण देवी ने कहा कि मेरे जमीन पर कब्जा दिलाया जाए और पुलिस की मिलीभगत से जो काम किया जा रहा है उसे बंद किया जाए।

# बिहार में फिर से एकबार बनेगी नीतीश के नेतृत्व में एनडीए की सरकार: कुमार गौरव



गयाः जदयू के जिला प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बिहार के चुनाव को लेकर कहा कि पुनः एनडीए की ही सरकार बनी है। क्योंकि बिहार में विकास की रफ्तार जिस प्रकार चल रही है, उसको लेकर जनता पूरी तरह से आशान्वित है। इसलिए एनडीए के तमाम कार्यकताओं को बिहार में जो विकास हुआ है उसको किसी से कहने की जरुरत नहीं बल्कि विकास से सभी वाकिफ हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने जिस प्रकार हर तबका, सभी जाति-धर्म को बराबर का महत्व देकर विकास किया उसका लाभ सभी ले रहे हैं। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुल, सड़क, बिजली, पानी की समस्या को जिस प्रकार दूर किया गया और विकास किया गया उससे साधारण से परिवारों को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। आगे सिन्हा ने यह भी कहा कि बिहार में चाहे जो भी राजनीति कितना भी कर ले इसका कहीं कोई असर नहीं पड़ेगा। बल्कि बिहार की जनता इस बात को जान चुकी है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो सरकार काम कर रही है वो सिर्फ विकास की बात करती है। अपने बारे में नहीं बल्कि समाज के लिए काम करती है, बिहार की जनता के लिए काम करती है। युवाओं, बेटियों, बेरोजगारों के लिए काम कर रही है।

# दानिका के संस्थापक यमुना राम की तीसरी पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के दानी विगहा के समीप दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में दानिका के संस्थापक पूर्व अध्यक्ष यमुना राम जी की तीसरी पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व हेड मास्टर विगन बैठा, रंगमंच के सिद्धहस्त कलाकार मथुरा रंजन,दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार केंद्राधीक्षक शशि देवी, समाजसेवी दिनेश राम,राजू सिंहा, शिक्षक अरविंद कुमार, डॉ अरविंद कुमार, पत्रकार सूरज पांडेय सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपस्थित सभी लोगों ने यमुना राम जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि यमुना राम जी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के कलाकार के रूप में जाने जाते थे।नृत्य वाद्य एवं संगीत जैसी विधाओं में उन्हें महारत हासिल थी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। शिक्षा के प्रति उनकी गहरी अभिरुचि थी तभी तो उनके चारों पुत्र सार्वजनिक क्षेत्र के अच्छे पदों पर आसीन हैं।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कवि सम्मेलन की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी द्वारा किया गया जबकि संचालन की जिम्मेवारी सचिव विनय मामूली बुद्धि ने निभाई।कवि एवं लेखक सुरेश विद्यार्थी द्वारा सरस्वती वंदना विद्या के देवी माई हंस की सवारी कवि सम्मेलन की शुरूआत की गई।नागेंद्र केसरी ने सुनाऊं रात का किस्सा पाठ किया तो जनार्दन मिश्र जलज ने दिन अब बड़े हुए रात अब छोटी हुई शीर्षक कविता पाठ किया तो अनुज बेचैन द्वारा जब मां ने सिंदूर लगाया था पिता को हषार्या था काव्य पाठ किया।

मथुरा रंजन ने घर में एगो दाना नईखे पॉकेट में सैयां मोबाइल लेके मेला घुमे पाठ किया।विनय मामूली बुद्धि ने एक बार खोजिए तो आज आप कहां हैं के काव्य पाठ पर खूब तालियां बजी।धनंजय जयपुरी द्वारा बाबूजी देख ताक के हमर करा दा शादी पाठ किया तो लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो गए।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ रविंद्र कुमार ने दानिका के विविध कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह संस्था जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा खड़ी रहती है यहां से सैकड़ो विद्यार्थी संगीत की शिक्षा पाकर नौकरी कर रहे हैं।मौके पर प्रेम प्रकाश, मिथिलेश कुमार, वेद प्रकाश ,सविता सिंहा,शिवांगी सिंह,अंजली सिंह,किशन प्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रमोद जन आहार सेवा कुटीर का भव्य शुभारंभ मां के हाथों से किया गया

## मेरा भी कर्तव्य बनता है कि मै समाज के लिए कुछ करु,यह प्रयास हमेशा करता हूंः प्रमोद भदानी

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।गया जी जिला एवं गया जी शहर वासियों के लिए और पितृपक्ष में आए पिंडदानियो के लिए निः शुल्क भोजनालय का गया जी भगवान विष्णु के चरण के पास बंगाली आश्रम के नजदीक प्रमोद जन आहार सेवा कुटीर के द्वारा निः शुल्क भोजनालय का शुभारंभ प्रोप्राइटर प्रमोद लडु की मां एवं कमाण्डेट पत्नी आरती सिंह, जिलाधिकारी गया जी के पत्नी नेहा एस त्यागराजन ,नीलम देवी,उषा सिह के द्वारा विधवत मंत्र उच्चारण एवं पुजा पाठ से किया गया है फिर संयुक्त रूप से फिता काटा गया है। फिर भगवान विष्णु कि पुजा अर्चना किया गया है।इस मोके पर प्रमोद भदानी ने कहा कि हमारी इच्छा थी विष्णु भगवान कि कृपा से मिला है और प्रमोद भदानी ने कहा कि समृद्धि शहर के लोग से प्राप्त हुआ है ।गया जी के लोगों ने सड़क से उठाकर समृद्धि किया,मेरा भी कर्तव्य बनता है कि मै समाज के लिए कुछ करु।यह प्रयास हमेशा करता हूं।

जितने भी गया जी मे श्रद्धालु आएगे उनको निः शुल्क भोजन दिया जाएगा, इसमें सभी लोग आकर भोजन ग्रहण कर सकते हैं।जो भी गया जी अन्नपूर्णा क्षेत्र में प्रवेश करेंगे सभी लोग भोजन कर सकते हैं। भोजन में शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलेगा, जिसमें रोटी,चावल,दाल,सब्जी पापड़, और रोज चेज करके सेवा भाव से लोगों को भोजन कराया जाएगा।

जिसका समय अभी सुबह बारह तिस बजे से शाम के चार तिस तक रहेगी, फिर पितृपक्ष मेला के समय इसका विस्तार किया जाएगा।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद परिवार के लोग के अलावा, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन, रोनक सेठ,ऋषि लोहानी सहित काफी संख्या में गया के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग में एमसीए की आंतरिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग में दिनांक 30,एवम् 31 मई 2025 को एमसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पांच-दिवसीय आंतरिक परीक्षा का आयोजन अत्यंत अनुशासित, कदाचारमुक्त एवम् सख्त निगरानी के बीच संपन्न हुआ है। इस परीक्षा में कुल छह विषयों की परीक्षा पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ली गई है।कंप्यूटर अनुप्रयोग विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार ने परीक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि मूल्य-आधारित व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इसी दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए विभाग में आयोजित आंतरिक परीक्षा को निर्धारित शैक्षणिक मानकों के अनुरूप लिया गया है। परीक्षा के दौरान निष्पक्षता एवम् पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। विभागाध्यक्ष ने यह भी अवगत कराया कि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण गोपनीयता और समयबद्धता के साथ किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र परिणाम उपलब्ध कराए जा सकें।इस अवसर पर गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने विभाग द्वारा परीक्षा के निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन और जिम्मेदाराना व्यवहार से यह प्रमाणित किया है कि हमारा प्रबंधन विभाग अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और शैक्षणिक अनुशासन के प्रति भी पूर्णतः प्रतिबद्ध है।विभाग के शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार डॉक्टर जीनत परवीन श्री कुमार शेखर सिंह इंजीनियर अविनाश सिंह श्री अमित कुमार श्री सत्येंद्र कुमार श्री शंभू कुमार सहित समस्त विभागीय कर्मियों के समन्वित प्रयासों से यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# मध्य विद्यालय धनौती धर्मपुरा में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी




औरंगाबाद। बारुण प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय धनौती धर्मपुरा में बिहार सरकार शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक बबन प्रसाद के अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी का संचालन शिक्षक सतीश कुमार पांडेय द्वारा किया गया गोष्ठी में शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विचार समन्वय किया एवं छात्र हित में विभिन्न निर्णय लिए गए ।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बबन प्रसाद के द्वारा सभी अभिभावकों से सहयोग की अपील की गई ।वहीं विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रशांत प्रियदर्शी के द्वारा विद्यालय में सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं आज के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक भृगुनाथ प्रसाद, गणेश शर्मा, बृजमोहन सिंह, संजय सिंह, शोभा कुमारी, एकता यादव, वन्दना देवी,एवं दीपक कुमार मौजूद रहें। आज के बैठक में अभिभावकों ने भी अपनी राय मशविरा साझा की ।जिसमें अभिभावक काशीनाथ पांडेय, युगेश सिंह,शंभू प्रजापति, मुन्ना पाल, अंजू देवी, उषा देवी, राजदेव राम, आनंद राजवंशी, सोनी देवी, प्रतिमा देवी आदि मौजूद रहें।

# शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के बीएड प्रथम वर्ष का इंटर्नशिप संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के बीएड प्रशिक्षुओं के लिए प्राचार्य डॉक्टर सतीश सिंह चंद्र के मार्गदर्शन में आयोजित इंटर्नशिप की प्रक्रिया आज संपन्न हो गई ज्ञात हो कि आज से एक माह पूर्व इंटर्नशिप गया शहर के शहीद आरक्षी मध्य विद्यालय पुलिस लाइन भारत सेवा आश्रम मध्य विद्यालय स्वराज्यपूरी रोड टी मॉडल प्लस टू हाई स्कूल जी बी रोड मिशन मध्य विद्यालय गेवाल बीघा मध्य विद्यालय डेल्हा में संयुक्त रूप से आयोजित किया था . प्रशिक्षु एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मिशन मध्य विद्यालय ग्वालबिघा में विभाग अध्यक्ष डॉ धनंजय धीरज ने बच्चों से दैनिक जीवन में अनुशासन के महत्व को साझा करते हुए कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें अनुशासित रहने की आवश्यकता है अनुशासन से सिर्फ हमारा तात्पर्य विद्यालय में अनुशासित रहना यह घर में अनुशासित रहने से नहीं है वर्णन अनुशासन हमारे खान-पान वेशभूषा विचार वाणी एवं व्यवहार का भी एक अभिन्न हिस्सा है डॉ धीरज ने कहा की अनुशासन ही देश को महान बनाता है इसलिए हमें अनुशासित रहने की आवश्यकता है विद्यार्थियों के बिगड़ते हुए फूड हैबिट्स पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों में जंक फूड और फास्ट फूड के प्रति खासा रुझान देखा जा रहा है जो उनके बिगड़ते हुए स्वास्थ्य का एक प्रमुख कारण है विद्यार्थियों से डॉ धीरज ने साझा किया कि कि जंक फूड और फास्ट फूड के निर्माण के क्रम में कई प्रकार के रसायनों का प्रयोग हो रहा है जो नन्हे मुन्ने बच्चों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है बच्चों के बीच पारंपरिक एवं स्थानीय खानपान के व्यंजनों पर बल देते उन्होंने कहा कि हम अपने पारंपरिक भोजनों को धीरे-धीरे भूलते चले जा रहे हैं विद्यार्थियों से उन्होंने वार्ता कर इस बात की जानकारी लेकर विद्यार्थियों को लिट्टी चोखा पसंद है या नहीं हमें घर में बने हुए पकवान ठेकुआ निमकी की का सेवन करना चाहिए बाजार में डिब्बा बंद सामग्री से भी उन्होंने विद्यार्थियों को बचाने की नसीहत दी और उनसे कहा कि घर में आप आलू कचालू बनाकर खाइए अंकुरित मूंग अंकुरित चना कच्चे आम का आमझौरा आम की मीठी चटनी आम का अंगूरा पके हुए आम का मैंगो जूस तरबूज शेक आदि जैसे कई स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन बिना किसी रसायन के प्रयोग के आप घर में बना सकते हैं एवं स्वस्थ जीवन को प्राप्त कर सकते हैं आज विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी होने के कारण कुछ अभिभावक भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे उक्त अवसर पर अभिभावकों से साझा करते हुए उन्होंने कहा कि अभिभावकों की माहिती भूमिका है विद्यार्थियों के खान-पान की आदतों में बदलाव एवं परिवर्तन लाने में अभिभावक विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा घर की बनी हुई मिठाइयां नमकीन एवं अन्य लजीज व्यंजन उपलब्ध कराए एवं बाजार में उपलब्ध खाद्य पदार्थों से यथा संभव विद्यार्थियों को बचाए

### 8 जून को लोजपा रा की नव संकल्प महासभा ऐतिहासिक होगीःराजेश भट्ट

अरवल । आगामी 08 जून को आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम ( रमना मैदान ) में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित नव - संकल्प महासभा को सफल बनाने के लिए जिला मुख्याल के आनंद विहार होटल में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित की गई ।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने कहा कि आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पार्टी के द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी ।

उन्होंने कहा कि नव संकल्प महासभा कार्यक्रम में लगभग एक लाख लोगों को शामिल होने लक्ष्य रखा गया है । नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सात जिला को जोड़ा गया है , जिसमे अरवल जिला पर विशेष फोक-स किया गया , बिहार में संगठन के दृष्टिकोण से अरवल जिला को मजबूत माना गया है । नव संकल्प महासभा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाध प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे ।

# विश्व तम्बाकु दिवस पर शपथ समारोह का किया गया आयोजन




➤ शौख कब लत में परिवर्तित हो जाता है इसका पता ही नहीं चलता, प्रत्येक लोगों को इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता : जिला जज

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्थित विधिक सेवा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, न्यायालय के कर्मीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मीगण पैनल अधिवक्तागण उपस्थित हुए। विश्व तम्बाकु दिवस पर आयोजित शपथ समारोह का संचालन कानूनी रक्षा बचाव प्रणाली के अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष श्री राज कुमार ने उपस्थित लोगों को अपने सम्बोधन में कहा कि हर साल 31 मई को विश्व तम्बाकु दिवस मनाया जाता है इस दिन को मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में की थी। पुरी दुनिया में प्रति वर्ष लगभग 80 लाख लोग तम्बाकू के प्रयोग के कारण मर जाते हैं इसलिए इस दिन को मनाने के पीछे का ध्येय यहीं है कि आम जनता तम्बाकू से होने वाले नुकसान को जाने और तम्बाकू से बने पदार्थो से दूर रहें। तम्बाकू एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे-धीरे करके मौत के मुंह में धकेलता रहता है और लोग जाने-अंजाने में तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते रहते हैं और धीरे-धीरे शौक कब लत में परिवर्तित हो जाता है लोगो को इसका पता ही नहीं चलता है इसलिए आज दिनांक 31-05-2025 को विश्व तम्बाकू दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष श्री राज कुमार ने यह भी संदेश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को तम्बाकू का निषेध करना चाहिए जिससे कि शारीरिक दुष्प्रभाव से बचा जा सके साथ ही साथ अनेक प्रकार की बीमारियों से सभी व्यक्ति का बचाव हो सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों से यह अपील भी किया गया कि अपना दायित्व समझकर कम से कम प्रत्येक लोग 50 लोगो को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में प्रेरित करें, और आपके प्रयास से कुछ लोगो पर भी इसका साकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इससे प्रेरित होकर तम्बाकू एवं तम्बाकू से बने पदार्थो का निषेध करते हैं तो आपके द्वारा किये गये प्रयास किसी की जिन्दगी को हमेषा के लिए बदलकर खुषहाली की ओर ले जायेगा। इस शपथ कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री इसरार अहमद उपस्थित जन समूह के समक्ष ही तम्बाकू को निषेध करन हेतु शपथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता, लक्ष्मीकान्त मिश्रा, निशित दयाल, कन्हैया लाल यादव, आनन्द भूषण, पंकज पाण्डेय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ी लाल बिहारी पासवान, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रदीप चन्द्रा, न्यायिक दण्डाधिकारी राजीव कुमार, शोभित सौरभ, शुभान्कर शुक्ला सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव डा0 दीवान फहन खान ने उपस्थित लोगों के साथ-साथ अपने सभी कर्मियों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया तथा तम्बाकू का सेवन नहीं करेंगें और लोग भी तम्बाकू का सेवन न करें । इसके लिए उन्हें प्रेरित करने तथा इसके सेवन से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभाव और नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करने तथा तम्बाकू रहित समाज एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में अपना योगदान देने से सम्बन्धित शपथ दिलाया गया।

इस अवसर पर प्रजापिता प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के दिनेश भाई, प्रीति बहन, रामानुज भाई, करण भाई ने भी नशामुक्त समाज के लिए व्यक्ति द्वारा किये जाने वाले इच्छाशक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि आप सोच लेंगें तो किसी प्रकार की नशा को छोड़ना मुश्किल नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट

परसा। परिछावन के दौरान गाना बंद करने पर लड़का पक्ष के एक युवक की पिटाई करने को लेकर शनिवार को दोनों पक्षो में जमकर लाठी डंडे तथा चाकू बाजी को घटना हुई जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गया।घटना परसा थाना क्षेत्र के बनौता मुकुंद गांव की है घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल के पुलिस तथा थानाध्यक्ष सुनील कुमार मौके पर पहुँच घटना की जानकारी लिया।ग्रामीणों की सहयोग से सभी घायलों को परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।जहां चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक उपचार किया गया।घायलों में प्रथम पक्ष से बनौता मुकुंद गांव में निवासी दीनदयाल राम का पुत्र जयनाथ राम,रघुनी राम का पुत्र विजेंद्र राम, शंभू राम का पुत्र ओमप्रकाश राम,लालमोहन राम का पुत्र अमिताभ कुमार, जयनाथ राम की पत्नी आशा देवी, सुनील राम का पुत्र बोल बम कुमार तथा दूसरे पक्ष से हरेंद्र राम का पुत्र राहुल कुमार, बुधन राम का पुत्र हरेंद्र राम, राजेश्वर राम का पुत्र तरेस कुमार, प्रयाग राम का पुत्र सुबोध कुमार शामिल है चिकित्सक द्वारा जयनाथ राम,बिजेंद्र राम,बबलू कुमार,हरेन्द्र राम ,तरेस कुमार ,ओमप्रकाश राम का गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर किया। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि गत 14 मई को मनोरंजन राम की पुत्री की शादी में गाना बजाने को लेकर दूसरे गांव के लोगो से विवाद हुआ था।विवाद के बाद ग्रामीणों ने सतर्कता के साथ गत 28 मई को जय वंश राम का पुत्र अनिल कुमार का बारात था।बारात के लोग परिछावन होने गया था परिछावन के बाद गाना बजाना बंद कर दिया गया था।

### अपहरण के मामले में दो गिरफ्तार

परसा। थाना क्षेत्र के अन्याय गांव से गांव के ही कुछ लोगों द्वारा एक लड़की को अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया था जिसको लेकर अन्याय गाव निवासी बिरेन्द्र राय की पत्नी सुकुन्ती देवी ने थाने में लिखित आवेदन देकर 29 मई की रात्रि में हुई लड़की के अपहरण को लेकर शंकर महतो व राजन महतो समेत 6 पर नामजद व अज्ञात चार पर अपहरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी. दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अन्याय गांव में छापेमारी करते हुए सीताराम महतो के पुत्र शंकर महतो व शंकर महतो का पुत्र राजन महतो को शनिवार के दिन गिरफ्तार करते हुए छपरा व्यवहार न्यायालय भेज दिया इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले में दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मानपुर गया के सुढ़ी समाज पूरी तैयारी में, 35 गाड़ियों से कूच करेगा जनसैलाबः मनोज



गया। गया से मनोज कुमार के नेतृत्व में गया से 30-35 गाड़ियों से सुढ़ी समाज के लोगों पटना के बापू सभागार में 8 जून को करेंगे कूच। मनोज कुमार ने बताया कि मानपुर गया के सुढ़ी समाज के लिए यह एक अच्छा संकेत है और इससे समाज के लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। सुढ़ी समाज की एकता और सक्रियता को देखकर लगता है कि समाज आगे बढ़ने के लिए तैयार है। गया सुढ़ी समाज 8 जून को महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए कमर कस चुका है।

### संजीवनी संस्कार स्कूल में हुआ समर कैंप का आयोजन, बच्चों ने खूब उठाया आनंद

छपरा कार्यालय। शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थिति प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान संजीवनी संस्कार स्कूल में शनिवार को समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों के लिए फोटोशूट, योगा, डांस और मनोरंजनात्मक फिल्म जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों में इन गतिविधियों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों से पहले मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए प्रेरित करना था। स्कूल की प्राचार्या ज्योति सिंह ने बताया कि, इछात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक और स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, जिससे वे सीखते हुए मस्ती भी कर सकें। इस मौके पर बच्चों ने डांस और योगा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं फिल्म प्रदर्शन ने उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी।

## कलवार कल्याण समिति के अध्यक्ष सहित अन्य ने लिए शपथ

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। शहर के पटेल पथ स्थित समाजसेवी जगदीश प्रसाद गुप्ता के आवास पर शुक्रवार को एक कार्यक्रम के बीच कलवार कल्याण समिति के नव मनोनीत पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी. कलवार समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य अजय कुमार गुप्ता उर्फ बावल जी के द्वारा नव निर्वाचित और मनोनीत पदाधिकारियों को पहले तिलक लगाया गया और इसके बाद उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी. शपथ ग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता को शपथ दिलाने से शुरू हुई. इसके बाद महासचिव के रूप में चंदन कुमार, सचिव के रूप में रंजीत कुमार, चंद्रकिशोर प्रसाद, कोषाध्यक्ष के रूप में सुनिल कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष के रूप में मंगलम कुमार, अखिलेश कुमार, संगठन मंत्री के रूप में चंदन गुप्ता, बप्पी साह, जितेन्द्र कुमार, अरूण कुमार, अंकेक्षक के रूप में धीरज कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी के लिए मनोज कुमार गुप्ता तथा कानूनी सलाहकार के लिए बैजू जायसवाल को शपथ दिलायी गयी. सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का इस दौरान फूल माला पहनाकर अभिनंदन भी किया गया. इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए समाज को मिलकर काम करना है. समाज में हर तरह के लोग है. इसमें जरूरतमंद लोगों को चिन्हित उनको आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा. मौके पर संरक्षक राजेश प्रसाद, दीपक जायसवाल, ध्रुव प्रसाद के अलावे कार्यकारिणी समिति के सदस्य सागर कुमार गुप्ता सहित कलवार कल्याण समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे.

## नेपाल फाउंडेशन द्वारा शिक्षा सेवा सम्मान से सम्मानित होंगें शिक्षक आनंद

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले भारतीय शिक्षकों को उनके नवाचार और जागरूकता के लिए नेपाल के काठमांडू में नेपाल शिक्षा सेतु फाउंडेशन के द्वारा शिक्षा सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।जानकारी देते हुए फाउंडेशन के सचिव माहेश्वर भंडारी ने बताया कि इसके अंतर्गत बिहार, उत्तरप्रदेश, सिक्किम, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश आदि कई राज्यों से शिक्षकों का चयन उनके कार्य के आधार पर किया गया है। शिक्षा सेवा के क्षेत्र में शिक्षकों के द्वारा विद्यालयों में या व्यक्तिगत रूप से किया गया नवाचार, प्रोत्साहन, कैरियर गाइडेंस, ज्ञान विज्ञान, खेलकूद, कला आदि में बच्चों को आगे बढ़ाना एवं उनके उपलब्धियों के आधार पर शिक्षा सेवा सम्मान दिया जा रहा है। इसी क्रम में उच्च विद्यालय सहसौल सोनवर्षा के विद्यालय अध्यापक आनंद कुमार झा को स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान, कैरियर काउंसलिंग के साथ साथ बच्चों को विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों से जोड़कर उन्हें आगे बढाने के लिए शिक्षा सेवा सम्मान दिया जाएगा। इस सम्मान के अंतर्गत प्रशस्तिपत्र, प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र के साथ साथ ग्यारह हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। श्री झा को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने पर इससे पूर्व शिक्षा मंत्री और एसीएस के हाथों राजकीय शिक्षक पुरस्कार और सहरसा जिला पदाधिकारी के हाथ जिला का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान भी मिल चुका है। उनके इस उपलब्धि पर शिक्षक समुदाय ने खुशी जाहिर करते शुभकामना दी।

## डबल इंजन की सरकार गरीबों को ठगने का काम कर रही : दांगी सुभाष




पटना। राजधानी के रविन्द्र भवन में शनिवार को राष्ट्रीय जन सर्वोच्च पार्टी के तत्वावधान में जन जागरूकता सम्मेलन का आयोजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मुसहर के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता भारतीय लोक चेतना पार्टी (भालोचेपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष दांगी सुभाष कुमार ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद देश में शांति, प्रेम व भाईचारा कायम नहीं हो सका। विकास का स्वरूप सिर्फ दिखावा और लोगों का छलने वाला है। वर्तमान डबल इंजन की सरकार गरीबों को ठगने का काम कर रही है। वहीं सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अरूण कुशवाहा ने कहा कि आज संविधान खतरे में है। संविधान को खत्म करने की साजिश वर्तमान केन्द्र सरकार कर रही है। हमें बाबा साहेब द्वारा दिए गए संविधान को रक्षा करनी है। भालोचेपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद कुशवाहा ने कहा कि मुसहर समाज का नेता अरूण मुसहर है। अपने अध्यक्षीय भाषण में अरूण मुसहर ने कहा कि इस देश में राजनैतिक व्हिप सिस्टम खत्म किया जाए, ताकि लोकतंत्र बच सके। कार्यक्रम को भालोचेपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कीर्तन प्रसाद सिंह कुशवाहा, सतीश कुमार, अशोक पासवान, सियाराम सदाय (अधिवक्ता), मुकेश कुमार, सतेन्द्र मांझी, अजय भूईया, मल्लू मांझी, अनिल मांझी, मदन शर्मा, देव शरण मांझी, सीता राम मांझी, राज कुमार आदि ने संबोधित किया।

## जनता के मुद्दों के लिए चुनाव में उतरने की घोषणा

प्रात: किरण संवाददाता




बड़हरा,.आज साकेत होटल, बड़हरा में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजद के युवा नेता एवं समाजसेवी श्री अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह ने जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में उतरने की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि ह्लमैंने लंबे समय से अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख, संघर्ष और असली समस्याओं को करीब से देखा और जिया है। चाहे वह पिछड़ा समाज हो, दलित, महादलित, सवर्ण, किसान, युवा या मजदूर झ सभी आज भी अपने बुनियादी अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ रहे हैं। बड़हरा क्षेत्र दशकों से बाढ़ और सुखाड़ की दोहरी मार झेलता रहा है, यहाँ एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिससे बच्चों को शिक्षा के लिए दूर-दराज जाना पड़ता है। मैंने हमेशा समाजसेवा को प्राथमिकता दी है, लेकिन अब महसूस हो रहा है कि अगर वाकई बदलाव लाना है तो नीति निर्माण की मुख्यधारा में आना जरूरी है। इसलिए, मैं यह घोषणा करता हूँ कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुका हूँ। मेरा मकसद सत्ता नहीं, सेवा है। मैं हर उस आवाज को विधानसभा में उठाऊँगा जिसे अब तक अनसुना किया गया। शिक्षा, खेल और रोजगार को मैं बिहार के युवाओं की नींव मानता हूँ और इन्हें मजबूती देने का काम करूँगा। उन्होंने कहा कि राजद की नीति हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की रही है। यदि अवसर मिला, तो हम सिर्फ वादे नहीं करेंगे बल्कि जमीनी हकीकत बदलने का काम करेंगे, खासकर पिछड़े वर्ग और किसानों के लिए। यही नही उन्होंने कहा कि बड़हरा क्षेत्र का हजारों एकड़ भूमि टोपोलैण्ड बन गया है उसे इस क्षेत्र के लिए मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदरणीय लालू जी ने भी कहा था कि अगर उनकी सरकार बनती है तो टोपोलैण्ड का निराकरण पहली प्राथमिकता होगी साथ ही बढ़ की समस्या का निराकरण होगा। इस ल प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने मीडिया का धन्यवाद करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का आईना है ।आप हमारी आवाज को आम जन तक पहुंचाते हैं। मैं आप सभी से आशीर्वाद, समर्थन और सहयोग की अपेक्षा करता हूँ ताकि हम मिलकर एक समतामूलक, विकसित और स्वाभिमानी बड़हरा और बिहार बना सकें। इस मौके पर मंच पर मौजूद प्रमुख लोगों में राम तपस्या राय (जिला कोषाध्यक्ष, श्रमिक प्रकोष्ठ),सुभाष सिंह उर्फ नेताजी,पप्पू गोप संजय सिंह (पूर्व मुखिया),जगनारायण सिंह आदि सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

## थाने में लगा जनता दरबार कई मामलों को किया गया निष्पादन



प्रात: किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) राज्य सरकार के निर्देश पर भूमि विवाद को लेकर राज्य सरकार के निर्देश पर विभिन्न थानों में जनता दरबार आयोजन करने का निर्देश दी गई थी। ताकि भूमि विवाद जैसे मामले को निष्पादन की जाए इसी के कड़ी में शनिवार को कुर्था थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया जहां भूमि विवाद के चार मामले आए जिसमें बिभिन्न मामलों को देखा गया वहीं भूमि विवाद के तीन मामले को ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। इस बाबत कुर्था अंचलाधिकारी रितिका कृष्णा ने बताया कि शनिवार को लगे जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े चार मामले आए जिसमें तीन मामले को ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया जबकि एक मामलों को अगली तिथि निर्धारित की गई। इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, एएसआई संजय कुमार के अलाबे कई अंचल कर्मी मौजूद थे। इधर मानिकपुर थाने में भी राजस्व अधिकारी समसूल कमर व मानिकपुर थानाध्यक्ष सुमित कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार लगाया गया जहां कई मामलों का निष्पादन किया गया।

## मासिक धर्म आने के बाद एहतियात बरतना आवश्यक :डॉ प्रमोद

प्रात: किरण संवाददाता




कुर्था (अरवल) मासिक धर्म आने पर वरते एहतियात खासकर किशोरियों को मासिक धर्म आने पर स्पष्ट तौर से अपने परिवारों को बताना चाहिए ताकि उसका समुचित उपाय उनके परिवार कर सकें। उक्त बातें शनिवार को कुर्था हाई स्कूल में राष्ट्रीय मासिक दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन के दौरान कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार ने विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं उन्होंने कहा कि मासिक धर्म आपके गर्भाशय की परत का मासिक रूप से बहना मासिक धर्म को मासिक धर्म अवधि, मासिक धर्म चक्र या अवधि के नाम से भी जाना जाता है। मासिक धर्म का रक्त जो आंशिक रूप से रक्त और आंशिक रूप से आपके गर्भाशय के अंदर से ऊतक होता है आपके गर्भाशय से आपके गर्भाशय ग्रीवा के माध्यम से और आपकी योनि के माध्यम से आपके शरीर से बाहर निकलता है मासिक धर्म हार्मोन द्वारा संचालित होता है। हार्मोन आपके शरीर में रासायनिक संदेशवाहक होते हैं। आपकी पिट्यूटरी ग्रंथि (आपके मस्तिष्क में) और आपके अंडाशय (आपके प्रजनन तंत्र का हिस्सा ) आपके मासिक धर्म चक्र के दौरान निश्चित समय पर कुछ हार्मोन बनाते और छोड़ते हैं। ये हॉरमोन आपके गर्भाशय की परत को मोटा कर देते हैं। ऐसा इसलिए होता है ताकि अगर गर्भावस्था हो, तो एक अंडा आपके गर्भाशय की परत में प्रत्यारोपित हो सके। हॉरमोन आपके अंडाशय से एक अंडा (ओव्यूलेशन) भी निकालते हैं। अंडा आपकी फैलोपियन ट्यूब से नीचे चला जाता है , जहाँ यह शुक्राणु का इंतजार करता है। अगर कोई शुक्राणु उस अंडे को निषेचित नहीं करता है, तो गर्भावस्था नहीं होती है। आपके गर्भाशय की परत टूट जाती है और गिर जाती है। यह आपका मासिक धर्म है ।मासिक धर्म चक्र एक ऐसा शब्द है जो आपके शरीर में होने वाली घटनाओं के अनुक्रम का वर्णन करता है। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक शशांक शेखर समेत कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## गया जी में आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त पहल

● नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, कंप्यूटर शिक्षण संस्थान एवं पेपर प्लेट मेकिंग यूनिट का उद्घाटन



गया, बिहारः नागेन्द्र बलराम सिंह चैरिटेबल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा मगध क्षेत्र के युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गया जी के पुलिस लाइन परिसर में निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, कंप्यूटर शिक्षण संस्थान, और स्वरोजगार हेतु पेपर प्लेट मेकिंग मशीन यूनिट का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आनंद कुमार तथा गया नगर निगम के महापौर गणेश पासवान उपस्थित रहे हैं। दोनों विशिष्ट अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया और संस्थान के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों तथा उपकरणों का निरीक्षण किया गया है ।संस्था के अध्यक्ष रवि रंजन ने जानकारी दी कि ट्रस्ट विगत पाँच वर्षों से समाजसेवा में संलग्न है। कोविड-19 काल के दौरान संस्था द्वारा निःशुल्क ठ95 मास्क, ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर, पल्स ऑक्सीमीटर एवं भोजन किट का वितरण किया गया है। वर्ष 2023 में केवल ईंधन खर्च पर एम्बुलेंस सेवा आरंभ की गई, जो अब भी लगातार कार्यरत है। रवि रंजन ने आगे बताया कि भविष्य में नेत्र चिकित्सा शिविर एटी उेंस्त्र और दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राइसायकल वितरण जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। संस्था की सचिव सुप्रिया सिंह ने महिलाओं से आगे आकर प्रशिक्षण लेने और स्वावलंबी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ह्लमहिलाओं की भागीदारी के बिना कोई भी समाज सशक्त नहीं बन सकता है ह्वइस अवसर पर समाजसेवी हरि प्रपन्ना, वार्ड पार्षद राजू सिन्हा, श्री ओम यादव, अभ्युदय पंकज, प्रकाश सिंह, मनीष रंजन, सिद्धार्थ सिंह, प्रभात कुमार, संस्था की शिक्षिका माधुरी श्रीवास्तव, एवं ट्रस्ट के अन्य सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे हैं।

## सात दिवसीय आयोजित समर कैंप हुआ समापन




अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल के कैंपस में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप हुआ समापन , समापन के मौके पर आए मुख्य अतिथि सदर थाना अध्यक्ष मोहम्मद सबरी अली एवं रामपुर चौरम थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देशक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा समापन किया गया। इस दौरान सदर थाना अध्यक्ष मोहम्मद साबरी अली ने कहा कि हमारे जमाने में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और सेसटो बॉल का गेम हम फिल्म के माध्यम से देखते थे जो कि आज यह एक छोटे से जिला में डीपीएस स्कूल में देखने को मिल रहा है यह गर्व की बात है। वही विक्रम सिंह ने कहा कि समर कैंप आयोजित करने से एक बहुत ही अच्छा संदेश दिया गया बच्चों को 7 दिन तक अलग-अलग कौशल सिखाई गई इसमें बच्चों के रचनात्मक, ज्ञानात्मक ,शारीरिक और मानसिक विकास के लिए प्रतिदिन अलग-अलग क्रियाकलाप किया गया वही दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देशक धर्मेंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहने में मदद करता है यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है। शारीरिक शिक्षक रोशन कुमार एवं सूरज कुमार ने समापन समारोह में आए ि पब्लिक स्कूल के शिक्षक विकास कुमार युवा राजद जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव अधिवक्ता आयुष रंजन स्कूल संघ के अध्यक्ष कुशवाहा चंदन इस समापन समारोह में जाकर बच्चों का उत्साहित किया

## एवीबीपी ने सदर अस्पताल ब्लड बैंक में जरूरतमंद को रक्त दान किया

प्रात: किरण संवाददाता




अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अरवल द्वारा स्टूडेंट्स फॉर सेवा के तहत अरवल सदर अस्पताल ब्लड बैंक में ,जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त दान किया गया,और साथ ही साथ 18 वर्ष से ऊपर के युवाओं को रक्त दान के लिए प्रेरित किया गया,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अइश्ढ) ने देश भर में विभिन्न रक्तदान शिविरों और अभियानों के माध्यम से रक्त दान को बढ़ावा देने के लिए एक योजना शुरू की है। इस योजना में छात्रों और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना, जागरूकता फैलाना, और रक्त बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। ,जिसका नेतृत्व स्टूडेंट्स फॉर सेवा के प्रांत सह संयोजक विकाश कुमार के नेतृत्व में हुआ,जिला संयोजक अमर कृति ने बताया कि रक्त दान एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है,जिससे कई इंसान का जीवन बचाया जा सकता है,18 वर्ष के यूवाओ प्रत्येक साल रक्त दान करनी चाहिए बिहार में अइश्ढ के नाम सबसे अधिक रक्तदान करने का कीर्तिमान है. ,,, प्रांत सह मंत्री सूरज पासवान ने बताया कि रक्त दान करने से स्वास्थ में भी सुधार होती है, नियमित रक्तदान से हृदय रोग, लिवर की समस्याएँ और कैंसर का खतरा कम होता है। अइश्ढ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रक्त बैंक के साथ भी काम करता है। अमितेश कुमार ने बताया कि यह एक नेक कार्य है जो समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करता है। रक्तदान महादान है। इससे जरूरतमंदों, पीड़ितों, घायलों की जान बचाई जाती है। रक्तदान से कोई कमजोरी या हानि नहीं होती। सभी को साल में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। इस मौके पे राहुल कुमार रोहित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

## पुरैनी में पांच दिनों में बनाया गया 2544 आयुष्मान कार्ड



पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी प्रखंड के 9 पंचायतों में आयुष्मान व वय वंदना कार्ड बनाने के लिए पांच दोनों का विशेष कैंप लगाया गया था। जहां आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर संचालित विशेष अभियान के तहत पांच दिनों में 2544 आयुष्मान व वय वंदना कार्ड बनाए गए जो निर्धारित लक्ष्य से कम है। बता दें कि अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से प्रखंड में 26 मई से विशेष अभियान संचालित था जो की यह अभियान पहले 28 मई तक संचालित होना था। इसकी अवधि विस्तारित कर 30 मई कर दी गई थी। इस अभियान के तहत प्रथम दिन 322, दूसरे दिन 661 एवं तीसरे दिन 647, चौथे दिन 451 और अंतिम व पांचवें दिन 463 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों को इस कार्ड से पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अधिक से अधिक लोगों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनने के बाद लाभुक नजदीकी अस्पतालों में योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। तत्पश्चात कहा कि इस विशेष अभियान की सफलता में स्वास्थ्य विभाग, जीविका, पंचायती राज सहित संबंधित सभी विभाग पूरी तरह सक्रिय रहे।

## मंडल भाजपा की बैठक में सांसद ने बूथ सशक्तिकरण पर दिया जोर



दरभंगा।भारतीय जनता पार्टी लहेरियासराय दक्षिणी मंडल कार्यसमिति की एक बैठक अध्यक्ष श्रवण महतो की अध्यक्षता में दारूभट्टी चौक स्थित महासेठ धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक में स्थानीय सांसद डा गोपाल जी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर संसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने उपस्थित पार्टी नेताओं ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष के द्वारा सांसद को पाग। एवं अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया गया। बैठक में अहिल्याबाई होलकर की जन्मजयंती के अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यसमिति को संबोधित करते हुए सांसद डा गोपाल जी ठाकुर कहा कि भाजपा देश की इकलौती पार्टी है जिसका संगठन विश्व की लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक उदाहरण है जहां पार्टी का एक साधारण कार्यकर्ता भी शीर्ष नेतृत्व के पद भी बन सकता है। कार्यसमिति की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर गांव तथा टोले मुहल्ले में लोगों के बीच जानकारी देने के लिए बूथ का मजबूत होना आवश्यक है। भाजपा नेतृत्व के हर बूथ टेन यूथ के संकल्पों को पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं महिलाओं तथा समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को जागरूक कर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने का काम करे। बैठक में जिला अध्यक्ष आदित्यनारायण मन्ना, जिला महामंत्री सुजित मल्लिक, संतोष पोद्दार कोषाध्यक्ष बबलू पंजीयार वरिष्ठ नेता उदय शंकर चौधरी, मनीष जयसवाल,अविनाश

## महिलाओं के सुझावों से तैयार होगी नई नीतियों का आधार

प्रात: किरण संवाददाता




सहरसा बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं सशक्त हो रही हैं और सामाजिक प्रगति के नए आयाम गढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद का कार्यक्रम आरंभ किया है। इस पहल के अंतर्गत महिलाओं के सुझावों और आकांक्षाओं से नई नीतियों का निर्माण किया जा रहा है, जो उनके आर्थिक और सामाजिक विकास में सहायक होगी। संवाद के दौरान महिलाओं ने रोजगार और उद्यमिता को प्राथमिकता देते हुए ब्याज दरों में रियायत और स्थानीय स्तर पर उद्यमों की स्थापना की मांग की। इस कदम से न केवल ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि महिलाएं भी आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी। वर्तमान में भी जीविका स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं कई प्रकार के लघु उद्यम चला रही हैं। इनमें से कई ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन को नई दिशा दी है। सत्तर कटैया प्रखंड की बिजलपुर पंचायत की निवासी रुचि कुमारी इसका एक उदाहरण हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की मदद से अपना व्यवसाय शुरू किया और अब वह एक सफल उद्यमी बनकर आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। जीविका के प्रबंधक संचार के अनुसार, जिले में अब तक कुल 1044 स्थानों पर महिला संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों में 2 लाख 61 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया है। संवाद के दौरान महिलाओं से कुल 28,033 आकांक्षाएं प्राप्त हुईं, जिन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से रिकॉर्ड किया गया है। महिलाओं के अलावा, इन संवाद कार्यक्रमों में पुरुषों की भागीदारी भी बढ़ रही है, जिससे यह पहल सामुदायिक विकास के लिए व्यापक मंच बन रही है। महिला संवाद के दौरान प्राप्त आकांक्षाएं सरकार की आगामी नीतियों का आधार बनेंगी। रोजगार, उद्यमिता और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर महिलाओं द्वारा व्यक्त की गई जरूरतें विकास की नई संभावनाएं खोलेंगी। बिहार सरकार का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संवाद के जरिए महिलाओं ने अपनी समस्याओं और अपेक्षाओं को खुलकर सामने रखा है, जो उनके सशक्तिकरण और राज्य के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# मैं किस्मतवाला रहा मेरे कुछ कैच छूट गए: रोहित शर्मा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने रोहित शर्मा ने कहा कि मैंने केवल चार फिफ्टी लगाई हैं। और फिफ्टी लगाना पसंद करता। एक टीम के तौर पर हमारे लिए अच्छा दिन रहा। मैं इस एलिमिनेटर को खेलने और इससे गुजरने और अगला कदम आगे बढ़ाने के महत्व को समझता हूं। पूरी टीम के प्रयास पर वास्तव में गर्व है। जब मैं खेलता हूं, तो मैं सब कुछ अलग रखकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं टीम के लिए काम कैसे कर सकता हूं। मुझे किस्मत का पूरा फायदा उठाना था। मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका। टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाएं। ओस आने के साथ यह चुनौतीपूर्ण होने वाला था। गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।



रोहित ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैंने टूर्नामेंट में पहले भी ऐसे शॉट खेले हैं और फील्डर ढूंढे हैं। कहीं न कहीं आपको किस्मत की जरूरत होती है और आज मेरे लिए वह दिन था। मैं किस्मतवाला रहा क्योंकि कुछ कैच छूट गए। लेकिन उसके बाद भी आपको खेलना होता है। मैं गति और गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। यह एक अच्छा गेंदबाजी प्रयास था। जॉनी मैंने उन्हें कई वर्षों से दूसरी तरफ से खेलते हुए देखा है। हम जानते हैं कि उनमें क्या गुण हैं। इस प्रारूप में खेलने का बहुत अनुभव है। ऐसा कभी नहीं लगा कि वह पहला गेम खेल रहा है। हमें शुरुआत मिली और हमने उसका फ़ायदा उठाया।

## आईपीएल प्लेऑफ का बड़ा रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम, मुंबई करेगी सालों तक याद

आईपीएल प्लेऑफ में मुंबई इंडियंस  के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम हो गया है जिन्होंने 2025 में गुजरात टाइटंस ( के खिलाफ 81 रन की शानदार पारी खेली। दूसरे स्थान पर सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 71 रन बनाए। ड्वेन स्मिथ और लेंडल सिमंस ने 2013 और 2015 में चेन्नई के खिलाफ 68 रन की पारियां खेलीं, जबकि रोहित ने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी 68 रन बनाए। लेंडल सिमंस ने 2014 में चेन्नई के खिलाफ 67 रन और 2015 में फिर चेन्नई के खिलाफ 65 रन बनाए। ये आंकड़े मुंबई के बल्लेबाजों की प्लेऑफ में दमदार बल्लेबाजी को दर्शाते हैं, जिसमें रोहित और सूर्यकुमार जैसे खिलाड़ियों ने बड़े मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के मारने का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के नाम है, जिन्होंने 305 छक्के जड़े हैं। मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा 264 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने आरसीबी की ओर से 263 छक्के लगाए थे। वह इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 260 छक्के लगाए हैं और चौथे स्थान पर हैं। मुंबई के किरोन पोलार्ड 258 छक्कों के साथ पांचवें, आरसीबी के एबी डिविलियर्स 240 छक्कों के साथ छठे, कोलकाता नाइट राइडर्स के आंद्रे रसेल 225 छक्कों के साथ सातवें, और चेन्नई के सुरेश रैना 219 छक्कों के साथ 8वें स्थान पर हैं। भारतीय टीम के लिए रोहित शर्मा ने 205 छक्के लगाए हैं। बता दें कि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में विराट कोहली 8618 रनों के साथ शीर्ष पर हैं। रोहित शर्मा ने मुल्लांपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 7000 रन पूरे कर दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। शिखर धवन (6769), डेविड वॉर्नर (6565) और सुरेश रैना (5528) क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। सबसे ज्यादा छक्कों की बात करें तो क्रिस गेल 357 छक्कों के साथ पहले, रोहित शर्मा 300+ छक्कों के साथ दूसरे, विराट कोहली (291), एमएस धोनी (264) और एबी डिविलियर्स (251) के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। अर्धशतकों में कोहली 63 के साथ पहले, वॉर्नर 62 के साथ दूसरे, धवन 51 के साथ तीसरे, रोहित 47 के साथ चौथे और केएल राहुल 40 अर्धशतकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

# पहलवान बजरंग पूनिया को राहत, दिल्ली की अदालत में चल रहा ये मामला खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है।



न्यायाधीश ने 29 मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, 'मामला सुलझाया गया।

दहिया ने दावा किया था कि बजरंग ने अन्य पहलवानों और लोगों के साथ मिलकर 10 मई 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### भारतीय बल्लेबाज सुदर्शन पर जयवर्धने बोले-

# इंग्लैंड दौरे पर खेलेगा बड़ी पारियां

**मुल्लांपुर (पंजाब) (एजेंसी)।** साई सुदर्शन की शानदार पारी के बावजूद गुजरात टाइटंस (जीटी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनका टूर्नामेंट अभियान समाप्त हो गया। सुदर्शन ने 49 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से शानदार 80 रन बनाए, जिससे गुजरात 229 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने में बनी रही, लेकिन अंततः वे 208/6 पर समाप्त हुए।



सुदर्शन के इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच और श्रीलंका के पूर्व दिग्गज महेला जयवर्धने का ध्यान खींचा। जयवर्धने ने इस युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज की शॉट चयन और स्वभाव की सराहना की, खासकर जब वह इंग्लैंड में आगामी 5 टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारी कर रहे हैं।

जयवर्धने ने कहा कि मुझे उनकी बल्लेबाजी देखकर वाकई मजा आया। वह एक शानदार बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, उनके पास बेहतरीन क्रिकेटिंग शॉट्स हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इंग्लैंड में यह चुनौतीपूर्ण होगा, जैसा कि हम सभी ने अतीत में अनुभव किया है, लेकिन मुझे लगता है कि वह वहां अपनी राह बना लेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि वह एक बहुत अच्छे और प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। सुदर्शन ने अपनी उम्र से परे लगातार परिपक्वता दिखाई है और अब वह टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के कई क्रिकेटरों के साझा सपने को हासिल करने की दहलीज पर हैं। उनका हालिया आईपीएल सीजन उनकी फॉर्म और क्षमता को दर्शाता है। सुदर्शन गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी लाइनअप के प्रमुख खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 15 मैचों में 54.21 की शानदार औसत से 759 रन बनाए। उनके अभियान में छह अर्धशतक और एक शानदार शतक शामिल था, जिसने उन्हें टूर्नामेंट के शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं में से एक बनाया। इस बीच, मुंबई इंडियंस क्वालिफायर 2 में पहुंच गई है और अब आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए श्रेयस अय्यर की पंजाब किंग्स के खिलाफ एक हाई-वोल्टेज मुकाबले में उतरेगी।

# करुण नायर का दोहरा शतक पूरा

### ठोकी टेस्ट सीरीज के लिए पक्की दावेदारी



**कैटेंबरी (एजेंसी)।** कैटेंबरी के मैदान पर करुण नायर ने अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शतक जड़ दिया है। अनऑफिशियल टेस्ट के पहले दिन नायर 186 रन पर नाबाद थे। दूसरे दिन की शुरूआत में उन्होंने बाकी बचे रन बनाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ करुण ने 23 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए दावेदारी मजबूत कर ली है। करुण के साथ सरफराज खान और ध्रूव ज्यूरेल भी काफी मजबूत दिख रहे हैं। दोनों शतक लगाने से चूक गए लेकिन इंडिया ए को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की पिचों पर 4 से ऊपर की रन रेट से रन बनाए जोकि बीसीसीआई के लिए अच्छा संकेत है। बता दें कि नायर का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पिछले तीन सालों से प्रदर्शन शानदार रहा है। वह 115 प्रथम श्रेणी मैचों में लगभग 50 की औसत के साथ 8,300 से अधिक रन बना चुके हैं। उनके नाम अब प्रथम श्रेणी में 24 शतक हो गए हैं।

### ऐसी रही भारतीय पारी

इंडिया ए की शुरूआत खराब रही थी। क्योंकि कप्तान अभिमन्यू 8 रन बनाकर आऊट हो गए थे। नजरें जायसवाल पर थीं लेकिन वह 17वें ओवर में महज 24 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद करुण नायर ने एक छोर संभाल लिया और स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान उनका सरफराज खान 119 गेंदों पर 92 रन बनाकर साथ दिया। फिर ध्रूव ज्यूरेल आए और 120 गेंदों पर 94 रन बनाए। मजबूत पार्टनरशिप के बीच करुण नायर ने अपना दोहरा शतक पूरा किया और भारत को 450 से ज्यादा रनों पर ला खड़ा किया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**भारत ए** – अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे, अंशुल कंबोज, हर्षित राणा, मुकेश कुमार

**इंग्लैंड लायंस** – टॉम हेन्स, बेन मैककिनी, एमिलियो गे, मैक्स होल्डन, जेम्स रेव (विकेटकीपर/कप्तान), डैन मूसली, रेहान अहमद, ज़मान अख्तर, एडी जैक, जोश हल, अजीत डेल

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

**सिंगापुर (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दमदार रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। भारतीय जोड़ी के लिए यह इस सत्र का तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले वे इस साल मलेशिया और इंडिया ओपन में भी अंतिम-चार चरण में पहुंचे थे।

सात्विक और चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी का इससे पहले मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-2 था। गोह और नूर की जोड़ी ने हालांकि दोनों जोड़ियों के पिछले मुकाबले में सात्विक और चिराग को हराया था। मैच की शुरुआत से दोनों जोड़ियां एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही थी जिससे शुरुआती गेम में स्कोर 7-7 की बराबरी पर था। सात्विक की शानदार सर्विस से ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी ने तीन अंक की बढ़त कायम कर ली।

भारतीय जोड़ी ने दबाव बनाये रखते हुए 15-11 की बढ़त कायम की। मलेशिया की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक के बेहद दमदार स्मैश का उनके पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट हासिल किये और गोह सर्विस के रिटर्न शॉट को नेट पर खेल बैठे। पहला गेम जीतने के बाद चिराग ने दूसरे गेम की शुरुआत में कुछ गलतियां की लेकिन भारतीय जोड़ी ने 6-6 के स्कोर के साथ प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार चार अंक हासिल किये 11-7 की बढ़त कायम की। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद पूरी तरह से दबदबा कायम कर लिया। सात्विक ने दमदार स्मैश से स्कोर को 16-10 कर दिया। अंत में उनके एक और शानदार रिटर्न से भारतीय जोड़ी को पांच मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने विरोधी जोड़ी की एक और गलती से जीत दर्ज की।

# जब मैच हाथ से बाहर जाए हम बुमराह को गेंद देते हैं : हार्दिक पांड्या

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस ने मुल्लांपुर के मैदान पर एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को 20 रन से हराकर क्वालिफायर 2 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मैच जीतने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि एक समय मैच बराबर पर था, विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छी हो गई थी लेकिन हमें अपने नर्व्स पर कंट्रोल रखना था। पहले खेलते हुए बेयरस्टो ने अपना समय लिया और एक बार लय प्राप्त करने के बाद जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की उन्हें देखना सुखद थे।

हार्दिक ने कहा कि हर किसी ने अपना योगदान दिया। जसप्रीत बुमराह को गेंद देने का फ़ैसला करना बेहद आसान है, जब भी लगे कि मैच हाथ से बाहर जा रहा है आप जसप्रीत बुमराह को गेंद दे सकते हैं। यह महत्वपूर्ण था कि जस्सी आकर वह ओवर डाले ताकि अंतर लंबा हो जाए (18वां ओवर)। मैं सिर्फ स्कोरबोर्ड देख रहा था इसलिए अगर हम अंत के ओवरों के लिए ज्यादा रन बचा कर रखते हैं तो बाद में गेंदबाज़ों के लिए आसान हो सकता है। अच्छी तरह से उबरना बहुत महत्वपूर्ण है। अगले गेम का इंतजार है।



वहीं, मुंबई के गेंदबाज अश्विनी कुमार ने कहा कि बातचीत सावधानी से गेंदबाजी करने के बारे में थी। विकेट सपाट था। हम एक स्पिनर को शामिल कर सकते थे। लेकिन फिर मुझे इंपेक्ट प्लेयर के रूप में पेश किया गया। मलिंगा सर और पारस (महाम्ब्रे) सर ने मुझे विचारों के साथ मदद की। मैं अपनी योजना पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। और अपनी ताकत के अनुसार गेंदबाजी कर रहा था। मैं बस आखिरी तीन गेंदें फेंकते समय वाइड या नो-बॉल नहीं फेंकना चाहता था।

### भारतीय युवा टीम को लेकर डिविलियर्स ने की बड़ी भविष्यवाणी-

# शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी

**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स  ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के 5 टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा।

भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं।



डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा कि हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा कि भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड का दौरा भारत की युवा टीम के लिए कड़ी परीक्षा होगी, लेकिन विश्वास बनाए रखने से उन्हें अनुकूल परिणाम हासिल करने में मदद मिल सकती है। डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें इंग्लैंड में जिम्मेदारी लेनी होगी। उनके लिए यहां कड़ी परीक्षा होगी लेकिन भारत के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है और अगर वे खुद पर भरोसा रखते हैं तो कुछ खास हासिल कर सकते हैं।

### हार के बाद शुभमन गिल ने कहा

# जब आप 3 कैच छोड़ते हैं तो इससे कोई मदद नहीं मिलती

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल के लिए जरूरी मुकाबला जीत नहीं पाई। मुल्लांपुर में मुंबई ने पहले खेलते हुए रोहित के 81 रनों की बदौलत 228 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात की टीम सुदर्शन के 81 रनों के बावजूद 20 रन से हार गई। मैच गंवाने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इस मैदान पर क्रिकेट का शानदार खेल था। हम इसमें सही थे। आखिरी 3-4 ओवर हमारे पक्ष में नहीं गए, लेकिन फिर भी यह एक अच्छा खेल था। निश्चित रूप से यह आसान नहीं था जब हमने शुरूआत में ही 3 आसान विकेट गंवाए। गेंदबाजों के लिए नियंत्रण करना आसान नहीं था और जब आप 3 कैच छोड़ते हैं तो इससे कोई मदद नहीं मिलती।

मैच के दौरान टिके साई और वाशिंगटन के लिए क्या संदेश था, सवाल पर शुभमन ने कहा कि यह बहुत सरल था कि बस वही खेल खेलें जो आप खेलना चाहते हैं और उन दोनों के लिए लक्ष्य एक ही था कि हम जीतें। ओस की वजह से विकेट हमारे लिए थोड़ा आसान हो गया। निश्चित रूप से हमारे लिए बहुत सारी सकारात्मक बातें रहीं। पिछले 2-3 गेम हमारे पक्ष में नहीं गए, लेकिन सभी खिलाड़ियों को श्रेय जाता है, खासकर साई को - वह इस सीजन में हमारे लिए बहुत बढ़िया रहे। इस पिच पर 210 रन हमारे लिए बराबर होते।



बता दें कि आईपीएल प्लेऑफ में 400 से अधिक रनों के कुल स्कोर वाली मुकाबलों की सूची में शीर्ष पर 2025 का एलिमिनेटर है, जहां मुल्लांपुर में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच 436 रन बने। दूसरे स्थान पर 2014 का क्वालिफायर-2 है, जिसमें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब किंग्स (क्वयर) और चेन्नई सुपर किंग्स ने 428 रन बनाए। तीसरे नंबर पर 2016 का फाइनल है, जहां बेंगलुरु में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 408 रन जोड़े। 2022 के एलिमिनेटर में कोलकाता में आरसीबी और लखनऊ सुपर जायंट्स ने 400 रन बनाए।

### ऐसा रहा मुकाबला

मुंबई ने मुल्लांपुर के मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया एलिमिनेटर मुकाबला 20 रन से जीत लिया। इस जीत में मुंबई के लिए रोहित शर्मा के 81 तो गेंदबाजों में बोल्ट के 2 विकेटों का बड़ा योगदान रहा। बहरहाल, मुल्लांपुर में मुंबई की ओर से रोहित शर्मा ने 50 गेंदों पर 81, बेयरस्टो ने 22 गेंदों पर 47, सूर्यकुमार ने 33 तो तिलक वर्मा ने 25 रन बनाकर स्कोर 228 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन 49 गेंदों पर 80 तो वाशिंगटन सुंदर 24 गेंदों पर 48 का सहयोग मिला लेकिन टीम लक्ष्य हासिल करने से चूक गई।

## संक्षिप्त समाचार



### राजसमंद में गरजे कांग्रेस नेता सीपी जोशी बोले-आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं

**जयपुर, एजेंसी।** राजसमंद में शुक्रवार को कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' में मंच पर जब सीपी जोशी पहुंचे तो न सिर्फ जनता की भीड़ गर्म थी, बल्कि उनके तेवर भी खौलते हुए नज़र आए। कभी तंज, कभी ठहाके और कभी तीखे कटाक्ष–सीपी जोशी पूरे मूड में थे। उन्होंने अपनी उम्र, ईमानदारी और कांग्रेस की उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए ऐसा भाषण दिया कि तालियों की गड़गड़ाहट में पूरा मैदान गूंज उठा।

आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं जवान हूं, चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं– जोशी ने कहा कि आजादी से पहले आदमी 35 साल की उम्र भी नहीं देख पाता था। चेचक से मर जाता था, बीमारी से मर जाता था। अगर मैं उस दौर में होता तो शायद 35 की उम्र में ही नाम ऊपर चला जाता। उन्होंने कहा कि आज वे 75 की उम्र में भी राजनीति में सक्रिय हैं, इसका श्रेय कांग्रेस की नीतियों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को जाता है। लेकिन असली मजा तब आया जब उन्होंने अपने ऊपर लगने वाले आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। जोशी ने सवालिया लहज़े में कहा–लोग कहते हैं कि मैं डांटता हूं, भगा देता हूं। तो क्या मैं झूठ बोलूं? अगर झूठ बोलता, तो 1980 में एमएलए बनकर एक ही बार में निपटा दिया जाता। लेकिन आज 75 की उम्र में भी मैं राजनीति में हूं, क्योंकि मैंने सच बोला है, काम किया है। सीपी जोशी ने अपने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा, सच बोलना कड़वा होता है। मीठी गोली से बुखार नहीं उतरता। मलेरिया में जो कड़वी कुनेन की गोली दी जाती है, वही बुखार को खत्म करती है। मैं वही कुनेन की गोली हूं। मीठा झूठ बोलकर जनता को बहलाने वाला नहीं हूं। जो काम करता है, वही टिकता है, और मैं टिक रहा हूं, क्योंकि मैंने काम किया है।

### नक्सलियों से लड़ाई का इनाम, छत्तीसगढ़ में 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले पुलिसवालों को इनाम दिया है। सरकार ने ऐसे 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन दिया है। इनमें से ज्यादातर पुलिसवाले बस्तर संभाग में तैनात हैं। डीजीपी अरुण देव गौतम ने गुरुवार को प्रमोशन का आदेश जारी किया।

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मुख्य रूप से बस्तर संभाग में तैनात निचले और मध्यम स्तर के अधिकारियों सहित 295 पुलिसकर्मियों को नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में उनकी बहादुरी के लिए प्रमोशन दी है। गुरुवार शाम को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने उनके प्रमोशन का आदेश जारी किया। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रमोशन के आदेश की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए लिखा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वीरता, साहस और समर्पण के साथ काम करने वाले छत्तीसगढ़ पुलिस के 295 पुलिसकर्मियों को उनकी बारी से पहले प्रमोशन पर बहुत-बहुत बधाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आप सभी ने नक्सलवाद के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर लड़ते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। जवानों की भुजाओं की ताकत से बस्तर का भविष्य निश्चित रूप से विकास, खुशहाली, शांति और नए उत्साह से भरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि प्रमोशन पाने वाले पुलिसकर्मियों में से केवल एक जवान दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तैनात है।

# पाकिस्तान से सटे इन राज्यों मे चलेगा ऑपरेशन शील्ड, आपको भी रहना है तैयार



**जम्मू, एजेंसी।** पाकिस्तान से तनाव के बीच सीमावर्ती 6 राज्यों में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत सुरक्षा की मॉक ड्रिल की जाएगी। इस ऑपरेशन शील्ड का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को युद्ध की स्थिति के लिए तैयार करना है। इसके हत यह बताया जाएगा कि युद्ध के समय खुद को और अपने आसपास के लोगों को कैसे बचाया जा सकता है।

### किन राज्यों में ऑपरेशन शील्ड

जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों के साथ ही पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ के सीमावर्ती जिलों में यह मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले यह मॉक ड्रिल 29 मई को होनी थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दियागया था। प्रशासन ने बताया कि अब तैयारियां पूरी हो गई हैं।

### हवाई हमलों से सुरक्षा

ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन बजेंगे और कुछ देर के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। इन्वर्टर, सोलर लाइट और मोबाइल की टॉर्च के अलावा वाहनों की लाइट जलाने पर भी पाबंदी होगी। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों से कहा गया है कि वे अपनी खिड़कियों के पर्दे भी बंद कर दें ताकि किसी तरह की रोशनी बाहर ना निकले। प्रशासन ने इसकी जानकारी लोगों तक पहले ही पहुंचा दी है ताकि लोगों में किसी तरह का पैनिक ना हो। यह मॉकड्रिल इसलिए कराई जा रही है ताकि एयरक्राफ्ट, ड्रोन या फिर मिसाइल हमले के वक्त लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके। इस ड्रिल के तहत बेहद शांत तरीके से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बुलया जाएगा। इसके बाद इवैकुएशन ड्रिलल होगी। आपस में बातचीत के तरीकों को लेकर भी मॉक ड्रिल की जाएगी।

बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तान की बौखलाहट और खीझ को देखते हुए ही यह मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। यह ड्रिल 7 मई वाली ड्रिल की तरह ही होगी।

### क्यों किया जाता है ब्लैकआउट

ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद सीमावर्ती जिलों में मॉकड्रिल की गई थी। पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए राज्यों को रिस्क ज्यादा होता है। यहां हवाई हमले और ड्रोन से हमले होने की गुंजाइश ज्यादा होती है। ऐसे में सरकार का फोकस इन इलाकों में ज्यादा होता है। ब्लैकआउट से दुश्मन के लिए रिहाइशी इलाकों की पहचान कर हमला करना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए मॉक ड्रिल के दौरान भी ब्लैकआउट किया जाता है।



### हरदोई में बारात से लौट रही कार खाई में पलटी, एक ही परिवार के 4 लोगों सहित 6 की मौत

**हरदोई , एजेंसी।** यूपी के हरदोई जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात से लौट रही एक तेज रफ्तार कार खाई में पलट गई। इसमें कार सवार 12 लोगों में चालक सहित पांच की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक की मौत लखनऊ ट्रामा सेंटर में हो गई। मृतकों में चार एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

हरदोई के नगर पंचायत पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम निवासी सेवकराम कश्यप के बेटे नीरज की बारात शुक्रवार को कस्बा से मंझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा गई थी। शादी में शामिल होने सेवकराम के भतीजे जितेंद्र कश्यप अपने छोटे भाई आकाश, बेटे सिद्धार्थ, बहनोई जौहरी निवासी किलकिली थाना पाली के साथ गए थे। वहीं मोहल्ला के अन्य लोग भी गए थे। मिली जानकारी के अनुसार देर रात एक बजे के बाद द्वारचार और जयमाल का कार्यक्रम होने के बाद कुसुमा से घर आने के लिए जितेंद्र अपने बेटे सिद्धार्थ, भाई आकाश, बहनोई जौहरी समेत अन्य लोगों के साथ घर लौटने लगा। सभी लोग कार में सवार हो गए।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 84 नए मामले, ज्यादातर हल्के लक्षण

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 84 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही, साल की शुरुआत से अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या बढ़ कर 681 हो गई। राज्य के सार्वजनिक आरोग्य विभाग ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं और लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।



विभाग ने बताया कि नये मामलों में से मुंबई में 32, ठाणे जिले में दो, ठाणे नगर निगम क्षेत्र में 14, नवी मुंबई में एक, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में एक, रायगढ़ जिले में दो, पनवेल में एक, नासिक शहर में एक, पुणे जिले में एक, पुणे नगर निगम में 19, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम में तीन, सतारा में दो, कोल्हापुर जिले में एक, कोल्हापुर नगर निगम में एक और सांगली नगर निगम क्षेत्र में तीन मामले शामिल हैं। राज्य में कोविड-19 के 467 उपचाराधीन मरीज हैं, जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक सामने आए मामलों की संख्या 411 है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी मामले हल्के लक्षणों वाले हैं। जनवरी से अब तक 10,324 नमूनों की जांच की गयी जिनमें से 681 पॉजिटिव पाये गए। एक जनवरी से अब तक राज्य में कोविड-19 के सात मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच और उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।

## मिजोरम में भारी बारिश से भीषण तबाही, भरभराकर ढहे मकान; कई लोगों के मारे जाने की आशंका



**ऐज़ौल, एजेंसी।** पूर्वोत्तर के राज्यों में मॉनसून पहुंचने से पहले ही भारी बारिश हो रही है। मिजोरम और असम का भारी बारिश से बुरा हाल है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में पांच मकान और एक होटल के ढह जाने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे लॉन्गतलाई के बाजार वेंग और चांदमारी इलाकों के सीमावर्ती इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से मकान और होटल ढह गए। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरे म्यांमा के कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक समाज संगठन 'यंग लाई एसोसिएशन' (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ-साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पूर्वोत्तर राज्य में शुक्रवार से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने की घटनाएं हुई हैं।

**असम में भारी बारिश से स्कूल-कॉलेज बंद:** असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में बीते 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते असम की सरकार ने स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा सरकारी कर्मचारियों के लिए भी आकस्मिक छुट्टी की घोषणा की है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी परामर्श में कहा गया कि तेज बारिश ने राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से के जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है। बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बने गहरे दबाव के कारण इन जिलों में 20-30 सेंटीमीटर से अधिक भारी बारिश हुई।

## सूडान के तीन शहरों पर अर्धसैनिक बलों के हमलों में 26 नागरिकों की मौत



**खार्तूम , एजेंसी।** सूडान सरकार ने घोषणा की है कि सूडान के पश्चिमी कोर्डोफान क्षेत्र के तीन शहरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 26 नागरिक मारे गए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हाल के कुछ घंटों में, आरएसएफ मिलिशिया ने जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है और निर्दोष लोगों की जान ली है।

मंत्रालय ने कहा, शुक्रवार को मिलिशिया ने अल-ओबेद शहर में अल-दमन अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें उपचार करा रहे 16 मरीजों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने आगे कहा, बुधवार को मिलिशिया ने अल-खिवाई शहर में एक सार्वजनिक बाजार पर भी ड्रोन से हमला किया, जिसमें आठ नागरिक मारे गए। बयान में कहा गया कि आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान के अल-दीबाईबात कस्बे में एक आवासीय क्षेत्र को भी निशाना बनाया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने आरएसएफ के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों का एकमात्र उद्देश्य अधिकतम नागरिकों को क्षति पहुंचाना था। इन हमलों में नागरिकों, मानवीय संगठनों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवश्यक सेवाओं को टारगेट किया गया। बयान में आगे आरएसएफ पर गुरुवार को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल-फशर में विश्व खाद्य कार्यक्रम के गोदामों पर बमबारी करने और उनमें आग लगाने का आरोप लगाया, जिससे बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति नष्ट हो गई। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष कोर्डोफान क्षेत्र में तेज हो गया है, जिसमें उत्तर, पश्चिम और दक्षिण कोर्डोफान राज्य शामिल हैं। गुरुवार को आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान में अल-दीबात और पश्चिम कोर्डोफन में अल-खिवाई कस्बों पर नियंत्रण का दावा किया। सूडानी सेना ने अभी तक इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अप्रैल 2023 से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष में उलझा हुआ है।

## अपने पूर्व के बयान से पलटा सीडीसी, बच्चों-गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की अनिवार्यता खत्म की



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह फिर से जारी की है। हालांकि बीते हफ्ते जो सलाह जारी की गई थी, उसके मुताबिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं को अनिवार्य रूप से कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह दी गई थी, लेकिन अब जो एडवाइजरी जारी हुई है, उसके मुताबिक अनिवार्यता की शर्त हटा ली गई है और लोगों के विवेक पर वैक्सीन लेने का फैसला छोड़ा गया है।

**सीडीसी की सलाह में किया गया बदलाव:** यह बदलाव अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर के हालिया एलान के बाद हुआ है, जिसमें केनेडी ने कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह महिलाओं और 18 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाती है। केनेडी के एलान के बाद सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की वेबसाइट पर भी सख्त भाषा को थोड़ा लचीला किया गया है और वैक्सीन लेनी है की बजाय वैक्सीन ले सकते हैं किया गया है। गर्भवती महिलाओं को कोरोना से खतरा ज्यादा है। बच्चों के लिए भी कोरोना संक्रमण को खतरनाक माना जाता है क्योंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। हालांकि पिछली महामारी के दौरान बच्चों में कोरोना के मामले औसतन कम देखे गए थे।

**डॉक्टर्स की सलाह लेने को कहा गया:** सीडीसी की सलाह में कहा गया है कि माता-पिता डॉक्टरों की सलाह के बाद बच्चों को कोरोना वैक्सीन दिला सकते हैं। गर्भवती महिलाओं को भी वैक्सीन देने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेने की अपील की गई है। सीडीसी की सलाह अमेरिकन एकेडमी ऑफ फैमिली फिजिशियन्स और अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की सलाह के विपरीत है, जिन्होंने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन देने की सलाह दी है और उनका कहना है कि यह पूरी तरह से सुरक्षित है।


# पूर्व जापानी पीएम की पत्नी से मिल कैमरे पर इमोशनल हुए राष्ट्रपति पुतिन

### मॉस्को घूमने के लिए ऑफर की अपनी कार

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे के साथ मुलाकात के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक अलग ही चेहरा सामने आया है जिसमें वो बेहद भावुक नजर आ रहे हैं. राष्ट्रपति पुतिन के अच्छे दोस्त शिंजो आबे की जुलाई 2022 में चुनावी भाषण के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पति की हत्या के बाद अकी आबे पहली बार रूस अकेले पहुंची जहां अपने पति को याद कर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सामने उनके आंसू नहीं रुक रहे थे.

पुतिन और अकी आबे की मुलाकात का एक वीडियो सामने आया है जिसमें रूसी राष्ट्रपति गुलाबी फूलों का बुके देकर उनका स्वागत कर रहे हैं. आबे से मुलाकात के दौरान पुतिन कह रहे हैं, मिस आबे, आपको यहां देखकर खुशी हुई. मुझे याद है, आपके पति जब भी रूस के आधिकारिक दौरे पर आते थे, आप उनके साथ होती थीं. 2019 में हुई हमारी मुलाकात मुझे याद है. शिंजो आबे को याद करते हुए पुतिन ने आगे कहा, रूस और जापान के रिश्तों को आगे ले जाने में आपके पति ने बहुत योगदान दिया. और मेरे उनके साथ बेहद अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते थे. उनके बुलावे पर जापान यात्रा की मेरी यादें भी हैं. मैंने देखा कि वो रूस-जापान सहयोग को पूरी तरह बहाल करने के लिए तत्पर थे और उन्होंने इसके लिए बहुत कुछ किया भी. उनके कुछ हद तक अपने परिवार के रिवाज को आगे बढ़ाया क्योंकि उनके पिता भी जब 1980 के दशक में विदेश मंत्री थे तब रूस-जापान रिश्तों से वो यही चाहते थे. पुतिन ने रुंधे गले से आगे कहा कि एक आतंकवादी कृत्य ने उनके जीवन को छोटा कर दिया लेकिन उनकी याद, उनके काम रूस में संरक्षित हैं और मैं आपको यहां देखकर खुश हूं.

**क्या दुनिया फिर से विश्व युद्ध की तरफ बढ़ रही? :** जब राष्ट्रपति पुतिन बोल रहे थे तब अकी आबे अपने पति की याद में लगातार रोती दिखीं. शिंजो आबे जापान के सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे. 8 जुलाई 2022 को वो जापान के नारा शहर में चुनावी भाषण दे रहे थे. तभी एक शख्स ने उन्हें गोली मार दी. आबे को दो गोलियां लगीं और अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था.



**आबे की पत्नी को पुतिन ने ऑफर की अपनी कार:** रूस के सरकारी ब्रॉडकास्टर आरटी ने एक और वीडियो जारी किया है जिसमें अकी आबे एक कार में सवार होकर मॉस्को को बोल्शोई थियेटर में जा रही हैं. रूसी मीडिया ने बताया कि आबे जिस कार में सवार होकर थियेटर जा रही हैं वो राष्ट्रपति पुतिन की है. पुतिन ने उन्हें मॉस्को में यात्रा के लिए अपनी कार दी जिसमें बैठकर आबे मॉक्सो को आइकॉनिक थियेटर में जाती दिखीं. रूसी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक, शिंजो आबे पुतिन के अच्छे दोस्त हुआ करते थे. दोनों नेता एक-दूसरे से 27 बार मिले और दोनों पुराने दोस्तों की तरह बात किया करते थे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129